चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 132, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा 16

सलमान के कहने पर साइन की फिल्म न्यूयॉर्क 15

मुख्तार की मौत की होगी न्यायिक जांच

बेटे उमर ने लगाया जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को जांच, 1 माह में देंगे रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांदा

अमृत विचारः मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसके बेटे उमर द्वारा जेल प्रशासन पर लगाए जा रहे हत्या के आरोप पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने न्यायिक व मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए है। गुरुवार रात मुख्तार का शव लेने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचे उमर ने पिता की मौत को संदिग्ध करार दिया था। उसने कहा कि पिता ने मौत से कुछ दिन पूर्व ही जेल प्रशासन पर स्लो प्वाइजन देने का आरोप लगाया था। वहीं मुख्तार की मौत के बाद शासन स्तर के अफसर जिले के अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते रहे।

मुख्तार की मौत पर आरोप-प्रत्यारोप के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेज राज शर्मा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवानदास गुप्ता को पत्र लिख जांच की मांग की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) गरिमा सिंह को जांच सौंपी, एक माह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सीजेएम गुप्ता ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संबंधित प्रलेख जांच अधिकारी को देने के निर्देश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट दुर्गाशक्ति नागपाल ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक के पत्र का हवाला देते हुए मजिस्ट्रेटीरियल जांच के आदेश जारी करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) राजेश कुमार से 15 दिन में जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए।

गुरुवार देर शाम मुख्तार की जेल बैरक में हालत बिगड़ गई थी। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रात दो बजे मुख्तार का छोटा बेटा उमर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। पिता की मौत पर उमर ने सवाल उठाते हुए कहा कि पिता ने पहले ही जेल प्रशासन और प्रदेश सरकार पर अपनी हत्या का अंदेशा जताया था, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। वहीं गुरुवार रात मुख्तार की मौत के बाद अगले दिन जुमे की नमाज के मद्देनजर प्रदेशभर की मस्जिदों में अतिरिक्त पुलिस तैनात रही और नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। शहर के प्रमुख चौराहों पर भी पुलिस रही।

पोस्टमार्टम के बाद मुख्तार के शव को लेकर बांदा के अस्पताल से गाजीपुर रवाना हुई एम्बुलेंस। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार देर रात आवास पर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें डीजीपी प्रशांत कुमार और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। यहां हालात की ब्रीफिंग के साथ मुख्तार की मौत के बाद सुरक्षा पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।

बेटे उमर और मुख्तार में हुई अंतिम बात

जेल में मुख्तार के हालात कितने खराब थे इसका पता तब चला जब मुख्तार और उमर में हुई बातचीत का आडियो वायरल हुआ। बेटे से फोन पर उसने कहा कि बेटा, रूह यहीं रह जाती है। आडियो 28 मार्च का बताया जा रहा है। इसकी पुष्टि 'अमृत विचार' नहीं करता। मौत से साढ़े पांच घंटे पहले हुई बातचीत में मुख्तार ने उमर को जेल में मिलने से मना किया था। मुख्तार ने कहा था कि अब शरीर जवाब दे चुका है। उठना-बैठना मुश्किल है। 10 दिनों से वाशरूम नहीं गया। उमर अब मैं बचूंगा नहीं। उमर ने कहा कि पापा ये जहर का असर दिख रहा है। पापा आपकी आवाज सुनकर अच्छा लगता है। पापा आप जल्दी सेहतमंद होंगे। आप परेशान न हों।

पांच डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, शव गाजीपुर पहुंचा

बांदा। प्रशासन ने शुक्रवार को पांच डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्तार का शव देर रात उनके पैतृक गांव गाजीपुर के युसुफपुर पहुंच गया। शव के साथ प्रशासन का काफिला रहा। गाजीपुर में शनिवार की उनके पिता सुभानुल्लाह अंसारी के कब्र के पीछे उनको दफनाया जाएगा। उनके आवास और कब्रिस्तान में पुलिस तैनात है। इससे पूर्व लगभग छह घंटे तक चले पोस्टमार्टम के बाद जब अंसारी के बेटे को रिपोर्ट सौंपी गई तो उसने रिपोर्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। कहा कि उसे स्थानीय और जेल प्रशासन पर भरोसा नहीं है। ऐसे में पोस्टमार्टम एम्स में कराया जाना चाहिए। वाहन के साथ मुख्तार का बेटा उमर और कुछ अन्य परिजन रहे।

अब्बास को राहत नहीं, पत्नी भी फरार

मुख्तार के जनाजे में शामिल होने के लिए अंसारी परिवार ने कासगंज जेल में बंद विधायक के बेटे अब्बास अंसारी की जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष होनी थी, लेकिन उक्त न्यायमूर्ति की कोर्ट न बैठने से न्यायमूर्ति समित गोपाल की पीठ को ट्रांसफर हुआ, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सुनवाई नहीं हो सकी। फिलहाल उनके तरफ से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाने की बात आ रही है। मुख्तार को सुपुर्द खाक किए जाने के समय उनकी पत्नी अफसा बेगम आएगी या नहीं इस पर संशय है। मुख्तार की पत्नी लंबे अरसे से फरार है। उन पर 50 हजार का इनाम है। मुख्तार के शव को उनके पिता सुभानुल्लाह अंसारी के कब्र के पीछे दफनाया जायेगा। उनके आवास और कब्रिस्तान में पुलिस तैनात है।

राजूपाल हत्याकांड में 7 को आजीवन कारावास

लखनऊ, विधि संवाददाता

- आरोपियों में अतीक अहमद व अशरफ भी थे शामिल

अमृत विचारः प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) के बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष जज कविता मिश्रा ने आरोपी आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुलहसन व फरहान को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने फरहान पर 2.15 लाख जबकि अन्य पर अलग-अलग 1.90 लाख का जुर्माना लगाया है। एक आरोपी इसरार अहमद फरार है और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है जबकि दो आरोपी अतीक अहमद व अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या हो चुकी है। 25 जनवरी, 2005 को इलाहाबाद पश्चिमी से बसपा विधायक राजू पाल की हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में देवी पाल व संदीप यादव की भी मौत हुई थी जबकि दो घायल हुए थे। इस कांड से ठीक 16 दिन पहले विधायक राजू पाल की पूजा पाल से शादी हुई थी। पूजा ने अतीक व अशरफ तथा अन्य को नामजद करते हुए थाना धुमनगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी।

पूजा के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी, 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी जबकि पहले इस विवेचना पुलिस व बाद में सीबीसीआईडी कर रही थी। सीबीआई ने अभियुक्तों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, हत्या की साजिश तथा आर्म्स एक्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

चुनावी रंजिश में हत्या

सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि इस हत्याकांड को चुनावी रंजिश में अंजाम दिया गया था। अतीक अहमद इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा से समाजवादी पार्टी का विधायक हुआ करता था। वर्ष 2004 में वह बतौर सपा प्रत्याशी फूलपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हो गया। उसके सांसद होने से इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा की सीट रिक्त हो गई। इस विधान सभा की सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा से राजू पाल ने अतीक अहमद के भाई अशरफ को हराकर जीत हासिल की। इसी रंजिश में राजू पाल व दो अन्य की भीषण गोलीबारी में हत्या कर दी गई।

रमज़ान मुबारक
उन्नीसवां रोज़ा इफ्तार - 30 मार्च 2024
सुन्नी - 06:32 बजे | शिया- 06:40 बजे
बीसवां रोज़ा सहरी - 31 मार्च 2024
सुन्नी - 04:41 बजे | शिया- 04:33 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

सत्येंद्र जैन की होगी सीबीआई जांच

जबरन वसूली मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठग सुकेश को जेल में संरक्षण देने की एवज में 10 करोड़ वसूलने का आरोप

गृह मंत्रालय ने भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत एक मामले में दिल्ली के पूर्व कारागार मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दी है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जैन धन शोधन के मामले में जेल में हैं। उन पर ठग सुकेश चंद्रशेखर को जेल में संरक्षण मुहैया करने के एवज में उससे 10 करोड़ रुपये की जबरन वसूली करने का आरोप है।

जैन के अलावा, तिहाड़ जेल के पूर्व महानिदेशक संदीप गोयल और कुछ अन्य कर्मचारियों पर दिल्ली की जेलों में बंद हाई-प्रोफाइल कैदियों से जबरन वसूली का आरोप है। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आरोप लगाया, 'भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति अब इस स्तर पर पहुंच गई कि कुख्यात ठग की बात पर विश्वास किया जा रहा और उसके दावों को उस व्यक्ति के खिलाफ सत्य के रूप में स्वीकारा जा रहा है, जिसने मोहल्ला क्लिनिक' की अवधारणा दी। जैन मई 2022 में ईडी द्वारा गिरफ्तारी से पहले, केजरीवाल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे थे।

आप की रैली में 'इंडिया' गठबंधन होगा शामिल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव समेत 'इंडिया' गठबंधन के नेता रामलीला मैदान में रविवार को होने वाली आप की महारैली में शामिल होंगे। आप नेता गोपाल राय ने बताया कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रविवार को रामलीला मैदान में रैली के लिए प्रशासन की अनुमति मिल गई है।

कांग्रेस को 1,823 करोड़ का नया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान का नया नोटिस जारी किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले ''कर आतंकवाद'' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है।

पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपये से आधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए। माकन ने कहा कि कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नया नोटिस मिला। पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है। माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है।

- जयराम रमेश ने कहा- लोक सभा चुनाव से पहले 'कर आतंकवाद' के जरिए विपक्ष पर किया जा रहा हमला

भाजपा पर आयकर विभाग ने आंखें बंद कीं

कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग ने भाजपा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ का जुर्माना बनता है। माकन ने कहा, उनके मुताबिक 1823 करोड़ में से 53.9 करोड़ की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर है जब सीताराम केसरी अध्यक्ष थे। माकन के दिए आंकड़ों के अनुसार विभाग ने 2016-17 के लिए 181.99 करोड़, 2017-18 के लिए 178.73 करोड़, 2018-19 के लिए 918.45 करोड़ तथा 2019-20 के लिए 490.01 करोड़ रुपये के नोटिस दिए हैं।

कोषागार 30 व 31 को खुलेंगे, जमा होंगे बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अपर मुख्य सचिव वित्त ने जारी किए आदेश

अमृत विचार : विभिन्न विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के संबन्धित बिल 30 और 31 मार्च को भी ट्रेजरी में जमा हो सकेंगे। इसके लिए 30 मार्च शनिवार को सामान्य दिनों की भांति कार्य होगा, वहीं 31 मार्च रविवार को शाम पांच बजे तक बिल स्वीकार किये जायेंगे। इसके लिए अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने निर्देश जारी किये हैं।

वित्त विभाग के अनुभाग-एक द्वारा जारी निर्देश शासन स्तर पर सभी एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव के साथ ही मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेज दिये गये हैं। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समस्त विभागों को 25 मार्च तक बिल जमा करने के निर्देश थे, मगर 25 को होली, 26 को कई जिलों में अवकाश की वजह से समय पर बिल नहीं जमा हो सके, इसके बाद 29 मार्च को गुड फ्राइडे के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से बिल जमा करने की अवधि बढ़ाई गई है, इसके लिए अवकाश के दिनों में कोषागारों को खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

रामलला के जन्मोत्सव का होगा लाइव प्रसारण

अयोध्या। रामनवमी पर रामलला के जन्मोत्सव को घर बैठे भी देख सकते हैं। जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर दिखाया जाएगा। इस तैयारी को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंथन कर रहा है। राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद से राम जन्मभूमि परिसर में मनाए जाने वाला रामनवमी उत्सव का दो वर्षों तक लाइव प्रसारण की व्यवस्था बनाई गई है। इस वर्ष मंदिर में जन्मोत्सव का आयोजन भव्य मंदिर में किया जाएगा। ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन ठीक 12 बजे रामलला के प्राकट्य पर विशेष आरती भी होगी।

पूर्व आईएएस समेत 5 पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता

अमृत विचारः नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई है। डेरा सेवक ने श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंश सिंह चुघ, बाबा अनूप सिंह और तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह को नामजद कराते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, कड़ी सुरक्षा के बीच बाबा का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार दो शूटर्स ने हत्या कर दी थी। दोनों बाइक से बाबा के पास पहुंचे और पीछे बैठे शूटर ने दो गोलियां मार दी। आवाज सुनकर कार सेवक आया तो शूटर ने उन पर भी फायर किया। वह बच गए और गोली हॉल की दीवार में जाकर धंस गई। बाबा की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान हो गई है। कारसेवक जसवीर के दर्ज कराए मुकदमे के मुताबिक ने बाबा की हत्या को ग्राम मियामिंड जिला तरनतारन, पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा के ग्राम सिहोरा बिलासपुर (रामपुर) ने अंजाम दिया।

डेरा कार सेवा प्रमुख हत्याकांड

- श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंस चुघ, बाबा अनूप सिंह, तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह नामजद

आधार कार्ड से हुई हत्यारों की पहचान

रुद्रपुर। हत्यारों की पहचान गुरुद्वारे में पनाह के लिए दिए आधार कार्ड से हुई। 19 मार्च से गुरुद्वारा स्थित भाई मरदाना यात्री निवास नानकमत्ता के कमरा नंबर 23 में बाइक सवार हत्यारे रुके थे। एक ने यात्री निवास रजिस्टर में आधार संख्या दर्ज कराया था, जिसमें उसका नाम सर्वजीत सिंह निवासी मिया विंड तरनतारन, पंजाब व मोबाइल नंबर है। दूसरा अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा सिहोरा बिलासपुर था। 26 मार्च को दोनों को डेरे में देखा गया था और 28 मार्च को हत्याकांड की वीडियो में दिखे।

आयोग की एग्जिट पोल दिखाने पर रोक

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर 19 अप्रैल की सुबह सात बजे से एक जून की शाम साढ़े छह बजे के बीच एग्जिट पोल आयोजित करने, इसके प्रकाशन या प्रचार पर प्रतिबंध लगाया है। इसी अवधि में लोकसभा के अलावा चार राज्यों के विधानसभा चुनाव अलग-अलग चरण में होंगे। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, मतदान के समापन के लिए तय समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जनमत सर्वेक्षण या किसी अन्य चुनावी सर्वेक्षण के परिणामों सहित ऐसी चुनावी सामग्री को प्रदर्शित करना प्रतिबंधित होगा।

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पुलिसकर्मी की हत्या के मामले में देवेंद्र फौजी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचारः गंगा की कटरी में आतंक का पर्याय रहे कलुआ यादव का दाहिना हाथ कहे जाने वाले देवेंद्र फौजी को कोर्ट ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 7 लाख 5 हजार का अर्थ दंड वसूलने का आदेश दिया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम कारव की कटरी में 11 सितंबर 2005 को कलुआ गैंग की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी व एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। 3 पुलिसकर्मी व ग्रामीण घायल हुए थे। मामले में कोर्ट एंटी डकैती न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने आरोपी देवेन्द्र उर्फ फौजी को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 7 लाख, 5 हजार रुपये अर्थदंड भी वसूलने के आदेश दिए हैं। देवेंद्र उर्फ फौजी इस समय बरेली जेल में है। उस पर पुलिस मुठभेड़ के कई मुकदमे हैं। उसके द्वारा की गई हत्या की घटनाओं पर गौर करें तो उस पर कम्पिल थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में कपिल थाना अध्यक्ष राजेश सिंह की हत्या कर दी थी तथा दो अन्य दरोगा भी मारे गए थे। शाहजहांपुर क्षेत्र में देवेंद्र फौजी ने उसैत थाना अध्यक्ष राजेश पाठक की मुठभेड़ के दौरान हत्या कर दी थी। कई पुलिसकर्मियों की हत्या के मुकदमे विभिन्न थानों में देवेंद्र और कलुआ के ऊपर दर्ज हैं। देवेंद्र के ऊपर बरेली में भी कई हत्या के मुकदमे हैं। कलुआ गैंग का देवेंद्र फौजी सर्वेसर्वा था, जिस समय कम्पिल थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई थी, उस समय कलुआ का भाई चौधरियां मारा गया था। देवेंद्र भी उस मुठभेड़ में शामिल था। अभी फिलहाल देवेंद्र को कम्पिल थाने के कारब की कटरी में हुई मुठभेड़ में सजा मिली है। अभी कई मामलों में सुनवाई चल रही है।



- कटरी में कलुआ यादव का दाहिना हाथ रहा है फौजी

भाकपा को आयकर नोटिस

नई दिल्ली। भाकपा को कुछ वर्षों के दौरान रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड के प्रयोग के लिए 11 करोड़ के बकाए के भुगतान को लेकर आयकर विभाग से नोटिस मिला है। वामदल आयकर अधिकारियों के नोटिस को चुनौती देने के लिए अपने वकीलों से परामर्श कर रहा है।

लोस के 44% सदस्यों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों में 225 (44 प्रतशित) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा चुनावी हलफनामों में की है। एडीआर के अनुसार, उसने इन निवर्तमान सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण में पाया कि इनमें से पांच प्रतिशत अरबपति हैं, जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवर्तमान सांसदों में नौ के खिलाफ हत्या के मामले हैं। इसके अनुसार, इन सांसदों में पांच भारतीय जनता पार्टी से हैं। वहीं 28 निवर्तमान सांसदों ने चुनावी हलफनामों में अपने खिलाफ हत्या के प्रयास से जुड़े मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इनमें से 21 सांसद भाजपा से हैं। 16 निवर्तमान सांसद महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिनमें तीन पर बलात्कार के आरोप हैं। एडीआर की रिपोर्ट में इन सांसदों की वित्तीय स्थिति का भी विश्लेषण किया गया है। बड़े राजनीतिक दलों में, भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी इस तरह के सांसदों की अच्छी-खासी संख्या है। राज्यवार आपराधिक मामलों में, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं।

रिपोर्ट से खुलासा

- एडीआर के अनुसार 514 में 225 ने चुनावी हलफनामों में की है घोषणा
- 29 प्रतिशत पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण व महिलाओं के प्रति अपराध शामिल
- भाजपा, कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं अन्य दलों में भी काफी संख्या
- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल के 50% से अधिक

संपत्ति में तीन शीर्ष पर

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक संपत्ति की घोषणा करने वाले शीर्ष तीन सांसदों में नकुल नाथ (कांग्रेस), डी के सुरेश (कांग्रेस), और के. रघु राम कृष्ण राजू (निर्दल) हैं जिनके पास अरबों रुपये की संपत्ति है।

सियासी हलचल

कांग्रेस से टिकट मांग रहे छोटेलाल बसपा में हुए शामिल

बरेली अमृत विचार : पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार ने शुक्रवार को बसपा में शामिल हो गए। वह कांग्रेस के टिकट पर बरेली से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे लेकिन गठबंधन की वजह से सीट सपा के खाते में चली गई। माना जा रहा है कि अब वह बसपा के टिकट पर दावा करेंगे। पूर्व विधायक ने बताया कि बसपा प्रमुख मायावती से मुलाकात के बाद यह फैसला लिया। उन्होंने उनसे पार्टी को मजबूत करने को कहा है। शुक्रवार को बसपा के मंडल कार्यालय पर मुख्य मंडल प्रभारी ब्रह्मस्वरूप सागर और जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की मौजूदगी में उन्होंने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सोशल मीडिया पर निगरानी शुरू

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही है। चुनाव के दौरान यदि किसी भी ग्रुप पर भ्रामक, भड़काऊ या आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ी पोस्ट डाली जाएगी तो एडमिन पर भी कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने सभी को सलाह दी कि वह या तो ग्रुप के सदस्यों को नियमों की जानकारी दें, अन्यथा अपने ग्रुप को ओनली एडमिन पर कर लें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है और नियम उल्लंघन से संबंधित पोस्ट पर एडमिन पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होगा। सोशल मीडिया पर सक्रिय सभी ग्रुपों पर पुलिस कंट्रोल रूम से भी नजर रखी जा रही है। सभी ग्रुप एडमिन का नाम, पता और मोबाइल नंबर सुरक्षित कर लिए गए हैं। पुलिस की एक टीम चौबीस घंटे नजर रख रही है।

2024 में कौन दिखाएगा मुसलमानों को दिशा

आजम खां जेल में हैं और तौकीर भी जेल के मुहाने पर, दरगाह आला हजरत में भी कोई हलचल नहीं

मोनिस खान, बरेली

अमृत विचार : बरेली मंडल में लोकसभा की पांच सीटों पर मुसलमानों का औसत वोट करीब 30 फीसदी है। इस लोकसभा चुनाव में पहली बार ऐसा है, जब इन वोटरों को दिशा दिखाने के लिए कोई प्रमुख नेता खुले तौर पर उनके बीच नहीं है। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां लंबे समय से जेल में हैं तो आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा खां भी चुनाव से ऐन पहले अदालत के शिकंजे में फंस चुके हैं। उम्मीद भी नहीं है कि उन्हें जल्द कुछ ऐसी राहत मिल पाएगी कि वह चुनाव में सक्रिय हो सकें। दरगाह आला हजरत से मुसलमानों को आस है लेकिन वहां भी फिलहाल सन्नाटा छाया हुआ है।

लोकसभा चुनाव- 2024 में मुस्लिम वोटों पर सपा-कांग्रेस गठबंधन का पहला दावा है और दूसरा बसपा का। भाजपा की मंशा मुस्लिम वोटों में बिखराव की हो सकती है और यह भी कि कुछ मुस्लिम वोट उसे भी मिल जाए। मुसलमानों के लिए यह गहरी उलझन में डालने वाली बात है और उनमें इसका असर भी दिखाई दे रहा है। पिछले चुनावों का इतिहास बताता है कि बरेली मंडल में ज्यादातर मुस्लिम वोटरों को हमेशा एक इशारे की जरूरत पड़ती रही है। आजम खां इस मामले में उनके लिए सबसे ज्यादा विश्वस्त साबित होते रहे हैं, कुछ हद तक तौकीर रजा खां के रुख से भी मुसलमान वोटर प्रभावित रहते रहे हैं लेकिन इस बार दोनों नेता मुसलमानों के बीच नहीं हैं।

लोकसभा चुनाव- 2019 के चुनाव में सपा और बसपा गठबंधन में थीं लिहाजा विकल्प चुनने में मुसलमानों को कोई खास दिक्कत नहीं हुई थी। यह अलग बात है कि धार्मिक आधार पर इतना ज्यादा ध्रुवीकरण हुआ कि इसका कोई नतीजा पक्ष में नहीं निकला। बदायूं संसदीय क्षेत्र जहां सर्वाधिक 44 फीसदी मुसलमान वोट हैं, वहां भी गुटबाजी और बिखराव की वजह से सपा छोटे अंतर से हार गई थी। बरेली मुसलमानों वोटरों की संख्या 35 फीसदी के करीब है, लेकिन यहां भी 2.40 लाख के बड़े अंतर से सपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था। आंवला में 27, पीलीभीत में 24 प्रतिशत और शाहजहांपुर में 20 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं।

24 18वीं लोकसभा का चक्रव्यूह

तौकीर अस्पताल में और आईएमसी में सन्नाटा

बरेली में 2010 में हुए दंगे के केस में उलझने से पहले मौलाना तौकीर रजा खां तीसरा मोर्चा गठित करने की तैयारी में थे, लेकिन अब उनके खेमे में सन्नाटा छाया हुआ है। तीखे बयानों के लिए जाने जाने वाले मौलाना के बारे में कहीं तीर चलाने और कहीं निशाना लगाने जैसी बातें कही जाती रही हैं लेकिन इस बार चुनाव से बड़ी चुनौती उनके सामने खुद को कानून के शिकंजे से बचाने की है। कई दिनों से वह अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी पार्टी में सन्नाटा छाया हुआ है। मौलाना तौकीर की गैरमौजूदगी में आईएमसी के पदाधिकारी कोई भी निर्णय करने की स्थिति में नहीं हैं। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी कहते हैं कि मौलाना के अस्पताल से आने के बाद ही चुनाव की ओर रुख किया जा सकेगा।

ओवैसी की पार्टी ने भी यूपी के चुनाव से बनाई दूरी

असदउद्दीन औवैसी की पार्टी एआईएमआईएम पिछले कुछ चुनावों में बरेली में सक्रिय रही थी लेकिन इस चुनाव से उसने अब तक दूरी बना रखी है। हालांकि चुनाव से पहले एआईएमआईएम ने दावा किया था कि यूपी में वह 20 से ज्यादा प्रत्याशी उतारेगी, लेकिन अब चुनाव नजदीक आने के साथ साफ हो रहा है कि यूपी में उसकी दिलचस्पी नहीं है। पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मुस्लिम प्रभाव वाले सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत से उसने कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। बरेली और आंवला में तीसरे चरण में मतदान है, 12 अप्रैल से नामांकन शुरू हो जाएंगे लेकिन यूपी के विधानसभा चुनाव में ताल ठोकने वाली ओवैसी की पार्टी की कोई तैयारी नहीं है। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल खान के मुताबिक आला कमान से चुनाव लड़ने के बारे में कोई निर्देश नहीं आए हैं, न किसी प्रत्याशी का नाम भेजा गया है। अगर निर्देश मिलेगा तो चुनाव में जुट जाएंगे।

2019 में सपा-बसपा का नहीं था एक भी मुस्लिम प्रत्याशी

पहले निकाय चुनाव और अब लोकसभा चुनाव में जरूर बसपा का मुस्लिम प्रत्याशियों को उतारने पर जोर दिख रहा है लेकिन 2019 के चुनाव में ऐसा नहीं था। धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण का चक्रव्यूह बनाकर भाजपा 2019 के चुनाव में जिस आक्रामक अंदाज में उतरी थी, उसका सामना करने के लिए सपा के साथ बसपा भी मुस्लिम प्रत्याशी को मुकाबले में उतारने की हिम्मत नहीं जुटा पाई थी। मंडल की पांचों में से एक भी सीट पर इस गठबंधन ने कोई मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा था। इस बार बसपा ने मंडल में अब तक तीन उम्मीदवार घोषित किए हैं जिनमें से दो मुस्लिम हैं। बसपा की यह रणनीति सपा के लिए इस चुनाव में चिंता का विषय बनती दिख रही है।

निकाय चुनाव में भी उतरी थी कि एआईएमआईएम

एआईएमआईएम ने 2022 के विधानसभा चुनाव में पहली बार अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन किसी भी सीट पर उसके प्रत्याशी मुख्य लड़ाई तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद निकाय चुनाव में भी पार्टी उतरी लेकिन एक नगर पंचायत का चेयरमैन जिताने से ज्यादा कोई कमाल नहीं दिखा सकी। माना जा रहा है कि दोनों चुनाव पार्टी के लिए लिटमस टेस्ट के तौर पर थे। मुसलमानों को प्रभावित न कर पाने की वजह से उसने लोकसभा चुनाव से कदम पीछे खींच लिए।

जनता का मंच

क्या नेताओं की कथनी-करनी में फर्क महसूस होता है?

बरेली, अमृत विचार : छोटा चुनाव हो या बड़ा, नेताओं की कथनी और करनी का फर्क जनता को हर बार महसूस होता है। लोगों का मानना है कि चुनाव लड़ने वाला नेता हर वो वादा करने को तैयार रहता है जिससे उसे वोट मिल सकें लेकिन इस बात की उसे कोई परवाह नहीं होती कि वह अपना वादा पूरा भी करेगा या नहीं। लोगों को इससे भी ज्यादा अफसोस इस बात का है कि चुनाव में जीतने के बाद नेता उनकी सुनना तो दूर, उन्हें पहचानते तक नहीं हैं। उनका व्यवहार भी वीवीआईपी की तरह हो जाता है।

चुनाव में नेता बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन आम लोगों को उसका कोई लाभ नहीं मिलता। सिर्फ वोट लेने के लिए उनसे वादे किए जाते हैं लेकिन लाभ आखिर में बड़े लोगों को ही मिलता है। जनता अब जागरूक है, वह अब समझ लेती है कि नेता बोलने वाला ही है या करने वाला भी। – **मीना**, पशुपति विहार

नेताओं की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का फर्क होता है। हम तो अपने गांव में गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं। सफाई का प्रचार खूब किया जाता है लेकिन हमारे गांव में कूड़ा निस्तारण तक का बंदोबस्त नहीं है। यह हर राजनीतिक दल की बात है कि कहते कुछ हैं, करते हैं कुछ और। – **कुंवरसेन**, जोत जागीर

मैं बहुत ज्यादा पढ़ा-लिखा तो नहीं हूं, लेकिन इतना तो जानता हूं कि नेता जो कहते हैं, उसे पूरा करने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। चुनाव न हों तो वे जनता को पूछें भी नहीं। मेरे घर के बाहर की सड़क ही उदाहरण है जिसके लिए कई नेताओं ने वादे किए लेकिन किसी नेता ने पूरा नहीं किया। – **सेवाराम**, मीरगंज

मैं बहुत गरीब हूं, दिन भर काम के लिए यहां-वहां चक्कर लगाती रहती हूं। राजनीति के बारे में ज्यादा नहीं जानती लेकिन इतना है कि कोई नेता अपने वादे नहीं निभाता। शायद इसीलिए वह नेता है और हम जनता। नेता वादे करके वोट ले लेता है, बाद में उस तक पहुंचना भी बहुत मुश्किल होता है। – **बीना**, कालीबाड़ी

प्रैक्टिकली देखें तो राजनीति अब आम जनता के लिए ज्यादा नहीं रह गई है। बहुत कम नेता रह गए हैं जो जनसेवा की भावना के साथ राजनीति कर रहे हैं। आम जनता भी जनप्रतिनिधियों पर दबाव नहीं बना पाती कि वोट लिया है तो वादे भी पूरे करें। पहले किसी लोकसभा क्षेत्र से कोई प्रतिष्ठित या आम जनता में पहचान वाले व्यक्ति को ही पार्टियां प्रत्याशी के रूप में चुनती थीं लेकिन अब अचानक कोई गुमनाम प्रत्याशी उतरता है और पार्टियों के स्टार चेहरों पर वोट ले जाता है। दूसरी बात यह है कि इसी लोकसभा में 44 प्रतिशत सदस्यों को दागी बताया गया है। ऐसे में हम किससे वादे पूरे करनी की अपेक्षा कर सकते हैं। – **डॉ. मिथलेश**, सेवानिवृत्त प्रोफेसर राजनीति शास्त्र, साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय

प्रशासन की तैयारी

डीएम-एसएसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने शुक्रवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के साथ भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय धौरेरामाफी में बने क्रिटिकल और न्यूनतम मतदान वाले केंद्रों का निरीक्षण किया। गांव नगरिया कला में सेक्रेट हार्ट्स आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और बीएलओ को घर-घर जाकर शत प्रतिशत पर्ची बांटने और एसडीएम सदर को पीने के पानी, शौचालय, लाइट, पंखे, दिव्यांगों के लिए रैंप की व्यवस्था के निर्देश दिए। यहां मतदाता सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय जादौंपुर के बूथ का निरीक्षण करने के दौरान बीएलओ को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहना टोल प्लाजा पर एसएसटी नाका का भी निरीक्षण किया। इसके बाद सिद्धि विनायक कॉलेज में फोर्स ठहरने की व्यवस्था देखी।

मतदान प्रशिक्षण में नदारद रहे 122 कार्मिक

बरेली, अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेज में चुनाव प्रशिक्षण में शुक्रवार को पहली पाली में 1240 में से 75 और दूसरी पाली में 122 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। सीडीओ जगप्रवेश ने बताया कि जो भी कार्मिक प्रशिक्षण में अनुपस्थित हैं उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। सभी को नोटिस जारी कर 30 मार्च को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

बूथ की खराब खिड़कियां ठीक कराने का निर्देश

बरेली, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को ब्लॉक भोजीपुरा स्थित सभागार में बैठक में खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान से एक दिन पहले जब पोलिंग पार्टियां आती हैं तो उन्हें भोजन की व्यवस्था स्कूल रसोईया के भुगतान के आधार पर कराई जाए। जिन पोलिंग बूथ के कमरों की खिड़कियां खराब हैं उसमें जाली लगवाएं। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी देर से आने पर नाराजगी व्यक्त कर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन पोलिंग बूथों तक पहुंचने वाले मार्ग में गड्ढे हैं, उन्हें जल्द ठीक करें और सभी एमओआईसी को निर्देश दिए कि किसी को भी फर्जी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र नहीं दिया जाए।

सबसे कम खर्च करके संतोष गंगवार जीते पिछले दो चुनाव

ऐरन सबसे ज्यादा खर्च करके भी तीसरे नंबर पर रहे, 60 लाख रुपये खर्च करके मिले थे सिर्फ 73 हजार वोट

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में भाजपा प्रत्याशी संतोष गंगवार ने अपने प्रचार पर प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी से कम खर्च किया लेकिन वोट काफी ज्यादा पाए। दोनों चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रवीण सिंह ऐरन ने सर्वाधिक खर्च किया लेकिन एक चुनाव में चौथे और दूसरे में तीसरे नंबर पर रहे। चुनाव आयोग के समक्ष दाखिल किए गए ब्योरे के मुताबिक दोनों चुनावों में सभी प्रत्याशियों का सबसे ज्यादा खर्च जनसंपर्क के लिए किराए के वाहनों पर ही हुआ।

लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी ऐरन ने अपने प्रचार पर करीब 60 लाख रुपये का खर्च दिखाया था। ब्योरे के मुताबिक उन्होंने जनसभा रैली और जुलूस में इस्तेमाल की गई प्रचार सामग्री पर 40,879 रुपये का खर्च किया। जनसंपर्क के लिए गाड़ियों से गांव-गांव जाने के लिए 16 लाख चार हजार 618 रुपये का खर्च दिखाया गया। इसके अलावा समर्थकों के भोजन, नाश्ता और उनकी गाड़ियों में तेल पर भी लाखों रुपये का खर्च दिखाया गया। ब्योरे में उन्होंने करीब 58 लाख का चंदा भी मिलने की बात कही है। इस चुनाव में करीब 74 हजार वोट पाकर ऐरन तीसरे नंबर पर रहे थे।

बसपा-सपा गठबंधन के प्रत्याशी रहे भगवत सरन गंगवार ने चुनाव में करीब 30.2 लाख रुपये ही खर्च किए। इसमें करीब दो लाख रुपये उन्हें पार्टी की ओर से दिए गए तो समर्थकों से भी करीब 7.84 लाख रुपये का चंदा मिला। भगवत सरन ने भी 11.1 लाख रुपये से ज्यादा रकम गाड़ियों और उसके ईंधन पर खर्च की। ब्योरे के मुताबिक हैंडबिल, पैंफलेट, कटआउट और होर्डिंग जैसी चुनाव प्रचार सामग्री पर उन्होंने 3.83 लाख रुपये खर्च किए थे।

भाजपा के संतोष गंगवार ने अपने पूरे चुनाव पर करीब 51.8 लाख रुपये ही खर्च किए। गाड़ियों और उनके लिए ईंधन पर उन्होंने भी सबसे ज्यादा करीब 13 लाख की रकम खर्च की और गांव-गांव जाकर वोट मांगे। जनसभा, रैलियों और जुलूसों पर 34 हजार और स्टार प्रचारकों की सभा और रैली कराने में 5.61 लाख का खर्च किया। प्रचार सामग्री पर करीब 3.82 लाख का खर्च हुआ। उन्हें चुनाव लड़ने के लिए पार्टी ने कोई चंदा नहीं दिया। कुछ संस्थाओं ने जरूर उन्हें करीब 3.78 लाख का चंदा दिया।

2014: गौतम ने 43 लाख खर्च किए, वोट मिले एक लाख

लोकसभा चुनाव 2014 में भी भाजपा के संतोष गंगवार ने सबसे कम खर्च कर सबसे ज्यादा वोट पाए। तब भी सबसे ज्यादा खर्च कांग्रेस के ऐरन ने किया था। उन्होंने इस चुनाव में 48 लाख रुपये से ज्यादा खर्च किया और चौथे नंबर पर रहे। इसमें से 26.4 लाख का खर्च सिर्फ प्रचार वाहनों पर हुआ था। बसपा से चुनाव लड़े उमेश गौतम तीसरे नंबर पर रहे थे लेकिन चुनावी खर्च में वह भी संतोष गंगवार से आगे थे। उन्होंने कुल 43.48 लाख का खर्च किया। इसमें से 25.54 लाख का खर्च प्रचार वाहनों पर किया गया था। दूसरे नंबर पर रही सपा प्रत्याशी आयशा इस्लाम ने 27.9 लाख में ही पूरा चुनाव निपटाया जिसमें से 22.46 लाख प्रचार वाहनों पर खर्च किया। चुनाव जीते भाजपा के संतोष गंगवार ने करीब 39 लाख खर्च किएथे। इसमें करीब 12.9 लाख प्रचार वाहनों पर खर्च किया गया था।

दो बीएलओ पर अपात्रों के नाम न काटने पर रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : मतदाता सूची से अपात्र मतदाताओं के नाम न काटने पर नायब तहसीलदार ने दो बीएलओ के खिलाफ सिरौली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुरुवार को डीएम ने गुरुगांवा मुस्तिकिल गांव में पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत कम रहने की जांच की थी। पता चला कि सूची में उन मतदाताओं के नाम भी दर्ज हैं, जो बाहर रहते हैं। डीएम ने इस पर बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद दोनों बीएलओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

नायब तहसीलदार सिरौली राकेश त्रिवेदी ने बताया कि आंवला विधानसभा क्षेत्र के मतदेय स्थल 95 और 96 प्राइमरी स्कूल गुरगांवा मुस्तकिल में बीएलओ के पद पर शिक्षामित्र अमित शर्मा और सहायक अध्यापक अमित कुमार तैनात थे। सहायक अध्यापक अमित कुमार का स्थानांतरण हो चुका है।

क्रॉस चेकिंग कराई तो फिट निकले अनफिट बताने वाले

बरेली, अमृत विचार : अनफिट होने का मेडिकल सर्टिफिकेट पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त किए गए सात कार्मिक क्रॉस चेकिंग में फिट पाए गए। दोबारा जांच में पता चला कि ये कार्मिक गंभीर बीमारी से पीड़ित नहीं हैं और चुनाव तक ठीक होकर ड्यूटी कर सकते हैं। इन कार्मिकों को प्रशिक्षण लेकर चुनाव ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया है।

डीएम रविंद्र कुमार ने अनफिट बताए गए कार्मिकों पर संदेह जताते हुए शुक्रवार को ऐसे कार्मिकों के मेडिकल से जुड़े दस्तावेजों की जांच और कार्मिकों को फिर नए मेडिकल बोर्ड के समक्ष पेश करने के निर्देश दिए थे। लोकसभा चुनाव में ड्यूटी पत्र मिलने के बाद से ही ड्यूटी कटवाने वालों की विकास भवन में सहायक प्रभारी कार्मिक अधिकारी तेजवंत सिंह के कार्यालय में भीड़ जुट रही है। करीब साढ़े चार सौ कार्मिक ड्यूटी कटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। इनमें ज्यादातर बीमारी से पीड़ित हैं। सहायक प्रभारी कार्मिक अधिकारी ने बताया कि बीमारी से पीड़ित कार्मिकों को प्रार्थनापत्र लेकर मेडिकल बोर्ड के पास भेजा जाता है। करीब 132 कार्मिक मेडिकल बोर्ड ने अनफिट किए थे। इनकी क्रॉस चेकिंग के सात कार्मिक जिनको छिटपुट बीमारियां हैं।

- **अब तक 450 कार्मिकों ने दिए प्रार्थना पत्र, इनमें 132 दिखाए गए थे अनफिट**

हर दिन बदलेगा मेडिकल बोर्ड

बरेली, अमृत विचार : चुनाव ड्यूटी कटवाने में खेल रोकने के लिए रोजाना मेडिकल बोर्ड बदला जाएगा। डीएम रविंद्र कुमार के निर्देश पर सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने जिला अस्पताल और जिला महिला अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की ड्यूटी मेडिकल बोर्ड में लगाई है। इसमें हर दिन अलग-अलग विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहेंगे।

समान अधिकार की जुबानी और जमीनी हकीकत में काफी फर्क

आधी आबादी की आवाज...

महिलाओं की सबसे पहली उम्मीद है सुरक्षा की गारंटी। उसके बाद स्वास्थ्य सुविधाएं, समान शिक्षा और समान वेतनमान भी उसकी जरूरत है। महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने की जुबानी और जमीनी हकीकत में काफी फर्क है। कहने को महिलाओं को अब संसद में भी आरक्षण दे दिया गया है लेकिन जब उसके लागू होने का समय आएगा, कुछ नहीं कहा जा सकता कि तब क्या होगा। एक विशेष वर्ग है जिसने महिलाओं को नाकाबिल मान लिया है। वे महिलाओं पर भद्दे चुटकुले बनाते हैं और छेड़छाड़-बलात्कार जैसी घटनाओं को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा देते हैं। सबसे पहले तो महिला को एक विशेष जीव न मानकर एक आम इंसान समझना बहुत जरूरी है। कुछ प्रथाओं, मान्यताओं, धार्मिक आडंबरों ने सदैव महिलाओं को पीछे धकेलने का काम किया है। इसके पीछे ज्ञान की कमी कारण है। राजनीतिक दल भी महिलाओं के बारे में तभी गंभीरता से सोचेंगे, जब महिलाएं खुद अपना हित समझेंगी और सिर्फ चेहरा बनकर नहीं रहेंगी। महिला को सिर्फ बहन-बेटी और मां मानने के बजाय इंसान माना जाना चाहिए। बात सिर्फ उन्हें गैस सिलिंडर देने की न हो, उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और अच्छे भविष्य की भी चिंता हो। एक शिक्षित महिला पूरे परिवार को शिक्षित कर करती है जो समाज की पहली इकाई है। कमी यह है कि महिलाएं भावनात्मक मुद्दों पर ज्यादा प्रभावित हो जाती हैं। ग्रामीण और शहरी महिलाओं की राजनीतिक समझ में भी फर्क हो सकता है, क्योंकि उनके सामाजिक संदर्भ और अनुभव भिन्न होते हैं। राजनीतिक दल अब महिलाओं के मुद्दों को गंभीरता से तो लेते हैं, लेकिन अभी कई क्षेत्रों में महिलाएं काफी पीछे हैं। – **शिल्पी सक्सेना, कवियित्री**

शहर में आज

- बरेली कॉलेज के एमएड सभागार में युवा संवाद इंडिया कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे।
- आईएमए हाल में किडनी, लिवर और बोन मैरो ट्रांसप्लांट के संबंध में प्रेसवार्ता रात 8:30 बजे।
- नारायन-ई टेक्नो स्कूल में ओरियंटेशन प्रोग्राम डोहरा रोड पर सुबह 10 बजे।
- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन रात 8:30 बजे।

... तो कुतुबखाना पुल का नाम अपनी विकास के बही-खाते से हटा देना



पुल की वजह से लग रहे जाम का असर बरेली कॉलेज से जीआईसी तक

कुतुबखाना पुल को लाइफ लाइन बताया गया था लेकिन शुरू होने के बाद वह लोगों के जी का जंजाल बन गया है। सिर्फ पुल के आसपास ही जाम नहीं लग रहा है बल्कि इसका असर अब बरेली कॉलेज चौराहे और जीआईसी रोड तक दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को इस पूरे इलाके में कई घंटे तक भीषण जाम लगा रहा लेकिन फिर भी कहीं ट्रैफिक पुलिस का एक भी जवान तैनात नजर नहीं आया। अधिकारी जाम रोकने के लिए बसों का रूट डायवर्ट करने से लेकर ऑटो-टेंपो को इधर आने से रोकने तक कई प्रयोग कर चुके हैं लेकिन कोई प्रयोग सफल नहीं हो पाया तो उन्होंने भी हाथ झाड़ लिए हैं।

सेटेलाइट तिराहे पर भी घंटों भीषण जाम

सेटेलाइट तिराहे पर जाम की समस्या के समाधान के लिए फ्लाईओवर बनाकर बड़े विकास कार्यों में उसकी गिनती करने का दावा फिजूल साबित हो रहा है। इसके बनने के बाद भी जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। शहामतगंज की ओर से आने वाले वाहन रोजाना जाम में फंसते हैं। इसके अलावा बस अड्डे के सामने पीलीभीत रोड पर भी बसों के सड़क पर खड़े होने से लंबा जाम लगता है।

मरी खाल से लोहा भस्म हो जाता है... मैं तो जिंदा हूं

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए बरेली इंटर कॉलेज का मैदान देखने पहुंचे भाजपा नेताओं के बीच गर्मागर्मी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वरिष्ठ नेता ने शहर के नेता पर लगाया उनके बारे में माहौल बिगाड़ने का आरोप
- पहली बार गुस्साया रूप देखकर बाकी नेताओं और अफसरों में मची खलबली

अमृत विचार : दो अप्रैल को प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करने आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए बरेली इंटर कॉलेज का मैदान देखने पहुंचे भाजपा के दो बड़े नेताओं के बीच अच्छी-खासी नोकझोंक के बाद तीखी बहस हो गई। गर्मागर्मी के बीच एक वरिष्ठ नेता ने शहर के दूसरे नेता पर उनको लेकर पार्टी में माहौल बिगाड़ने समेत कई आरोप जड़ डाले और आखिर में यह तक कह डाला कि मरी हुई खाल से लोहा तक भस्म हो जाता है, मैं तो जिंदा हूं।

मुख्यमंत्री का दो अप्रैल को पीलीभीत और बदायूं के बाद बरेली में प्रबुद्ध सम्मेलन में भाग लेने का कार्यक्रम तय हो चुका है। इसी के लिए शुक्रवार शाम पांच बजे सांसद संतोष गंगवार, मेयर उमेश गौतम, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. एमपी आर्य, डॉ. डीसी वर्मा, पूर्व विधायक बहोरनलाल मौर्य, जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना और पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार समेत कई नेता बरेली इंटर कॉलेज मैदान पर व्यवस्थाएं देखने पहुंचे थे। पुलिस और प्रशासन के कई अफसर भी मौजूद थे। तय हो रहा था कि सम्मेलन स्थल पर सोफे कहां डाले जाएंगे और वीआईपी के आने का क्या रास्ता ठीक रहेगा।

इनमें से कई नेता पहले से बरेली इंटर कॉलेज के मैदान पर मौजूद थे। बातचीत चल रही थी कि इसी बीच शहर के एक नेता पहुंचे। उन्हें देखते ही वरिष्ठ नेता का चेहरा तमतमाना शुरू हो गया और फिर वह अचानक बिफर पड़े। उन्होंने शहर के नेता पर टिकट को लेकर पार्टी में माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया। कहा कि हर तरफ यह बात फैलाई गई कि वह चुनाव में उन्हें टिकट दिला सकते थे, लेकिन उन्होंने उनसे नहीं कहा इसलिए उन्होंने कोशिश नहीं की। वरिष्ठ नेता ने इस पर शहर के नेता से जवाब मांगा तो वह सकपका गए। बोले, उन्होंने ऐसी कोई बात नहीं कही है लेकिन वरिष्ठ नेता का उनकी इस सफाई पर भी गुस्सा कम नहीं हुआ।

उन्होंने स्थानीय नेतृत्व पर भी उनके विरोध में माहौल बनाने में शामिल होने की बात कहकर नाराजगी जताई। बोले, मरी हुई खाल से लोहा तक भस्म हो जाता है, मैं तो जिंदा हूं। आमतौर पर बेहद शांत रहने वाले वरिष्ठ नेता का यह रूप देखकर कॉलेज ग्राउंड पर मौजूद दूसरे नेता भी सन्नाटे में रह गए। एकाएक माहौल इतना गरमा गया कि कुछ देर पहले तक एकसाथ खड़े नेता इधर-उधर होने लगे। अफसरों ने भी अलग खिसकना शुरू कर दिया।

वनमंत्री के आवास पर चुनाव की तैयारियों की चर्चा करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

बाद में वन मंत्री के आवास पर साथ बैठकर बनी छत्रपाल सिंह को चुनाव जिताने की रणनीति

बरेली इंटर कॉलेज ग्राउंड पर वरिष्ठ नेता को शांत करने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पाया। कुछ देर में वह खुद ही शांत हुए। गरमाया माहौल ठंडा होने में कुछ समय लगा। इसके बाद सभी नेता बरेली इंटर कॉलेज से वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के आवास पर बैठे। यहां माहौल पूरी तरह सामान्य रहा। भाजपा नेताओं ने यहां बरेली से प्रत्याशी घोषित किए गए छत्रपाल सिंह गंगवार को जिताने की रणनीति पर भी चर्चा की।

फायरमैन को ब्लैकमेल करने के आरोप में महिला सिपाही और बहन पर रिपोर्ट

संवाददाता नवाबगंज

- चार लाख हड़पकर दर्ज कराया दुष्कर्म का फर्जी केस, फिर मांगे आठ लाख
- थाना नवाबगंज में तैनात थी आरोपी महिला सिपाही, अब है मेरठ में तैनाती

अमृत विचार : थाना नवाबगंज में तैनात रही महिला सिपाही शीतल और उसकी बहन ममता के खिलाफ फायरब्रिगेड के जवान पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराकर ब्लैकमेल करने के आरोप में शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। शीतल अब मेरठ में तैनात है। आरोप है कि फायरमैन से उसने चार लाख रुपये झटक लिए थे और आठ लाख और मांग रही थी। उसकी शादी भी तुड़वाने की धमकी दे रही थी।

पीड़ित फायरमैन के पिता स्योहारा (बिजनौर) के गांव मूंडाखेड़ी निवासी निपेंद्र सिंह पिछले दिनों एडीजी से शिकायत की थी। निपेंद्र सिंह का आरोप था कि उनके बेटे विनीत को महिला सिपाही शीतल और उसकी बहन ममता ने अपने जाल में फंसा लिया था। शीतल ने विनीत को ममता से यह कहकर मिलवाया था कि वह भी सिपाही है। इस दौरान उसने ममता को वर्दी भी पहना रखी थी। इसके बाद विनीत पर साढ़े पांच लाख का लोन लेने का दबाव बनाया जिसमें चार लाख रुपये शीतल ने अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।

इसके बाद शीतल ने उससे आठ लाख रुपये मांगे, विनीत ने और पैसा देने से इन्कार किया तो उसके खिलाफ बहन की ओर से एससी/एसटी एक्ट के तहत दुष्कर्म का झूठा केस दर्ज करा दिया। इसके बाद उसे धमकी भी कि उसे तो सरकारी मुआवजा मिल जाएगा, उसे जेल जाना पड़ेगा। निपेंद्र सिंह ने एडीजी को बताया था कि उनके बेटे की शादी तय हो चुकी है, दोनों बहनें उसकी शादी तुड़वाने की भी धमकी दे रही हैं। हालत यह है कि विनीत कोई गलत कदम भी उठा सकता है। शुक्रवार को एडीजी के आदेश पर थाना नवाबगंज में सिपाही शीतल और उसकी बहन ममता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

पूर्णागिरी के दर्शन कराने के लिए एक अप्रैल से चलेगी मेला स्पेशल

बरेली, अमृत विचार : मां पूर्णागिरी का मेला शुरू हो गया है, जो 15 जून तक चलेगा। इसके लिए इज्जतनगर रेल प्रशासन एक अप्रैल से कासगंज से टनकपुर के बीच प्रतिदिन मेला स्पेशल ट्रेन चलाएगा। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह के अनुसार कासगंज टनकपुर स्पेशल ट्रेन का ठहराव रामगंगा, जंक्शन, बरेली सिटी, इज्जतनगर, दोहना, भोजीपुरा, दिबनापुर, सेंथल स्टेशन पर होगा। 05451 कासगंज टनकपुर स्पेशल ट्रेन रामगंगा स्टेशन पर सुबह 7:25 बजे, बरेली जंक्शन पर 7:44 बजे, सिटी स्टेशन पर 8 बजे, इज्जतनगर स्टेशन पर 8:18 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05452 टनकपुर-कासगंज स्पेशल ट्रेन इज्जतनगर 17:22 बजे, सिटी स्टेशन पर 17:45 बजे, जंक्शन पर 18:25 बजे, रामगंगा स्टेशन पर 18:41 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित होगी।

प्रेमी जोड़े ने ट्रेन से कटकर दी जान

संवाददाता, बरेली/आंवला

- परिवार के लोग शादी की इजाजत देने को नहीं थे तैयार
- रात 11 बजे रेवती बहोड़ा खेड़ा स्टेशन के पास हुई घटना

अमृत विचार : बरेली-चंदोसी रेलवे ट्रैक पर रेवती बहोड़ा खेड़ा रेलवे स्टेशन के पास प्रेमी-प्रेमिका ने ट्रेन के आगे लेटकर जान दे दी। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन उनके परिजन राजी नहीं थे। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव ट्रैक से हटाकर परिजनों को सूचना दी।

आंवला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवक की चचेरी बहन की शादी दूसरे गांव में पांच साल पहले हुई थी। युवक के प्रेम संबंध चचेरी बहन की 20 वर्षीय ननद से हो गए। दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया। दोनों के परिजनों को जब जानकारी हुई तो विरोध शुरू हो गया। युवती के परिजनों ने रिश्ता उल्टा होने की वजह से शादी करने से इन्कार कर दिया। दो महीने पहले युवक के पिता ने उसकी शादी दूसरी लड़की से तय कर दी लेकिन युवक ने शादी से मना कर दिया। सद्भावना एक्सप्रेस के लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। लोको पायलट के मुताबिक ट्रेन करीब पहुंचने पर दोनों एक दूसरे के गल लग गए। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची आंवला पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दी।

> दोनों के परिजनों को फोन पर सूचना दे दी गई थी। युवक और युवती के बीच प्रेम संबंध थे। किसी पक्ष की ओर से शिकायती पत्र नहीं मिला है। इसलिए कार्रवाई नहीं की गई है।
> – **वीरेश कुमार**, प्रभारी निरीक्षक आंवला

फोन पर बात करने के बाद दोनों घर से निकले

युवक और युवती के गांव के बीच की दूरी करीब नौ किमी है। दोनों गांवों के बीच में रेवती बहोड़ा खेड़ा रेलवे स्टेशन है। गुरुवार को फोन पर दोनों ने स्टेशन से कुछ दूरी पर मिलने और वहीं पर जान देने का फैसला कर लिया। गुरुवार शाम को करीब साढ़े सात बजे युवक और युवती अपने-अपने घरों से निकल आए।

पांच घंटे बिजली कटौती गर्मी से बेहाल हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जगतपुर, हरुनगला, महानगर, सनसिटी में मरम्मत कार्य के लिए लिया गया शटडाउन

अमृत विचार : गर्मी में बिजली कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। शहर में अलग-अलग क्षेत्रों में मरम्मत कार्य के लिए कई घंटे का शटडाउन लिया गया। जल्द ही मरम्मत कार्य पूरे नहीं हुए तो आने वाले दिनों में भीषण गर्मी में लोगों का हाल और बुरा हो जाएगा।

जगतपुर विद्युत उपकेंद्र के मीरा की पैठ, चक चुंगी और रोहली टोला फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कटौती की गई। इसके अलावा हरुनगला फीडर पर मरम्मत कार्य और पेड़ों की छंटाई की वजह से हरुनगला, क्रिस्टल कॉलोनी, बीसलपुर रोड, अमित बिहार, सरस्वती विहार आदि क्षेत्रों में सुबह 11 से शाम चार बजे तक बिजली गुल रही। शहीद भगत सिंह, परवाना नगर, आशुतोष सिटी और वनखंडी नाथ फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से भी सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कटौती की गई। इसके अलावा पीर बहोड़ा फीडर में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक मरम्मत कार्य की वजह से परतापुर जीवन सहाय, बिहारमान नगला, असलम कॉलोनी, रामेश्वर धाम कॉलोनी आदि क्षेत्रों में बिजली गुल रही।

दिन के साथ रात का तापमान भी बढ़ा

बरेली, अमृत विचार : पश्चिमी विक्षोभ कमजोर होने से शुक्रवार को बारिश नहीं हुई। दिन में तेज धूप की वजह से लोग गर्मी में बेहाल हो गए। रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने शनिवार को भी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इसके बाद मौसम शुष्क होगा और फिर गर्मी बढ़ेगी। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक 21.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंतनगर यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह ने बताया कि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के चलते बारिश नहीं हुई। शनिवार को भी मौसम ऐसा ही रहने वाला है। इस दौरान बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

मलेरिया के मरीज बढ़े, कल से होगा डोर-टू-डोर सर्वे

बरेली, अमृत विचार : जिले में मलेरिया का प्रकोप बढ़ने लगा है। गर्मी बढ़ते ही मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। एक महीने में 17 मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग अभियान शुरू करेगा। इसके तहत टीमें डोर-टू-डोर सर्वे कर मलेरिया से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी। इसके अलावा 10 अप्रैल से दस्तक अभियान चलेगा, इसमें घर-घर मच्छरों को लार्वा खोज कर नष्ट किया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सत्येंद्र सिंह के अनुसार होली से पहले तक जिले में 13 मरीज मलेरिया ग्रसित मिले थे, लेकिन अब मरीजों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। अभियान के संबंध में निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री के आदेश पर दर्ज की साइबर ठगी की रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के खाते से हजारों रुपये निकाल लिए। शिकायत के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। परेशान होकर पीड़ित ने मुख्यमंत्री से शिकायत की। अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर किला पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जकाती मोहल्ले में रहने वाले अनुराग ने मुख्यमंत्री और डीजीपी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि 28 दिसंबर 2023 को रात 8.14 बजे से 8.19 बजे के बीच अनिल ने फोन कर उनके खाते से 72 हजार रुपये अजय यादव के खाते में ट्रांसफर करा दिए। उन्होंने तुरंत साइबर सेल में सूचना दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उनके मुताबिक दोनों आरोपियों के मोबाइल नंबर और आईडी सक्रिय हैं, इसके बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर किला पुलिस ने अजय यादव और अनिल कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मानसिक मंदित किशोर से सामूहिक कुकर्म की रिपोर्ट दर्ज करने में भी आनाकानी

- नवाबगंज पुलिस का कारनामा, एसएसपी से शिकायत के बाद दर्ज की रिपोर्ट

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज पुलिस दुष्कर्म और कुकर्म जैसे मामलों को भी गंभीरता से नहीं लेती है। पुलिस ने मानसिक मंदित किशोर से सामूहिक कुकर्म की रिपोर्ट दर्ज करने में आनकानी की। परेशान पिता ने एसएसपी से फोन पर शिकायत की। एसएसपी की फटकार के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और किशोर को मेडिकल के लिए भेजा। एक दिन पहले सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज न करके पीड़िता के ही पति की पिटाई कर दी थी। इससे आहत पीड़िता ने थाने के गेट पर जहर खा लिया था।

पिता ने बताया कि 27 मार्च को दोपहर में उनके 12 वर्षीय पुत्र को गांव के ही दो किशोर बहला फुसलाकर जंगल में ले गए और उसके साथ कुकर्म किया। जब वह घर पर रोते हुए आया तो उससे जानकारी की। किशोर के बताने पर पिता उसे साथ लेकर नवाबगंज थाने पहुंचे और घटना की शिकायत की। पिता की शिकायत के बाद भी थाना पुलिस हीलाहवाली करती रही तो परेशान पिता ने फोन पर कप्तान से शिकायत की। पिता की शिकायत पर एसएसपी ने थाना पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया तो थाना पुलिस ने आनन फानन में पीड़ित किशोर को मेडिकल के लिए भेजने के साथ ही रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

महिला से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी हिरासत में

घर में घुसकर पति को बंधक बनाकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया है। पुलिस कोर्ट में महिला के बयान के बाद आगे की कार्रवाई करेगी। सीओ हर्ष मोदी ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। महिला के कोर्ट में बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नाथ कॉरिडोर: रेलवे की एनओसी के फेर में अटका निर्माण

बरेली, अमृत विचार : रेलवे से एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) न मिलने के कारण नाथ कॉरिडोर में शामिल तपेश्वरनाथ मार्ग का निर्माण अटक गया है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अनुसार एनओसी मिलने के बाद ही निर्माण शुरू किया जाएगा।

दरअसल, नाथ कॉरिडोर योजना में शहर के सात नाथ मंदिरों को जाने वाले 11 सड़कों का चौड़ीकरण होना है। इसमें तपेश्वरनाथ मंदिर तक जाने वाली सड़क का निर्माण मार्च के पहले सप्ताह में शुरू कराया गया था। इस दौरान सुभाषनगर पुलिया के पास रेलवे की जमीन पर सड़क को चौड़ा करने के लिए जेसीबी से खोदाई के दौरान रेलवे के टेलीकॉम विभाग की ओएफसी केबल कट गई थीं। खोदाई की सूचना एजेंसी ने रेलवे के किसी विभाग को नहीं दी थी। रेलवे ने ठेकेदार पर सवा लाख रुपये का जुर्माना लगाने के साथ काम रुकवा दिया था। एक्सईएन नारायण सिंह ने बताया कि विभाग ने सड़क खोदने की अनुमति नगर निगम से ली थी, जबकि यह जमीन रेलवे की है।

फर्नीचर कारोबारी के यहां एसआईबी की जांच पूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दस्तावेजों की जांच में करीब डेढ़ करोड़ की कर चोरी पकड़ी गई
- खरीद-फरोख्त से जुड़े दस्तावेजों में भी कमियां मिली

अमृत विचार : पुराना शहर में फर्नीचर कारोबारी के यहां जीएसटी विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) की जांच शुक्रवार को पूरी हो गई। दस्तावेजों की छानबीन में करीब डेढ़ करोड़ की टैक्स चोरी का पता चला है। टीम ने फर्म संचालक को नोटिस देकर जवाब मांगा है।

एसआईबी के ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह के निर्देश पर डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह ने टीम के साथ गुरुवार को सलीम ट्रेडर्स की फर्नीचर की दुकान पर छापा मारा था। जांच में सामने आया था कि कारोबारी बिना कोई टैक्स जमा करे बिल जारी कर आईटीसी का लाभ व्यापारियों को दे रहा था। देर शाम तक चली छानबीन के दौरान टीम ने माल खरीद-फरोख्त से जुड़े कई दस्तावेज कब्जे में लिए। दूसरे दिन इन दस्तावेजों की जांच में पता चला कि कर, ब्याज और जुर्माना सहित करीब डेढ़ करोड़ रुपये की देनदारी बनती है। व्यापारी को नोटिस देकर चोरी से जुड़े मामले में जवाब मांगा है। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन औपी चौबे का कहना है कि जांच पूरी होने के साथ ही मुख्यालय रिपोर्ट भेज दी गई है।

झटका : एक अप्रैल से बढ़ जाएगा टोल टैक्स

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- व्यावसायिक वाहनों पर लागू होंगी बढ़ी दरें

अमृत विचार : हाईवे पर वाहन चालकों को एक अप्रैल से अधिक टोल टैक्स चुकाना पड़ेगा। एनएचएआई ने टोल प्लाजा पर व्यावसायिक वाहनों पर टोल टैक्स बढ़ाया है, हालांकि कार, जीप आदि वाहनों के लिए कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

बरेली से पीलीभीत जाने वाले बरेली-सितारगंज हाईवे पर लभेड़ा में बने टोल प्लाजा पर हल्के कॉमर्शियल वाहन, मिनी बस आदि पर पांच रुपये बढ़े हैं। बस और ट्रक पर 235 की जगह 240 रुपये और वापसी पर 350 की जगह अब 360 रुपये देने होंगे। थ्री एक्सल वाहन पर 255 की जगह 260 रुपये और वापसी पर 385 की जगह 395 रुपये देने होंगे। मल्टी एक्सल गाड़ी के लिए 370 की जगह 375 रुपये और वापसी पर 550 की जगह 565 रुपये देने होंगे, जबकि सेवन एक्सल वाहन के लिए 450 की जगह 460 रुपये और वापसी में 670 की जगह 690 रुपये देने होंगे।

वहीं 20 किलोमीटर के दायरे के पास धारकों को अब 330 की जगह 340 रुपये देने होंगे। इसी तरह फरीदपुर टोल प्लाजा पर बस और ट्रक पर 435 की जगह 440 रुपये, वापसी पर पुराने रेट 655 रुपये ही देने होंगे। थ्री एक्सल वाहन पर 475 की जगह 480 रुपये और वापसी पर पहले की तरह 715 रुपये देने होंगे। मल्टी एक्सल गाड़ी के लिए 680 की जगह 685 रुपये और वापसी पर 1030 रुपये देने होंगे, जबकि सेवन एक्सल वाहन के लिए 830 की जगह 835 रुपये और वापसी में 1245 रुपये देने होंगे। वहीं 20 किलोमीटर के दायरे के पास धारकों को अब 330 की जगह 340 रुपये देने होंगे।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक बीपी पाठक ने बताया कि हर साल महंगाई को देखते हुए आवश्यकतानुसार टोल टैक्स में वृद्धि की जाती है। एक अप्रैल से मंडल के सभी टोल पर बढ़ी हुई दरें लागू होंगी। उनके मुताबिक व्यावसायिक वाहनों पर ही टोल के रेट बढ़ाए गए हैं।

पीलीभीत-शाहगढ़ रूट पर सीआरएस निरीक्षण आज

बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत-शाहगढ़ रेल खंड पर शनिवार और रविवार को सीआरएस निरीक्षण और स्पीड ट्रायल किया जाएगा।

पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि लखनऊ-पीलीभीत खंड पर शाहगढ़-माला-पीलीभीत स्टेशनों के बीच अमान परिवर्तन का काम पूरा हो गया है। पूर्वोत्तर परिमंडल लखनऊ के रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना 30 और 31 मार्च को अमान परिवर्तित और विद्युतीकृत रेल खंड का निरीक्षण करेंगे। डीआरएम इज्जतनगर रेखा यादव ने कहा कि रेल पथ के किनारे रहने वाले लोग निरीक्षण के दौरान लाइन पर न जाएं।

सुपर सिटी कॉलोनी के लोगों ने आरआरसी का निर्माण रोका

बोले- कूड़े की दुर्गंध से आसपास की आबादी होगी परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

आरआरसी के निर्माण का विरोध करते सुपरसिटी कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सुपर सिटी कॉलोनी के पास निर्माणाधीन स्वच्छता संसाधन केंद्र (आरआरसी) का कॉलोनी के लोगों ने शुक्रवार को विरोध शुरू कर दिया। उनका कहना था कि आरआरसी में कूड़ा इकट्ठा किया जाएगा तो पूरी कॉलोनी में दुर्गंध फैलेगी। हंगामा होने पर पुलिस पहुंची लेकिन लोग निर्माण होने देने के लिए तैयार नहीं हुए। उन्होंने डीएम के सामने समस्या रखने की बात कही। इसके बाद पुलिस लौट गई।

बिथरी ब्लॉक में ग्राम पंचायत डोहरा में नकटिया नदी के किनारे आरआरसी बनाया जा रहा है। शुक्रवार को सुपर सिटी कॉलोनी के तमाम लोगों ने इकट्ठे होकर हंगामा करते हुए विरोध शुरू कर दिया। सुपर सिटी रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने काम भी रुकवा दिया। लोगों का कहना है कि आरआरसी के निर्माण में एनजीटी के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

सोसाइटी के महासचिव सुभाष चंद्र झा ने बताया कि आरआरसी के निर्माण कार्य के लिए भूमि प्रबंधन समिति से अनुमति प्राप्त नहीं की गई और न ही भूमि का लैंडयूज बदलवाया गया।

● **ग्राम पंचायत की जमीन के बजाय नगर निगम क्षेत्र में निर्माण करने का भी आरोप**

उन्होंने कहा कि नकटिया नदी का किनारा ग्राम समाज की भूमि का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि आरआरसी के आसपास ग्रीन पार्क, सुपर सिटी और मां वैष्णो कुंज कॉलोनी हैं। इनमें कुछ पूर्ण और कुछ आंशिक रूप से नगर निगम का भाग है, जबकि आरआरसी को ग्राम पंचायत के केंद्रों में बनाने का प्रावधान है। कहा कि यहां आरआसी बनने से कूडा डाला जाएगा, जिससे आसपास के इलाकों में दुर्गंध फैलेगी और कॉलोनी के लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। डोहरा के प्रधान पति उमेश पटेल ने बताया कि कॉलोनी के लोग राजनीति कर रहे हैं। यहां 10 दिन से निर्माण चल रहा है तब किसी ने विरोध नहीं किया लेकिन अब विरोध कर रहे हैं। बताया कि गांव स्वच्छ भारत मिशन योजना में आ गया है।

जिस जगह निर्माण चल रहा है वह नहर की जमीन नहीं है और वह ग्राम सभा की जमीन है। ग्राम सभा की बैठक की कार्यवाही रजिस्टर में आरआरसी बनने की जगह तय है और ब्लॉक की कार्ययोजना में भी इसकी फीडिंग है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत केंद्र से धनराशि आई है और कहां क्या बनना है इसकी सूची भी आई है।

ट्रेनों में भीड़

होली के बाद भी ट्रेनों में भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोकल और लंबी दूरी की ट्रेनें फुल होकर चल रही हैं। शुक्रवार को जंक्शन पर अवध असम एक्सप्रेस में चढ़ने में यात्रियों के पसीने छूट गए। जितनी भीड़ प्लेटफार्म पर दिख रही थी, उससे कहीं ज्यादा ट्रेन के अंदर थी। वहीं, सिटी स्टेशन पर टिकट के लिए काउंटर पर आपाधापी का माहौल दिखा। यात्री कतारों में लगे थे। ● अमृत विचार

सौतेली मां बच्ची की हत्या की दोषी, आज कोर्ट सुनाएगा सजा

विधि संवाददाता, बरेली

● **बेटी के पिता ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट, गांव दौलपुर का मामला**

अमृत विचार: अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने सात वर्ष की बच्ची की गला दबाकर हत्या करने की आरोपी सौतेली मां बहेड़ी दौलतपुर निवासी भारती को शुक्रवार को दोषी करार कर दिया। आरोपी महिला को शनिवार को सजा सुनाई जाएगी।

गांव दौलतपुर निवासी घनश्याम ने 20 जनवरी 2023 को थाना बहेड़ी में तहरीर दी थी कि उनकी पहली पत्नी की मृत्यु लगभग चार वर्ष पहले हो चुकी थी, जिससे उनकी बेटी निशी थी। करीब छह माह पहले उन्होंने भारती नाम की महिला से प्रेम विवाह किया था, जो दो बच्चों की मां है। दूसरी पत्नी अक्सर बेटी के साथ मारपीट कर उसे रास्ते से हटाने की बात करती थी। घटना वाले दिन सुबह आठ बजे वह गन्ना छिलाने के लिए खेत पर गए थे। जब घर लौटे तो बेटी बिस्तर पर लेटी थी। उनके आवाज लगाने के बाद भी वह नहीं बोली। वह उसे डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके गले और सिर पर चोट के निशान थे। उन्होंने भारती पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने भारती को जेल भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने सात गवाह पेश किए थे। शासकीय अधिवक्ता सुनील पांडेय ने कोर्ट से दोषी को फांसी की सजा देने की मांग की है।

गैर इरादतन हत्या के दोषी को अदालत ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: गैर इरादतन हत्या करने के आरोपी भुता के गांव रम्पुरा प्रवीन निवासी अहिवरन को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कुमार मयंक ने आजीवन कारावास और कुल 32 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अहिवरन ने गांव के ही नंदू के सीने में कैंची घोंप दी थी।

सरकारी वकील राजेश्वरी गंगवार ने बताया कि रम्पुरा प्रवीन निवासी विपिन गंगवार ने थाना भुता में तहरीर दी थी कि अहिवरन का गांव के ही नंदू सिंह गंगवार से झगड़ा हो गया था। अहिवरन उसके पिता प्रेमपाल पर आरोप लगा रहे थे कि लड़ाई उसने कराई है। इसी बात पर अहिवरन पिता को तीन-चार दिन से गालियां दे रहा था। 12 अक्टूबर 2018 शाम चार बजे उनके पिता अहिवरन की दुकान पर गए और पूछा कि वह उन्हें बेवजह गालियां क्यों दे रहा है। इस पर वह आग बबूला हो गया और कैंची उठाकर पिता के सीने में घोंप दी। छोटा भाई लखन और वह वहां मौजूद थे। जब पिता को बचाना चाहा तो अहिवरन ने भाई लखन के सीने में दो जगह कैंची मारी और उनके ऊपर भी कैंची से वार किया। पिता को जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

महिला की गैर इरादतन हत्या पर दो भाइयों को छह वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली

● **केस में मृतका पक्ष के पिता-पुत्रों समेत चार को साढ़े तीन वर्ष कारावास**

अमृत विचार: करीब 13 वर्ष पूर्व महिला की गैर इरादतन हत्या में बहेड़ी ग्राम खिरनी निवासी दो भाई चंद्रपाल और नन्दराम को दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश राकेश त्रिपाठी ने छह वर्ष कठोर कारावास व प्रत्येक को 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील अनूप कोहरवाल ने बताया कि ग्राम खिरनी निवासी करन सिंह ने नौ फरवरी 2011 को थाना बहेड़ी पर सूचना दी कि आरोपी खेत में लगे यूक्लिप्टिस के पेड़ों को उखाड़ने को लेकर शराब पीकर गालीगलौज कर रहे हैं। जिस पर उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट की, जिससे उसके भाई और मां प्रेमवती के सिर में गंभीर चोटें आईं। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने उन्हें बचाया। पुलिस ने मामले में एनसीआर दर्ज की थी। इलाज के दौरान प्रेमवती की मौत होने के बाद मुकदमे में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ा दी गई। वहीं, इस मामले में क्रास रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें मृतका पक्ष के रामस्वरूप, उसके तीन पुत्र करन सिंह, बहोरन लाल, सियाराम समेत चार को दोषी पाते हुए तीन वर्ष छह माह और प्रत्येक को छह-छह हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

औद्योगिक क्षेत्र में चार ट्रकों से सामान चोरी

सीबीगंज, अमृत विचार : परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में खड़े चार ट्रकों से बैट्री, औजार समेत करीब एक लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। ट्रक मालिकों ने सीबीगंज थाना में तहरीर दी है। ट्रक मालिकों का आरोप है कि वह लोग पहले पुलिस की खातिरदारी करते थे, तो निगरानी होती थी और चोरियां भी नहीं हुईं लेकिन अब खातिरदारी बंद होने से चोरियां भी शुरू हो गई हैं। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर सी 23 पर एक नमकीन फैक्ट्री के सामने चार ट्रक खड़े थे। गुरुवार रात चोरों ने सीबीगंज बेस्ट एंड कॉलोनी निवासी सुरेश चंद्र गुप्ता के ट्रक से दो बैटरी, व्हील चेयर, औजार, जग, रामपुर निवासी मोहनलाल के ट्रक से दो बैटरी, जग, शाकिर अली के ट्रक से दो बैटरी और हीरालाल के ट्रक से दो बैटरी आदि सामान चोरी कर लिया। वहीं सीबीगंज के गांव सुनराशी निवासी अशर्फी लाल की दो भैंसें भी चोरी हो गईं।

रंगदारी मांगने का आरोप लगाया

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के ज्योरा मकरंदपुर के सोबरन शाह ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पड़ोसी से उसकी रंजिश चल रही है। 25 मार्च कर उसका पुत्र तारिक रास्ते में आ रहा था इसी दौरान उसके पड़ोसियों ने उसे गालियां देते हुए कहा कि तेरे बाप को गांव में रहना है तो पचास हजार रुपये बतौर रंगदारी दे। बेटे के बताने पर उसने आरोपियों से रंगदारी के बारे में पूछा तो उसके घर में घुस आए और मांगे हुए पैसे न देने पर बेटे की हत्या करने की धमकी देने लगे। पड़ोसियों की धमकी से वह भयभीत है जिसके चलते वह गांव से पलायन करने को मजबूर है।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
● 24 घंटे के अन्दर
● 14 दिन के बाद भी
● हथेली व तलुवे का भी पीला होना
● Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया

फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगु, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समय: प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पता:- फेज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

सार-संक्षेप

लक्ष्मण ने काटी शूर्पणखा की नाक

बरेली, अमृत विचार : ब्रह्मपुरी में चल रही रामलीला में शुक्रवार को कलाकारों ने शूर्पणखा की नाक काटने की लीला का मंचन किया। गुरु व्यास मुनेश्वर महाराज ने बताया कि वन में श्रीराम और लक्ष्मण को देखकर शूर्पणखा ने शादी का प्रस्ताव रखा। जिसे दोनों ने ठुकरा दिया। इससे कुपित होकर उसने मां सीता पर आक्रमण किया। इससे क्रोधित होकर लक्ष्मण ने उसकी नाक काट दी। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा, सर्वेश रस्तोगी, अंशु सक्सेना, पंकज मिश्रा, राजू मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, सुनील रस्तोगी, लवलीन कपूर, नवीन शर्मा, नवीन शर्मा आदि मौजूद रहे।

होली उत्सव में बही गीतों की बयार

बरेली, अमृत विचार : मानव सेवा क्लब ने शुक्रवार को रोटरी भवन में होली उत्सव आयोजित किया। होली के गीतों पर महिलाओं और पुरुषों ने नृत्य किया। गीतिका श्रीवास्तव ने होली आई रे कन्हाई सुनाकर श्रोताओं से खूब तालियां बटोरीं। रश्मि ने मैं होली कैसे खेलूंगी सांवरिया के संग गीत से समां बांध दिया। क्लब की संरक्षक पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन, कल्पना सक्सेना ,चित्रा जौहरी, शुकुन,रीता सक्सेना ने ग्रुप में भजन की प्रस्तुति दी। शोभा सक्सेना, मुकेश, सरला चौधरी, इं. ए.एल गुप्ता, मंजू सक्सेना, प्रीति सक्सेना, अरुणा सिन्हा, प्रकाश सक्सेना, डॉएस के .शर्मा, सत्येन्द्र सक्सेना, शुभी श्रीवास्तव ने होली के गीतों की प्रस्तुति दी। अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, निर्भय सक्सेना, राहुल शर्मा,आशा शुक्ला, विपिन गर्ग, संजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।

वही सरकारी नियम-कायदे और अफसरों की चेतावनी फिर भी हमेशा की तरह स्कूलों में अभिभावकों से लूटपाट

महंगी किताबें अभिभावक खरीदने को मजबूर , डीआईओएस बोले-निरीक्षण कर करेंगे कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हर साल की तरह अभिभावकों के साथ लूटपाट पुराने अंदाज में शुरू हो गई है। निजी स्कूलों में सरकारी नियम-कायदों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है। अफसरों ने भी निजी स्कूलों को चेतावनी जारी करने की रस्म अदायगी कर डाली है लेकिन फिर भी स्कूल अभिभावकों को एनसीईआरटी के बजाय कई गुना महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने को मजबूर कर रहे हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह का कहना है कि एक अप्रैल ने नया शैक्षिक सत्र शुरू हो रहा है। सभी निजी स्कूलों को निजी प्रकाशकों की किताबें नहीं लगवाने को लेकर चेतावनी दी जा चुकी है। एनसीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई के लिए पर्याप्त हैं। अन्य किसी सहायक किताब के लिए अभिभावकों पर दबाव नहीं बनाया जा सकता। कई स्कूलों के खिलाफ शिकायतें मिल रही हैं, जल्द ही छापामारी कर स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

निजी स्कूलों के दबाव में अभिभावकों की जेब पर महंगी किताबों का बोझ

बच्चों की कापी किताबें खरीदने के लिए दुकानों पर उमड़ने लगी अभिभावकों की भीड़

कक्षा एक का सेट दो से ढाई हजार में

ड्रेस भी चहेती दुकान से खरीदने का दबाव

अभिभावकों से बच्चों की किताबों के साथ उनकी ड्रेस भी स्कूल अपने चहेती दुकान से ही खरीदने का दबाव बना रहे हैं। इसकी वजह से कम कीमत की ड्रेस के अभिभावकों को अधिक रुपये चुकाने पड़ रहे हैं। अभी सत्र शुरू होने में दो दिन शेष हैं लेकिन अभी से ही अभिभावक परेशान हो रहे हैं।

कापियां न लेने पर किताबें नहीं दे रहे

स्कूलों के प्रबंधन की साठगांठ के कारण दुकानदार अभिभावकों की जेब काटने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। डीआईओएस को एक अभिभावक ने पत्र देकर इस शोषण की शिकायत की है। तमाम निजी स्कूलों ने किताबों पर अधिक मुनाफा देने वाले दुकानों और प्रकाशकों को तय कर रखा है। अभिभावक के पत्र के अनुसार दुकानदार कॉपियां नहीं लेने पर किताब देने से भी मना कर रहे हैं। अभिभावक ने डीआईओएस से ऐसी दुकानदारों को चिह्नित कर कार्रवाई करने की मांग की है।

35 सौ रुपये में मिला कक्षा एक की किताबों का सेट

नावल्टी चौराहे के समीप एक स्टेशनरी की दुकान पर बेटे की किताबें खरीदने पहुंचीं नीलम शंखधार ने बताया कि कक्षा एक की किताबों का सेट उन्हें 35 सौ रुपये में खरीदना पड़ा, जबकि दुकानदार ने चार हजार का बिल बनाया था। वहीं मो. फैजान ने बताया कि शहर के एक नामी स्कूल में उनकी बेटी कक्षा तीन में पढ़ती है। उसका 48 सौ रुपये में किताबों का सेट खरीदना पड़ा।

ऊपर से किताबों का बोझ, जवाब दे गई बच्चों की शक्ति। ● अमृत विचार

पैरामेडिकल और आईएमएस-ए ने जीते मैच

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज आफ इंजीनियरिंग स्थित क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को आमोद क्रिकेट कप 2024 की शुरुआत हुई। पहले मैच में एसआरएमएस पैरामेडिकल ने एसआरएमएस आईएमएस-बी को छह विकेट से हराया। शाहबाज को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में एसआरएमएस- ए ने सीईटीआर- नर्सिंग की टीम को 70 रन से हराया। एसआरएमएस- ए के डॉ. फैज को मैन आफ द मैच रहे।

पहले मैच में पैरामेडिकल के कप्तान सौरभ ने टॉस जीत कर आईएमएस- बी को बैटिंग का न्यौता दिया। आईएमएस-बी ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 116 रन बनाए। पैरामेडिकल ने 15 ओवर में ही छह विकेट से यह मैच जीत लिया। दूसरे मैच में आईएमएस-ए के कप्तान डा.रेहान अली ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

आईएमएस-ए ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 170 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीईटीआर- नर्सिंग की पूरी टीम 100 रन पर पैवेलियन लौट गई। शनिवार एसआरएमएस पैरामेडिकल और एसआरएमएस सीईटी-ए, एसआरएमएस आईएमएस-ए और एसआरएमएस सीईटी- बी के बीच मैच खेला जाएगा।

गुड फ्राइडे पर हुई विशेष प्रार्थना सभाएं

बरेली, अमृत विचार : गुड फ्राइडे पर शहर के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं की गईं, जिसमें मसीही समाज के लोगों ने भाग लिया। पादरियों ने प्रभु यीशु के सात पवित्र वचन सुनाए।

क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में सुबह ही तैयारियां शुरू कर दी गईं। 12 बजे चर्च में विशेष प्रार्थना हुई। मुख्य पादरी सुनील के मसीह ने प्रार्थना कर धार्मिक गीत गाए और प्रभु यीशु के सात पवित्र वचन सुनाए। पादरी एडमंड ने बताया कि परमेश्वर ने इस सृष्टि की रचना के बाद अपने ही स्वरूप में मानव की रचना की। पादरी डॉ. ईएस चार्ल्स ने भी विचार रखे। इस मौके पर चर्च को विशेष रूप से सजाया गया था।

वहीं, कैंट स्थित सेंट अल्फॉसिस महागिरजाघर में भी विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। बरेली डायस के प्रमुख बिशप डा. इग्नेशिसय डिसूजा ने प्रार्थना सभा की शुरुआत की। प्रार्थना सभा में फादर फ्रांसिस, फादर रॉयल, जॉन मरिया, अजीत, आलोक, एल्सा, हेलन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

गुड फ्राइडे पर क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्ज में प्रार्थना करते हुए। ● अमृत विचार

● **पादरियों ने प्रभु यीशु के सात पवित्र वचन सुनाए**

प्रार्थना कराते पादरी सुनील मैसी।

नौ अप्रैल को तीन राजयोग में होगी चैत्र नवरात्र की शुरुआत

बरेली, अमृत विचार : नौ अप्रैल को तीन राजयोग में चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी। ज्योतिषाचार्य पं. रमाकांत दीक्षित ने बताया कि पंचांग के अनुसार आठ अप्रैल को सोमवार की रात 11:55 बजे चैत्र प्रतिपदा तिथि शुरू होगी और नौ अप्रैल को रात 8:30 बजे समाप्त होगी। इसी दिन से नवरात्र शुरू हो जाएंगे।

चैत्र नवरात्र पर घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 6:11 से 10:23 बजे तक रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना होगी। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:03 से 12:54 बजे तक रहेगा। ज्योतिषाचार्य पं. बृजेश गौड़ ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्र पर तीन राजयोग शश, सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि का निर्माण हो रहा है। ज्योतिष में इन योगों को बहुत शुभ माना गया है।

...तो बीआरसी में चोरी पर बीईओ को सस्पेंड करें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर के ब्लाक संसाधन केंद्र (बीआरसी) में चोरी के बाद शिक्षक संगठनों ने बीईओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिक्षक नेताओं का कहना है कि जब स्कूलों में चोरी की घटनाओं पर शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया था तो बीईओ के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। वहीं, स्कूल में हुई चोरी के मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

गुरुवार रात चोरों ने बिथरी चैनपुर स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय और बीआरसी को निशाना बनाया। चोर स्कूल से सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, हार्ड डिस्क और कार्यालय से इंवर्टर समेत हजारों का कीमती सामान चुरा ले गए। मामले में प्रधानाध्यापक नरेश गंगवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बीईओ अवनीश कुमार ने बताया कि इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी जाएगी।

बिथरी चैनपुर बीआरसी कार्यालय में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

> परिषदीय स्कूलों में सुरक्षा के लिए किसी की नियुक्ति नहीं है। इसके लिए जल्द प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर रूपरेखा तैयार कराई जाएगी।
> –**संजय सिंह**, बीएसए

● **चोरों ने बिथरी चैनपुर के बीआरसी और स्कूल को बनाया निशाना, हजारों का सामान समेटा**

● **स्कूलों में चोरी की घटनाओं पर दो शिक्षकों को किया जा चुका है निलंबित, शिक्षक नेता खफा**

शिक्षक नेता बोले- बीईओ पर भी हो कार्रवाई

बीते दिनों बिथरी चैनपुर और नवाबगंज क्षेत्र में दो स्कूलों में चोरी होने पर दो शिक्षकों को बीईओ की संस्तुति पर बीएसए ने निलंबित कर दिया था। जबकि जिले भर के शिक्षक संगठनों ने चोरी के कारण शिक्षकों को निलंबित करने को अव्यवहारिक बताते हुए विरोध किया था। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि स्कूलों में चोरी होने पर शिक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई हो सकती है तो बीआरसी में चोरी होने पर बीईओ के खिलाफ भी निलंबन की कार्रवाई होनी चाहिए। यूटा के जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर रोक के लिए स्कूलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। प्राथमिक शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री केसी पटेल ने कहा कि स्कूलों में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए ग्राम पंचायत की ओर से मनरेगा के तहत चौकीदार की व्यवस्था की जाए।

सालभर में 75 स्कूलों में हो चुकी हैं चोरियां

परिषदीय स्कूलों में बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए स्मार्ट टीवी, सीसीटीवी आदि उपकरण लगाए जा रहे हैं, लेकिन इन उपकरणों की सुरक्षा को लेकिन विभाग की ओर से कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। नतीजतन, स्कूलों में आए दिन चोरियां हो रही हैं। करीब एक साल में अब तक 75 से अधिक स्कूलों में चोरियां हो चुकी हैं।

फ्लोराइड का अधिक प्रयोग दांतों को कर सकता है खराब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस में ओरल हेल्थ माह**

● **बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति किया जा रहा है जागरूक**

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि फ्लोरोसिस ऐसी बीमारी है जो फ्लोराइड के संपर्क में आने से होती है। यह बीमारी बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित कर सकती है। यह दांतों की मजबूती को प्रभावित करके उन्हें कमजोर बना सकती है।

उन्होंने बताया कि फ्लोरोसिस के मुख्य कारणों में पानी में अधिक फ्लोराइड, फ्लोराइड सप्लीमेंट्स का अधिक उपयोग और अनावश्यक फ्लोराइड सामग्रियों का उपयोग शामिल है। अधिक फ्लोराइड के संपर्क में आने से दांतों की ऊपर की परत पर सफेद दाग बन सकते हैं जिससे दांतों का आकार बिगड़ सकता है और उनमें कमजोरी आ सकती है। उन्होंने बताया कि दंत चिकित्सक फ्लोरोसिस के लक्षणों को देख कर उपचार का निर्धारण करते हैं जिसमें दांतों पर फ्लोराइड के संचय को कम करने के लिए फ्लोराइड निष्कासन की प्रक्रिया शामिल है।

फिंगरप्रिंट मिलान न होने से आधार नहीं हो रहे अपडेट

बरेली, अमृत विचार : डाकघरों में आधार अपडेट कराने पहुंच रहे वरिष्ठ नागरिकों को फिंगरप्रिंट मिलान न होने से परेशानी हो रही हे। ऐसे में डाककर्मी आंखों को स्कैन कर रहे हैं लेकिन मोतियाबिंद और अन्य आंख संबंधी ऑपरेशन कराने वालों में समस्या आ रही है।

जिले में मुख्य डाकघर समेत 60 से अधिक आधार सेवा केंद्र हैं। यहां रोजाना 650 से अधिक लोग आधार कार्ड अपडेट कराने के साथ नए आधार कार्ड बनवाने आते हैं। एसएसपीओ अमित दत्त ने बताया कि आधार कार्ड अपडेट के दौरान वरिष्ठ नागरिकों में समस्या आ रही है, ऐसी स्थिति के लिए निदेशालय को जानकारी दी गई है, जल्द ही कुछ समाधान निकाला जाएगा।

रमजान के तीसरे जुमे को मस्जिदों में उमड़ा नमाजियों का सैलाब

बरेली, अमृत विचार : शुक्रवार को रमजान के जुमे की नमाज शहरभर की मस्जिदों में रोजेदारों ने अदा की। जुमा की मुख्य नमाज किला की शाही जामा मस्जिद में दोपहर डेढ़ बजे बड़ी संख्या में नमाजियों ने शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम की इमामत में अदा की। सभी प्रमुख दरगाहों, खानकाहों और मस्जिदों में दोपहर साढ़े बारह बजे से नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू हुआ। नौमहला मस्जिद के इमाम मुफ्ती अब्दुल बाकी रजवी मरकजी ने जकात अदा करने का तरीका बताया। कोतवाली की मोती मस्जिद में हाफिज चांद खान और मौलाना मुजाहिद हुसैन आदि ने तकरीर की। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खान वारसी ने रमजान के तीसरे जुमे में नमाजियों को मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि अगला जुमा अलविदा का होगा।

शिया जामा मस्जिद में भी हुई जुमा की नमाज : शिया जामा मस्जिद में भी जुमा की नमाज अदा की गई। यहां शिया समुदाय के इमाम-ए-जुमा मौलाना शम्सुल हसन खां ने कहा कि रोजा इंसान को पाक रखता है। रोजेदार न सिर्फ इबादत करता है बल्कि गलत कामों से दूर रहता है।

नौमहला मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते हुए। ● अमृत विचार

रहमानी मियां ने वैश्विक स्तर पर कराई मसलक की पहचान: मुफ्ती सलीम

बरेली, अमृत विचार : आला हजरत के पोते मुफ्ती रेहान रजा खान (रहमानी मियां) का 39 वां एक दिवसीय उर्स दरगाह परिसर में मनाया गया। शाम को सामूहिक रोजा इफ्तार हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदमंदों ने शिरकत की।

सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने मुल्क की खुशहाली के लिए दुआ की। उर्स के सभी कार्यक्रम दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां की सरपरस्ती, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सदारत और सैयद आसिफ मियां की देखरेख में हुए। सुबह 8 बजे महफिल का आगाज मुफ्ती मोइनुद्दीन ने तिलावत-ए-कुरान से किया। नातख्वा हाजी गुलाम सुब्हानी ने हम्द, नात और मनकबत का नजराना पेश किया। इसके बाद उलमा की तकरीर का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने कहा कि रहमानी मियां ने मसलक-ए-आला हजरत की वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। सुबह 9.58 बजे मुफ्ती जमील नूरी और मौलाना मुख्तार रजवी ने फातिहा पढ़ी। दुआ सदर मुफ्ती आकिल रजवी ने की। दिन भर गुलपोशी और चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा। मुफ्ती सैयद शाकिर अली, मास्टर कमाल, राशिद अली खान, हाजी जावेद खान, नासिर कुरैशी, परवेज नूरी, शाहिद नूरी, अजमल नूरी, ताहिर अल्वी, औरंगजेब नूरी, मंजूर रजा, हाजी अब्बास नूरी आदि मौजूद रहे।

रोजा इफ्तार के दौरान दरगाह आला हजरत पर अकीदतमंद। ● अमृत विचार

● **रहमानी मियां के 39 वें कुल की रस्म की गई अदा**

● **दरगाह पर किया गया सामूहिक रोजा इफ्तार**

स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बनना शुरू

बरेली, अमृत विचार : एथलेटिक्स खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण शुरू हो गया है। शासन ने सिंथेटिक ट्रैक के लिए करीब 10 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। अफसरों के अनुसार कार्यदायी संस्था सिडको को पहली किस्त के रूप में करीब चार करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। चार सौ मीटर ट्रैक बनाने के लिए खोदाई काम शुरू कर दिया गया है। इसके बाद सीमेंट की लेयर डाली जाएगी। रोलर से सिंथेटिक लेबलिंग की जाएगी। वहीं, ट्रैक निर्माण के चलते धूल उड़ने के कारण खिलाड़ियों को दिक्कत हो रही है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि दो साल में सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो जाएगा। इससे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरेगी।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्माणाधीन सिंथेटिक ट्रैक। ● अमृत विचार

ट्रैक के निर्माण की वजह से धूल उड़ने से खिलाड़ियों को हो रही परेशानी। ● अमृत विचार

सिंथेटिक ट्रैक बनने से फौज की तैयारी करने वालों हो सकती है दिक्कत

सिंथेटिक ट्रैक बनने से फौज की तैयारी के लिए स्टेडियम में दौड़ लगाने वालों हो दिक्कत हो सकती है। दरअसल, सिंथेटिक ट्रैक पर सामान्य जूते पहनकर दौड़ नहीं लगाई जा सकती है। इसके लिए विशेष प्रकार के स्पाइक जूते का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे ट्रैक सुरक्षित रहे। वर्तमान में 20 से अधिक युवाओं यहां दौड़ लगाने आते हैं। अफसरों के अनुसार ट्रैक बनने के बाद इस संबंध में कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

बास्केटबॉल: 38 खिलाड़ी चुने गए

बरेली, अमृत विचार : जिला बास्केटबॉल संघ की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर-18 आयुवर्ग के खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय बालक और बालिका का ट्रायल हुआ। इसमें 39 बालक और 25 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इसमें 22 बालक और 16 बालिकाओं का चयन शिविर के लिए किया गया। जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव सोनेंद्र श्रोतिया ने बताया कि बालक वर्ग में ऋषभ पाराशर, वीर प्रताप, राजवर्धन, मोहित, विधान, रचित, दिव्यांशु, वीरेंद्र, शुभम, अमित, नमन, अमोस, निशांत, सुयश, रुद्र, प्रसिद्ध, शुभाशीष, लवी, अनुज, विशाल, लक्की, प्रतीत और बालिका वर्ग में हनी, समीक्षा, शिवांगी, राखी, अपूर्वा, अंजलि, मुद्रिका, पलक, आराध्य, चैतन्य, व्याख्या, काव्या, कीर्ति, सिया, महक चयनित हुए। इस दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव, उपक्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद आदि मौजूद रहे।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693

महिला पर सीसीटीवी से नजर, अश्लीलता भी की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पड़ोसी पिता-पुत्र का वीडियो भी वायरल, फिर भी पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : प्रेमनगर में एक महिला के ड्राइंग रूम की तरफ पड़ोसी ने सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। महिला के विरोध पर उसने और उसके पिता ने अश्लील हरकत की। इसका वीडियो भी वायरल हो गया।

आरोप है कि पुलिस ने वीडियो देखने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। उन्होंने वीडियो भी एसएसपी को सौंपा है। एसएसपी ने प्रेमनगर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। राजेन्द्रनगर निवासी महिला ने बताया कि उसके पड़ोसी और उसके पिता ने बाथरूम और उनके ड्राइंग रूम की ओर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए हैं। आरोपी आए दिन उनके बाथरूम और ड्राइंग रूम में झांकते हैं। 21 मार्च को शाम छह बजे जब वह बाथरूम में गईं तो आरोपी युवक झांकने लगा। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी और उसके पिता ने गालीगलौज की और अश्लील हरकतें की। इसका वीडियो भी उनके पास है। जब वह प्रेमनगर थाने पहुंची तो पुलिस ने वहां से भगा दिया।

सार-संक्षेप

क्रॉसिंग पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

बरेली, अमृत विचार : सिटी श्मशान भूमि क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आन से युवक की मौत हो गई। सुभाषनगर के मोहल्ला वंशीनगला निवासी नेतराम कश्यप साइकिल मिस्त्री हैं। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम को नेतराम ने अपने बेटे विशाल (25) को साइकिल का सामान लेने के बाजार भेजा था। शाम सात बजे वह श्मशान भूमि रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

गालीगलौज का विरोध करने पर किया पथराव

बरेली, अमृत विचार : किला में दीवार पर प्लास्टर का पड़ोसी ने विरोध किया और पथराव कर दिया। आरोप है कि पड़ोसी ने महिला के कपड़े भी फाड़ दिए। किला पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला के मुताबिक 25 फरवरी को उनके मकान की बाहरी दीवार पर प्लास्टर हो रहा था। इससे नाराज होकर पड़ोसी कमल रस्तोगी, उसकी पत्नी ममता, बेटा राजा और बेटी सेजल गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने छत से पथराव कर दिया, जिससे वह चोटिल हो गईं। इसके बाद आरोपियों ने उनके घर में घुसकर उनके और उसकी पुत्रवधू के साथ मारपीट की। पुत्रवधू के कपड़े फाड़ दिए और अभद्रता की। एडीजी के निर्देश पर किला पुलिस ने कमल, ममता, सेजल और राजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दहेज में दस लाख न देने पर तलाक की धमकी

बरेली, अमृत विचार : दहेज में दस लाख रुपये न देने पर पति ने महिला को तलाक देने की धमकी दी। महिला ने बिथरी चैनपुर थाना में पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। राम गंगानगर कॉलोनी निवासिनी ऐमन जैदी ने बताया कि उनका निकाह 31 दिसंबर 2023 को पीलीभीत के पूरनपुर के मोहल्ला गणेशगंज पूर्वी निवासी अरमान के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही अरमान दस लाख रुपये की मांग करने लगा। इंतजाम न होने पर तलाक देने की धमकी दी और कई गंभीर आरोप भी लगाए। पूरनपुर के प्रधान के यहां पंचायत में समझाकर मामला शांत करा दिया। पुलिस ने पति अरमान, उसके भाई शाकिर और भाभी लैला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दिल्ली पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया

बरेली, अमृत विचार : धोखाधड़ी के मामले में मॉडल टाउन निवासी एक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस व्यक्ति को साथ में दिल्ली ले गए। उसके खिलाफ सरिता विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज है। दिल्ली पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपी जसपाल को हिरासत में लेकर मॉडल टाउन चौकी में काफी देर तक पूछताछ की। इसके बाद उसे साथ लेकर गई। इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि जसपाल के खिलाफ सरिता विहार थाने में दो रिपोर्ट दर्ज हैं। दिल्ली पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए मदद मांगी थी। इसलिए थाना पुलिस को भेजा गया।

एआरवी केंद्र पर नहीं एंटी रैबीज सीरम

बरेली, अमृत विचार : कुत्ता, बंदर या अन्य जानवरों के हमले में गंभीर घायल मरीजों के लिए तीन सौ बेड अस्पताल के एआरवी केंद्र पर एंटी रैबीज सीरम (एआरएस) उपलब्ध नहीं है। इस वजह से मरीजों को जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ रही है। इसके पीछे अफसरों का तर्क है कि शासन स्तर से सीरम की आपूर्ति नहीं की जाती है। एआरवी केंद्र पर एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध है, मगर सीरम नहीं है। डॉक्टरों के अनुसार गंभीर घायलों के घाव पर यह सीरम लगाया जाता है। जिला अस्पताल प्रशासन के अनुसार गंभीर मरीजों को तुरंत सीरम लगाने की जरूरत होती है, इसलिए लोकल पर्चेज के माध्यम से सीरम इमरजेंसी वार्ड में रखना पड़ता है। बाजार में कीमत अधिक होने के कारण अधिकांश मरीज सीरम खरीद नहीं सकते हैं। ऐसे मरीजों को इमरजेंसी वार्ड में सीरम लगवाना पड़ रहा है।

घटतौली की एसडीएम से की शिकायत

भमोरा, अमृत विचार : ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद की ग्राम पंचायत चंपतपुर के ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सरकारी राशन की दुकान मुन्नी देवी के नाम है जिसे उनका पति राजेंद्र चलता है। उसने कांटे पर लगभग 700 ग्राम वजन की बाल्टी रख रखी है जिससे वह राशन बांटता है। गेहूं, चावल और बाजरा को तौलने में प्रयोग करता है, जिससे लगभग 2 किलो 100 ग्राम गला कम मिलता है, जबकि नियम अनुसार सरकार के दिए गए बैग में ही गला तौलना चाहिए। शिकायत करने पर दबंगई दिखाते हुए ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करता है एसडीएमआंवला से ग्रामीणों ने लिखित शिकायत की परंतु 6 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

एसओजी ने दो स्मैक तस्करों को किया गिरफ्तार

फरीदपुर, अमृत विचार : एसपी दक्षिण मानुष पारिक के निर्देश पर फरीदपुर के एक गांव में दबिश देकर एसओजी की टीम ने दो स्मैक तस्करों को दबोच लिया। पुलिस और एसओजी दोनों से पूछताछ कर रही है। फरीदपुर के गांव भूरे खां की गौटियां में एसओजी व पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर स्मैक तस्कर रुखशाद व उसके भाई गुलशाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि रूखशाद और गुलशाद लोडर वाहन चलाते थे। दोनों आरोपियों ने हवाला कारोबार और स्मैक की तस्करी से करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली। रूखशाद कुछ दिन पहले ही जेल से छूट कर आया है। पुलिस के मुताबिक रूखशाद जेल से आने के बाद फिर से तस्करी जैसे अवैध धंधे में संलिप्त हो गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों भाईयों ने चंद दिनों मे ही जमीन और अचल संपत्ति अर्जित की है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

आठ आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव और ईद को देखते हुए पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों में राजेश निवासी कुरतरा, धर्मपाल निवासी रहपुरा जागीर, बिजेंद्र कुमार निवासी सतुइया, गेंदनलाल, बिजेंद्र कुमार बकैनिया चंपतपुर, सुरेंद्र निवासी बसंत बिहार कालोनी, छोटे निवासी नई बस्ती दीपक उर्फ लक्की निवासी चतुर्वेदी लोधीनगर, अरविंद कुमार निवासी वार्ड एक नई बस्ती भिटौरा शामिल हैं।

रंगदारी मांगने के आरोपी दंपती गिरफ्तार

सिरौली, अमृत विचार : पुलिस ने रंगदारी और मारपीट के आरोप में वांछित चल रहे दंपती को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। भमोरा के गांव देवचरा निवासी मुकेश गुप्ता ने 21 जुलाई 2023 को इस्लामपुर उर्फ दलीपुर निवासी जुगेंद्र सागर उसकी पत्नी बबली और दो अज्ञात लोगों पर रंगदारी मांगने और मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह 8:30 बजे हरदासपु - दलीपुर मार्ग से दोनों को दबोच लिया। सिरौली पुलिस की कार्रवाई से अंसतुष्ट मुकेश गुप्ता ने मुकदमा शीशगढ़ थाने को स्थानांतरित करा दिया था।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO-9001:2008 Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
● रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
● 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज

नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 31 मार्च 2024, रविवार
21 अप्रैल 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

मिट्टी लदे ट्रैक्टर ने तहेरी-चचेरी बहनों को कुचला, एक की मौत

साइकिल से खेत जाते समय दोनों बहनें हुईं हादसे का शिकार

संवाददाता, शीशगढ़

अमृत विचार : साइकिल से खेत जा रही चचेरी-तहेरी बहनों को मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने रौंद दिया, जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी की हालत गंभीर हैं।

शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बुझिया निवासी रामप्रसाद अपनी ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी भरकर ला रहे थे। रास्ते में गांव के मेघराज राजपूत की बेटी लबी (12) और उनके भाई राजीव की बेटी साक्षी (5) साइकिल से खेत से चारा लेने जा रही थी। दोनों साइकिल समेत ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गई जिससे लबी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साक्षी को इलाज के लिए बहेड़ी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख रुद्रपुर (उत्तराखंड) रेफर कर दिया। लबी गांव के ही प्राइवेट स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा थी।

● बेटी की मौत से परिवार में मातम, दूसरी भी गंभीर

बच्ची की मौत से घर में मातम: ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से लबी की मौत के बाद उसके घर में कोहराम मच गया, उसके मां- बाप समेत पूरे परिवार का रो- रोकर बुरा हाल है। वहीं लबी के परिजनों को सांत्वना देने आने वालों की लाइन लगी हुई हैं। बेटी की मौत के बाद से मां- बाप के आंखों से आंसू नहीं रुक रहे हैं। लबी से छोटा एक भाई पांच वर्ष का है जो बहन की मौत से अंजान अपनी दुनिया में खेलता हुआ नजर आया।

घायल युवक की चार दिन बाद मौत

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : चार दिन पहले सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। थाना शाही के गांव परतापुर निवासी हरीश (25) 25 मार्च को होली मिलने सीबीगंज गया था। देर शाम लौटते समय अगरास मोड़ पर उसकी बाइक में अनियंत्रित टेंपो ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया था, इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई।

ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। एक बच्ची की मौत हुई है। जिसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी की हालत नाजुक है जिसका रुद्रपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा है। जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
-रविंद्र कुमार, इंस्पेक्टर शीशगढ़

पूनम किन्नर समेत सात पर मुकदमा

भोजीपुरा, अमृत विचार : एक गांव में बधाई देने पहुंचे किन्नरों के दो गुटों में एक माह पहले जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें पुलिस ने एक पक्ष की रिपोर्ट उसी दिन दर्ज कर ली थी। अब दूसरे पक्ष की ओर से कोर्ट के आदेश पर पूनम किन्नर समेत सात किन्नरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। भोजीपुरा के गांव अंधी गौंटिया निवासी पूनम किन्नर 14 फरवरी को भोजीपुरा के ही गांव घंघोरा पिपरिया में बधाई देने पहुंचे थे। इसी दौरान किला इलाके के स्वाले नगर में रहने वाली किन्नर सरोज अपने साथी शीतल रुखसार माधुरी के साथ घंघोरा पिपरिया में उसी घर में बधाई देने पहुंच गए थे। जजमानी को लेकर दोनों गुटों में जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों गुटों के लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने पूनम किन्नर की तहरीर पर सरोज, शीतल, माधुरी, रुखसार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सरोज थाने से लेकर पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो सरोज ने कोर्ट की शरण ली।

सार-संक्षेप

पार्श्वनाथ का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया

आंवला, अमृत विचार : रामनगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में ज्ञान कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में भारी संख्या में जैन अनुयाई शामिल हुए। चैत्र शुक्ल पक्ष में आयोजित महोत्सव में शुक्रवार प्रात: काल से विभिन्न धार्मिकआयोजित हुए। माता पद्मावती का महा श्रृंगार और पार्श्वनाथ का जलाभिषेक किया गया। तीर्थंकर महामुनि की प्रथम आहारचर्या कर श्रद्धालुओं ने महामुनि को आहार देकर स्वयं को धन्य किया। पार्श्वनाथ की केवल्य पूजा और दिव्य देशना विधि से कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति में कुंज समाधि स्थल का शिलान्यास की क्रियाएं की गईं। जैन अनुयायियों ने बैंड बाजे के साथ पार्श्वनाथ की रथ यात्रा निकाली, शाम के समय गुरुभक्ति, आरती और विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस मौके पर संजय खंडेलवाल, अरुण कुमार जैन, विनोद, अखिलेश जैन, अजय जैन बजाज, राहुल जैन आदि मौजूद रहे।

बालाजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

शीशगढ़, अमृत विचार : बालाजी महाराज के दर्शन के लिए खमरिया मंदिर के महंत केदार दास बाबा की प्रेरणा से ब्राह्मण सभा के प्रदेश महामंत्री मुकेश शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को कजियापुरा धाम से राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी के लिए 51 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। शनिवार प्रात: काल सभी भक्त बालाजी महाराज के दर्शन करेंगे। शनिवार रात को बालाजी महाराज का दिव्य दरबार लगेगा। शनिवार और रविवार को महंत की ओर से भक्तों की सवामनी का बालाजी को भोग लगवाकर भंडारा होगा। रविवार को ही जत्था बालाजी से वापस रवाना होकर वरसाने, गोवर्धन पर्वत के दर्शन करते हुए रात्रि विश्राम मथुरा वृंदावन होगा। सोमवार को जन्मभूमि मंदिर, गोकुल आदि मंदिरों के दर्शन करते हुए यह भक्तों का जत्था कछला घाट पर गंगा स्नान कर के देर शाम कजियापुरा बालाजी धाम पहुंच जाएगा।

गोविन्द राम यदुवंशी की पुण्य तिथि मनाई

मीरगंज, अमृत विचार : पटेल एकेडमी के संस्थापक गोविन्द राम यदुवंशी की पुण्य तिथि पर हुए वार्षिकोत्सव में प्रतिभावान बच्चों को स्मृति चिन्ह व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम देश दीपक सिंह ने लोगों से ट्रेडिशनल शिक्षा से बाहर निकलकर रोजगार परक शिक्षा पर बल दिया। अभिभावक अपने और आसपास के सभी अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकताओं में शामिल करें। प्रबन्धक ओमकार सिंह ने मुख्य अतिथि और बच्चों के साथ आए बुजुर्ग दंपतियों का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

दस लाख दो तभी शुरू कर पाओगे जमीन पर निर्माण

संवाददाता, बहेड़ी

● अपनी जमीन पर निर्माण करा रहे युवक से मांगी रंगदारी

अमृत विचार : गांव सैदपुर बुजुर्ग में अपनी जमीन पर निर्माण करा रहे मो. काशिफ से तीन लोगों ने दस लाख की रंगदारी मांगी और निर्माण बंद करा दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसएसपी से की है।

मोहल्ला इस्लामनगर निवासी मोहम्मद काशिफ ने शिकायत में कहा है कि उसकी गांव सैदपुर बुजुर्ग में जमीन है जिस पर उसका कब्जा है। बीते दिनों वह वहां निर्माण करा रहा था। तभी कुछ लोगों ने आकर काम बंद करा दिया। उनमें से एक युवक पहले बीस लाख लेने की बात कही फिर बाद में दस लाख से कम न लेने की बात करने लगा। यह भी कहा कि रुपये देने के बाद नगरपालिका या तहसील कार्यालय से कोई भी नहीं पहुंचेगा। रंगदारी मांगने का यह आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो प्रशासनिक अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लिया। डीएम ने एसडीएम से नगरपालिका के ईओ और संबंधित लेखपाल की भूमिका की जांच करने को कहा। इसके बाद पुलिस ने दो नामजद सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

मो काशिफ ने लिखाई रिपोर्ट में बताया वह अपनी जमीन पर निर्माण करा रहा हैं, इसी दौरान पीयूष खंडूजा निवासी माथुर रोड, ताहिर सिद्दीकी निवासी मोहल्ला तलपुरा अपने एक अन्य साथी के साथ दस लाख रुपए देने का दबाव बनाकर काम में अड़ंगा डालने लगे रंगदारी न देने पर निर्माण कार्य नहीं होने देने की धमकी दे रहे हैं। नगरपालिका ईओ वीरेंद्र प्रताप सिंह ने भी इस मामले में कार्रवाई करने की बात कही।

तहरीर को आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं इस मामले में सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह का कहना है कि रंगदारी मांगकर समाज में डर का माहौल पैदा करने वाले कार्रवाई से बच नही पाएंगे। वायरल आडियो अधिकारियों के संज्ञान में है।

महिला से ससुर और देवर ने की मारपीट, रिपोर्ट

मीरगंज, अमृत विचार : एक महिला से उसके ससुर और देवर ने गाली देते हुए मारपीट की, इसके साथ ही उसे घर में घुसने नहीं दिया पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ भाई के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रोहित चौधरी निवासी ग्राम अत्तूनगला वीलपुर थाना फतेहगंज पूर्वी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बहन के साथ उसके ससुराल नगरिया सादात गया था। जैसे ही वे लोग वहां पहुंचे तो बहन के ससुर पूरन लाल, सास कौशल्या देवी और देवर अमित ने घर में घुसने नहीं दिया और उसकी बहन से मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं. UP25-19990000313 में पिता का नाम शमशाद अली के स्थान पर शहंशाह वली खाँ दर्ज किया जाये। **मो. अलीम खाँ पुत्र शहंशाह वली खाँ, नि. 73, ठिरिया निजावत खाँ, थाना कैण्ट, बरेली**

सूचना

मैने अपने पुत्र पवन को उसके गलत चाल-चलन,आचरण, व्यवहार के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर, सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य मे अपने कृत्य, लेन-देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व परिवार का वास्ता न होगा। **किरन देवी पत्नी ओमप्रकाश कश्यप निवासी- मोहल्ला संजय नगर थाना बारादरी, जिला-बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य संस्थागत परीक्षा सन् 2011 अनुक्रमांक 0927027 एवं इण्टरमीडिएट मुख्य संस्थागत परीक्षा सन् 2013 अनुक्रमांक 0731056 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गये हैं। **संयुक्ता वघेल आत्मजा अजीत कुमार सिंह नि. ग्राम/पो. सिमर्रा भोजपुर, बिल्सी, बदायूँ। मो. 8395023926**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पॉलिसी सं- 27002053 में मेरा नाम रिंकी मिश्रा दर्ज है, आधार कार्ड, पैनकार्ड अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम पिंकी मिश्रा है, पिंकी मिश्रा व रिंकी मिश्रा दोनों एक ही महिला के नाम है, निवासी सी-68/302, रामगंगानगर चन्द्रपुर, बरेली।

REQUIRED
Well qualified and trained (B.Ed and CTET must) teachers for
Mother Teresa Memorial School
Kareilly, Bareilly
1. PGT- English, Physics, Chemistry, Biology, Maths, Accountancy, Business Studies, Economics, Computer Science, Hindi and PHE.
2. TGT - English
3. PRT- Computer
4. Nursery teachers
EMAIL BIODATA within a week
mtms60469@gmail.com
Ph.No. 7599004065
PRINCIPAL

महिला ने लगाया जबरन शादी कराने का आरोप

नवाबगंज, अमृत विचार : ग्राम ठिरिया सैदपुर निवासी महिला का आरोप है कि उसके मां-बाप और चाचा ने 25 फरवरी को पैसे के लालच में उसकी जबरन शादी करा दी। शादी के बाद से उसके ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे, परेशान होकर वह मायके आ गई, लेकिन उसके मां- बाप ने उसे घर में नहीं घुसने दिया। परेशान होकर वह रुद्रपुर में नौकरी कर अपनी गुजर कर रही है। उसका आरोप है कि अब उसके मां- बाप और चाचा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। महिला ने किसी अनिष्ट की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

बाइक से आया चोर, दो बकरों को उठा ले गया

नवाबगंज, अमृत विचार : एक बाइक सवार घर के बाहर घूम रहे बकरों को बाइक पर लादकर भाग गया। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिस पर बकरों के मालिक ने आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी है। नगर के यासीन नगर निवासी प्रजेन्द्र पाल के दो बकरे गुरुवार शाम घर के बाहर घास चर रहे थे। गली से गुजरा बस्ती का ही एक युवक दोनों बकरों को बाइक पर लाद ले गया। बकरा मालिक ने सीसीटीवी के फुटेज के साथ आरोपी के विरुद्ध तहरीर पुलिस को दी है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच. 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

जिलाधिकारी के आदेश के बाद हरकत में आया ब्लॉक प्रशासन

नवाबगंज, अमृत विचार : दो दिन पूर्व नवाबगंज तहसील सभागार में स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर दिशा निर्देश जारी किए थे। इस दौरान बीडीओ को बूथो पर छाया के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए थे। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को नवाबगंज ब्लॉक सभागार में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बैठक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बीडीओ महेश चंद्र शाक्य ने मौजूद सफाई कर्मचारियों, पंचायत सहायकों को निर्देशित किया कि पंचायत घर, सरकारी स्कूलों एवं मतदान के लिए बने बूथों पर एंटी लारवा दवाई का छिड़काव कराने के साथ ही गड्ढे और नालियां, पोखर व तालाब है वहां पर दवाई का छिड़काव विधिवत कराते रहे। बैठक में खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र शाक्य, एडीओ पंचायत आशीष भटनागर, ब्लॉक के साथ ही ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

FUTURE
GROUP OF INSTITUTIONS
Learn · Assimilate · Transcend
• Tele Callers (F)
• Business Executives(M)
• Social Media Exe.(F)
Graduate/MBA(Preferred)
Fluent in English
Salary Negotiable
WALK IN INTERVIEW
31 March, 2024
11:00am to 4:00pm
City Office: D-46, IInd Floor, Butlar Plaza, Bareilly
Ph.:9917480040

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

शिक्षकों को बेवजह किया जा रहा परेशान

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : शिक्षकों की समस्याओं को शीघ्र हल नहीं किया गया तो वे अपनी समस्याओं को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराएंगे। यह बात शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को बेवजह परेशान किया जा रहा हैं

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

भाजपा नेताओं को वसूली टाइटंस बताने का आरोप

बंडा, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला पटेल नगर कॉलोनी निवासी अंकित ने पुलिस को बताया कि उसने बुधवार सुबह को अपने व्हाट्सएप के सोशल मीडिया अकाउंट पर एक मेसेज देखा, जिसमें गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई बड़े नेताओं के फोटो पर उन्हें वसूली टाइटंस लिखकर संबोधित किया गया था। पता चला कि मेसेज भेजने वाला व्यक्ति बरेली के थाना बहेड़ी क्षेत्र का रहने वाला है और वर्तमान में बंडा-पुवायां मार्ग पर बनी एक मार्केट में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चला रहा है। आरोप है कि जब युवक से पोस्ट को डालने को कारण पूछा तो वह जातिसूचक गालियां देने लगा और बोला वह ऐसी ही पोस्ट डालता रहेगा और अगर वह ज्यादा नेतागिरी करेगा तो उसे जान से मार देगा। अंकित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

एटा, अमृत विचार : नयागांव थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व मारपीट में घायल हुए वृद्ध की शुक्रवार की देर रात आगरा में उपचार के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और धारा 302 का मुकदमा दर्ज कराने के लिए हंगामा किया। पुलिस के आलाधिकारियों ने समझा बुझाकर शांत किया और अंतिम संस्कार कराया। नयागांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव आलमपुर कटारा में 20 मार्च को 72 वर्षीय प्रकाश सिंह के पुत्र और पत्नी के साथ मारपीट हो रही थी। यह मारपीट फसल में पानी चले जाने के कारण की जा रही थी। शोरगुल सुन पत्नी और बेटे के बचाने प्रकाश सिंह पहुंच गए। आरोप है कि हमलावरों ने प्रकाश सिंह पर सरिया से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कालेज भेज दिया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए आगरा रेफर कर दिया। गुरूवार की देर रात प्रकाश सिंह की मौत हो गई। शुक्रवार को परिजन शव लेकर गांव पहुंचे, पुलिस भी पहुंच गई।

वन विभाग की जमीन पर कब्जे की कोशिश, जांच के लिए पहुंची टीम

टीम ने जमीन की देखी स्थिति, ग्रामीणों से ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जंगल में वन विभाग की भूमि पर कब्जे की शिकायत पर बरेली से आई टीम ने सहसवान क्षेत्र का निरीक्षण किया।

डीएफओ की अगुवाई में पहुंची टीम ने लोगों से जानकारी ली। इस जंगल में कई हजार पुराने पेड़ हैं। जंगल के बीच में कुछ खाली जमीन भी पड़ी है। इस जमीन के साथ ही मालपुर गांव के लोगों की जमीन भी है। वह लोग अपनी जमीन के साथ वन क्षेत्र की कुछ जमीन पर कब्जा किए बैठे हैं। मालपुर निवासी मोहकम ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों और मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत की है कि वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। उसे खेती नहीं करने दिया जा रहा है। इस मामले में स्थानीय वन विभाग कर्मचारियों की मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है। कई अधिकारियों को भेजी गयी शिकायत पर अधिकारियों ने अमल करना शुरू कर दिया है। 26 मार्च को बरेली वन विभाग की एक टीम यहां पहुंची थी। टीम ने पूरे वन क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद खाली पड़ी जमीन को भी देखा। कुछ जमीन पर किसानों की फसलें भी खड़ी हैं। टीम ने जंगल का बारीकी से जायजा लिया और जमीन का सीमांकन कराने की बात कह कर टीम वापस लौट गयी। उसके बाद शुक्रवार को डीएफओ प्रदीप कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डीएफओ और सहसवान के रेजर अशोक त्यागी ने वन क्षेत्र का निरीक्षण किया। उसके बाद शिकायतकर्ता मोहकम को भी मौके पर बुलाया। शिकायतकर्ता का कहना था कि उसकी जमीन है। इस पर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी खेती नही करने दे रहे हैं। जबकि रेंजर अशोक त्यागी का कहना है कि शिकायतकर्ता मोहकम ने अपनी जमीन के साथ ही वन विभाग की जमीन पर भी कब्जा कर लिया है। इसलिए उसे खेती करने से रोका जा रहा है। मोहकम से कहा गया जब तक जमीन का सीमांकन नही हो जाता तब तक यहां पर खेती नही की जाएगी।

घर आ रहे युवक की हादसे में मौत

बदायूं, अमृत विचार : थाना जरीफनगर क्षेत्र में सड़क किनारे युवक का शव मिला। पास में बाइक पड़ी थी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। उघैती थाना क्षेत्र के गांव टेहरा निवासी सुनील कुमार गांव करियाबेन निवासी बहन के यहां गए थे। गुरुवार रात बाइक से वापस गांव जाने के लिए निकले थे। थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव खरखोली और मलिकपुर बिचौला के बीच किसी वाहन ने उनके बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। शव और बाइक सुबह तक सड़क किनारे पड़े रहे। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

ऑटो में सो रही मां की गोद से गिरकर बच्ची की मौत

संवाददाता, एटा

- 10 किलो मीटर दूर मां की नींद टूटी, तब चला पता

अमृत विचार : आटो में सो रही मां की गोद से पांच माह की बच्ची सड़क पर गिर गई जिससे वह घायल हो गई। राहगीरों ने उसको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां मौत हो गई। 10 किमी पहुंचने के बाद मां की नींद टूटी, तो उसे पता लगा।

मैनपुरी के छिवरामऊ थाना क्षेत्र के गांव नगला जेसी सराय सुंदर निवासी रजनीश पत्नी ममता और 5 साल की बेटी सौम्या व तीन अन्य बच्चियों के साथ ऑटो में बैठकर एटा की तरफ जा रहा था। इन लोगों को नोएडा जाना था। ममता बेटी को गोद में लेकर ऑटो में सो रही थी। शुक्रवार को ऑटो मलावन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जीटी रोड स्थित हरचंदपुर गांव के सामने पहुंचा कि तभी सौम्या गोद से उछलकर रोड पर जा गिरी। ऑटो वहां से चला गया, किसी ने बच्ची को गिरते हुए नहीं देखा। पीछे से आ रहे पंकज कुमार और सतेन्द्र सिंह ने बच्ची को सड़क पर पड़ा देखा तो उठाकर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। दिन के 2:30 बजे बच्ची की मौत हो गई। ऑटो कोतवाली देहात के गांव विरामपुर के पास पहुंचा तब रजनीश ने लघुशंका के लिए रुकवाया। पत्नी की गोद में बेटी दिखाई नहीं दी तो जगाकर पूछा।

जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए भटक रहीं गर्भवती महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अस्पताल में स्थाई रेडियोलॉजिस्ट न होने से 50 प्रतिशत घटी जांचें
- मजबूरी में महिलाओं को निजी सेंटरों पर करानी पड़ रही जांच

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए भटकना पड़ रहा है। अस्पताल में करीब एक साल से स्थाई रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने से सिर्फ तीन दिन ही जांचें होती हैं। ऐसे में मजबूरी में महिलाओं को निजी सेंटरों पर जांच करानी पड़ती है। इसकी वजह से अस्पताल में करीब 50 फीसदी जांचें घट गई हैं।

विभागीय रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक जिला महिला अस्पताल में 8606 मरीजों की अल्ट्रासाउंड जांचें की गई थीं। वहीं एक अप्रैल 2023 से 20 फरवरी 2024 तक सिर्फ 4585 जांचें ही हुईं। अस्पताल में करीब एक साल पहले तैनात रेडियोलॉजिस्ट मुरादाबाद के सीएमओ बन गए। इसकी वजह से स्थाई रेडियोलॉजिस्ट न होने से करीब दो महीने जांचें बंद रहीं। इसके बाद सीएमओ ने मीरगंज में तैनात एमओआईसी को यहां से अटैच कर सप्ताह में तीन दिन सेवाएं देने का आदेश दिया। इसके बाद से मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को ही अल्ट्रासाउंड की जांचें होती हैं।

> स्थाई पद पर रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। हालांकि मरीजों की सहूलियत के चलते तीन दिन सेवा जारी है। अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिल सके इसके लिए प्रयासरत हैं।
>
> **-डॉ. त्रिभुवन प्रसाद**, सीएमएस जिला महिला अस्पताल

युवक से ससुराल में मारपीट, आहत होकर खाया जहर, मौत

सिंधौली, अमृत विचार: पत्नी को विदा कराने गए युवक से ससुराल में मारपीट की गई और पत्नी भी साथ नहीं आई। इससे आहत युवक ने अपने घर आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर अस्पताल भागे, लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।सिंधौली क्षेत्र के गांव ढाकिया हमीद नगर निवासी सतेंद्र (24) पुत्र शिव सिंह की शादी 29 अप्रैल 2022 को लखीमपुर खीरी के थाना पसिगवां के गांव भुगियापुर निवासी संगीता के साथ हुई थी। 27 मार्च को वह पत्नी की विदा कराने ससुराल गया था, लेकिन पत्नी ने साथ चलने से मना कर दिया। इस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि पत्नी और सास सहित ससुराल के अन्य लोगों ने मिलकर सतेंद्र के साथ मारपीट की।

आंवला पुलिस ने 10 हजार 240 संदिग्ध लोगों पर की कार्रवाई

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने आंवला तहसील के पांचों थानों में 10 हजार 240 अभियुक्तों पर 107/116 की कार्रवाई की है। पुलिस की 27 दिन की कार्रवाई में 494 चालानी रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की गईं। जिनमें 3 हजार 910 अभियुक्त तामील कराए गए। 4 हजार 136 अभियुक्त पाबंद किए गए। 6 हजार 104 अभियुक्त पाबंद होने से शेष रह गये है।

एसडीएम नहने राम ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर एक से 27 मार्च के मध्य आंवला थाने से प्राप्त 124 चालानी रिपोर्टों में 2609 अभियुक्तों में 1524 अभियुक्त तामील कराए। जिनमें 1360 अभियुक्तों को पाबंद किया गया। 1249 अभियुक्त पाबंद होने से शेष रह गए हैं। अलीगंज से प्राप्त 70 चालानी रिपोर्टों में 1688 अभियुक्तों में 776 अभियुक्त तामील कराए गए। जिनमें 705 अभियुक्तों को पाबंद किया गया है। 983 अभियुक्त शेष रह गए हैं। सिरौली थाने से प्राप्त 86 चालानी रिपोर्टों में 1647 अभियुक्तों में 810 अभियुक्त तामील कराए गए। जिनमें 761 अभियुक्तों को पाबंद किया गया। 886 अभियुक्त पाबंद होने से शेष रह गये हैं। भमोरा थाने से प्राप्त 117 चालानी रिपोर्टों में 2482 अभियुक्तों में 730 अभियुक्त तामील कराये गये। जिनमें 680 अभियुक्तों को पाबंद किया गया। 1802 अभियुक्त पाबंद होने से शेष रह गये हैं। बिशारतगंज थाने से प्राप्त 97 चालानी रिपोर्टों में 1814 अभियुक्तों में 815 अभियुक्त तामील कराये गये। जिनमें 630 अभियुक्तों को पाबंद किया गया। 1184 अभियुक्त पाबंद होने से शेष रह गये हैं।

सार-संक्षेप

मुख्तार अंसारी की मौत की खबर सुन रो पड़ा बेटा

कासगंज, अमृत विचार : कासगंज की जेल में बंद मऊ का विधायक अब्बास पिता मुख्तार अंसारी की मौत की खबर मिलते ही फफक कर रो पड़ा। उधर उसके परिजनों ने उच्च न्यायालय में पैरोल के लिए अर्जी दी। देर शाम तक अर्जी मंजूर नहीं हुई। ऐसे में पिता के अंतिम संस्कार में अब्बास का पहुंचना मुश्किल दिखाई दे रहा है। बाहुबली मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास अंसारी सुहेलदेव पार्टी से मऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक है। अब्बास विभिन्न आपराधिक मामलों में चित्रकूट की जेल में बंद था। 2023 के फरवरी माह में बिना अनुमति अब्बास की पत्नी निकहत बानो उससे मुलाकात करने आती थी। इसके बाद जेल प्रशासन पर कार्रवाई हुई और अब्बास अंसारी को कासगंज जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में भेज दिया गया। बॉडीबॉर्न कैमरा से जेल के सुरक्षाकर्मी उसकी निगरानी कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। देर रात अब्बास के पिता मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इसकी खबर जेल प्रशासन के माध्यम से अब्बास को मिली। खबर मिलते ही वह फूट-फूट कर रोने लगा। उसके रोने और परेशान होने की तस्वीरें सीसीटीवी में कैद हुईं। जेल प्रशासन की मानें तो अब्बास बेहद हताश दिखाई दिया। उधर हलाहाबाद हाईकोर्ट में अब्बास की पैरोल के लिए अपील की चर्चा होती रही लेकिन देर शाम तक जेल प्रशासन के पास ऐसा कोई आदेश नहीं आया।

अनीता ने अपने दम पर पाया मुकाम

पीलीभीत, अमृत विचार : अनीता ने अपनी मेहनत के दम पर स्पोटर्स कोटे में पुलिस आरक्षी की नौकरी हासिल कर ली। नौकरी हासिल करने के बाद वह यूपी पुलिस के लिए दौड़कर मेडल प्राप्त कर रही हैं। शहर के मोहल्ला देशनगर में एक साधारण परिवार में जन्मीं अनीता पासवान के पिता रामविलास पासवान जिला अस्पताल के बाहर चाय की दुकान चलाते हैं। उनकी मां माधुरी देवी घरेलू महिला हैं। अनीता ने प्रारंभिक शिक्षा शहर के जीजीआईसी से पूरी की है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकीं। मगर उन पर खेल का जुनून सवार था। कक्षा छह की पढ़ाई के दौरान ही अनीता एथलेटिक्स गेम्स में उतर पड़ी। जब पहली बार वर्ष 1999 में स्टेडियम पहुंची तो उनका दौड़ में चयन हो गया। उत्साह से लबरेज अनीता ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्रत्येक पड़ाव को अपनी मेहनत और लगन से पार करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाई। हर स्तर पर मेडल जीतने के साथ उनकी प्रतिभा में निखार आता गया। वह घर के कामों में मां का हाथ बंटाती व शेष समय अपनी पढ़ाई और प्रैक्टिस में लगाती थीं। वर्ष 2000 में अनीता ने स्कूल जिला चैंपियनशिप और फिर मंडल चैंपियनशिप में विजय हासिल की। इसके बाद प्रदेश स्तरीय दौड़ में बस्ती खेलने गईं। जहां वह चैंपियन चुनी गईं। वर्ष 2002 में कर्नाटक में आयोजित दौड़ में प्रतिभाग किया। जहां विजेता बनने के साथ ही उनका लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम हॉस्टल में चयन हो गया। मगर, अनीता दाखिला नहीं ले पाईं।

हत्या का अंदेशा जता एसआई ने परिचितों को किया फोन

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली बिसौली में तैनात उपनिरीक्षक ने निरीक्षक, अपराध निरीक्षक और वरिष्ठ उपनिरीक्षक पर हत्या का अंदेशा लगाते हुए खुद को कमरे में बंद कर लिया। अपने परिचितों को फोन किया और बताया कि यह लोग उनके हत्या करवाना चाहते हैं। परिजन आए और उन्हें अस्पताल लेकर गए। पुलिस के अनुसार उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उपनिरीक्षक संजय सिरोही कोतवाली बिसौली में तैनात हैं। गुरुवार रात उन्होंने खुद को कमरे में बंद कर लिया और अपने सभी परिचितों को बारी-बारी से फोन किया। शुक्रवार सुबह भी उन्होंने पत्रकारों को फोन किया और अपनी हत्या की आशंका की बात की। खबर प्रकाशित करने की बात की। शुक्रवार को उनके परिजन पहुंच गए। सूचना पर पुलिस उनके घर पहुंची। उपनिरीक्षक को अस्पताल ले गए। सीओ सुनील कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक की मानसिक स्थिति सही नहीं है। वह सिजोफ्रेनिया के मरीज हैं। अपने मोबाइल में जितने भी नंबर थे। उन्होंने सभी को फोन कर लिया। परिजनों उनकी बीमारी के बारे में पता है। सूचना पर उनकी पत्नी गुड्डो देवी और बेटा आए थे। उन्हें अस्पताल लेकर गए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

दुष्कर्म के आरोप से खाकी हो रही शर्मसार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दरोगा और सिपाही के अलावा इंस्पेक्टर पर भी लग चुके हैं आरोप

अमृत विचार : कोतवाली में कुछ दिन पहले दरोगा और सिपाही पर दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज दर्ज की गई थी। इससे पहले भी दरोगा, सिपाही के अलावा इंस्पेक्टर पर भी छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप लग चुके हैं। पुलिस के अलावा आरपीएफ के इंस्पेक्टर पर महिला सिपाही को परेशान करने की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। इस तरह के मामलों से पुलिस की छवि धूमिल होती है।

इन पुलिसकर्मियों ने खराब की पुलिस की छवि

- बरेली पुलिस लाइन में तैनात सिपाही नितिन कुमार पर सीतापुर की युवती ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।
- पीलीभीत के बरखेड़ा में तैनात दरोगा सिद्धांत शर्मा के खिलाफ शिक्षिका ने एडीजी के आदेश पर 14 मार्च को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।
- फरवरी में नवाबगंज में तैनात फायरमैन पर महिला सिपाही की बहन के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा। के पिता ने महिला सिपाही पर हनी ट्रैप का आरोप लगाया था।
- आठ फरवरी को आरपीएफ के इंस्पेक्टर जीएस मीणा के खिलाफ महिला सिपाही ने थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई। सिपाही ने इंस्पेक्टर पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था।
- 14 जनवरी को भमोरा में तैनात दरोगा पर महिला सिपाही ने मोबाइल नंबर मांगने और व्हाट्सएप पर अश्लील मेसेज भेजकर परेशान का आरोप लगाया।
- 17 जून 2023 को बहेड़ी में तैनात महिला दरोगा और टैक्सी चालक के प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया। दरोगा के भाई ने इस प्रकरण में एसएसपी से शिकायत की थी। इसके बाद महिला दरोगा को गैर जनपद तबादला कर दिया गया था।
- छह जुलाई 2023 इज्जतनगर थाने में तैनात इंस्पेक्टर अपराध राघवेन्द्र सिंह के खिलाफ महिला ने पूछताछ के नाम पर कपड़े उतरवाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।
- 14 जनवरी 2023 को त्रिवेणी एक्सप्रेस में सिपाही पर छात्रा ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। शिकायत पर आरपीएफ ने सिपाही को पकड़ था।
- 29 दिसंबर 2023 को सुभाषनगर थाने में तैनात सिपाही शहनवाज के खिलाफ युवती ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। इसमें सिपाही को निलंबित किया गया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)
हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती है?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्यूट्री हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफ्वे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.''राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

ऐतिहासिक मोती पार्क की दुर्दशा पर गौर करने की जरूरत

मोती पार्क का पक्का चबूतरा और बंद पड़ा पिछला गेट।

शहर के जिस मोती पार्क में कभी आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद ने चर्च के फादर पीजे स्कॉट से शास्त्रार्थ किया था, जहां 1947 में क्रांतिकारियों ने आजादी के लिए जोश भरी ललकार लगाई थी और महात्मा गांधी से लेकर जवाहर लाल नेहरू तक ने सभाएं की थीं, आज वह मोती पार्क बदहाल है। नगर निगम इस पार्क की जगह पर हाइड्रोलिक वाहन स्टैंड चला रहा है। पार्क के कुछ हिस्से पर वाटर पंप, शौचालय के साथ खानपान की दुकानों के अवैध कब्जे हैं। बिजली विभाग ने भी पुराने और कबाड़ हुए तारों का गोदाम बनाया हुआ है।

आजादी के बाद भी राजनेता मोती पार्क में बने ईंटों के पक्के चबूतरे पर जनसभाओं को संबोधित करते रहे थे। देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद बरेली में 16 मई 1960 में चुन्ना मियां के मंदिर का उद्घाटन करने आए थे तो उनकी गाड़ी मोती पार्क में ही रुकी थी। यहीं बरेली के राजनेताओं ने उनका स्वागत भी किया था। प्रधानमंत्री रहे पंडित जवाहर लाल नेहरू, अटल बिहारी बाजपेई, चौधरी चरण सिंह के अलावा महात्मा गांधी, विजयलक्ष्मी पंडित, पंडित हेमवती नंदन बहुगुणा, विजयराजे सिंधिया, लालकृष्ण आडवानी की भी इस पार्क में जनसभा हो चुकी हैं। तब कुतुबखाना (लाइब्रेरी) की सीढ़ियों पर बैठकर लोग जनसभा करने वाले नेताओं के भाषण सुनते थे। 1868 में टाउनहाल में बनी लाइब्रेरी 1962 के आसपास जमींदोज हो गई थी। अब उसकी जगह घंटाघर और कुतुबखाना पुलिस चौकी बनी हुई है। मोतीलाल नेहरू के नाम पर बने इस ऐतिहासिक पार्क का कभी कायाकल्प कराना तो दूर, नगर निगम ने इसकी उपेक्षा कर यहां शौचालय और हाइड्रोलिक पार्किंग बना दी। कुतुबखाना पुल के नीचे बने इस पार्क को फिर हराभरा कर सौंदर्यीकरण कराने की आवश्यकता है, लेकिन नगर निगम की इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखती।

महात्मा गांधी यहां नगर पालिका में 17 अक्तूबर 1920 और पांच मई 1921 को टाउनहाल में आए थे। इसके बाद 13 जून 1929 और 1934 में भी बरेली आए थे। खिलाफत आंदोलन के दौरान उनके अलावा मौलाना मोहम्मद अली, शौकत अली और स्वामी सत्यदेव भी आए थे। उनकी सार्वजनिक सभा कंपनी बाग में होनी थी लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने वहां सभा पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसके बाद मोती पार्क में महात्मा गांधी की सभा कराई गई थी। मोती पार्क में फरवरी 1921 को प्रस्तावित रैली को रोकने के लिए तत्कालीन कलेक्टर ईस्टब्स ने पूरे जिले में धारा 144 लगा दी थी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पीसी आजाद ने अपनी पुस्तक ''जैसा मैंने देखा'' में इसका उल्लेख भी किया है।

1937 में पंडित जवाहर लाल नेहरू और विजयलक्ष्मी पंडित ने मोती पार्क में सभा को संबोधित किया। अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 26 जुलाई 1942 को मोती पार्क में ही गोविंद बल्लभ पंत ने भी जनसभा को संबोधित किया था, जिसके बाद बरेली में क्रांतिकारियों की धड़-पकड़ तेज हो गई।आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद तीन बार मोती पार्क में आए थे।

आर्य समाज के नेता श्वेतकेतु शर्मा के अनुसार स्वामी दयानंद जब तीसरी बार बरेली आए थे तो मोती पार्क में ही 25, 26, 27 अगस्त 1879 को उनका चर्च के फादर डॉ. पीजे स्कॉट से शास्त्रार्थ हुआ था जिसका विषय था "पुर्नजन्म, ईश्वर अवतार और ईश्वर पापों को क्षमा करते हैं"। तीनों विषय पर स्वामी दयानंद ने फादर स्कॉट को निशब्द कर दिया था। इसके बाद फादर स्कॉट ने कैंट के चर्च में व्याख्यान के लिए उन्हें आमंत्रित किया। कुतुबखाना घंटाघर के पास आर्य समाज ने यहां दयानंद चौक का गेट भी बनवाया है। कुतुबखाना सब्जी मंडी और ऐतिहासिक मोती पार्क के कायाकल्प के बिना बरेली स्मार्ट सिटी की कल्पना बेमानी है।

कुतुबखाना पुल के बनने से बेदखल हुए लोगों को कुतुबखाना सब्जी मंडी में नीचे भूमिगत पार्किंग और ऊपर मल्टीस्टोरी दुकानें बनाकर बसा दिया जाए तो मोती पार्क का फिर कायाकल्प हो सकता है।इसके जरूरी है कि बरेली के विधायक एवं वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, दूसरे जनप्रतिनिधि और स्मार्ट सिटी के अधिकारी आगे आएं। अगर वास्तव में जनता को सुविधाएं देने की इच्छाशक्ति है तो इसके लिए सब्जी मंडी में उपलब्ध जमीन पर लखनऊ के हजरतगंज के जनपथ मार्केट या दिल्ली के कनॉट प्लेस के भूमिगत मार्केट एवं पार्किंग की तरह योजना बनाई जाए। स्मरण रहे कि कुतुबखाना से होलसेल सब्जी मंडी 1980 में डेलापीर पर बनी नई मंडी में स्थानांतरित हो चुकी है। कुतुबखाना होलसेल सब्जी मंडी वाले स्थल पर मल्टी परपज भूमिगत पार्किंग और दुकानें बनाई जाएं। साथ ही ऐतिहासिक मोती पार्क से अतिक्रमण हटाकर उसे हराभरा करना भी जरूरी है क्योंकि यहां उपरिगामी पुल भी बन गया है।

- निर्भय सक्सेना

कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपती घायल

मुजरिया। थाना उझानी के ग्राम मुजरिया हाईवे पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दंपती घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां से दोनों को बरेली को रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। थाना कुंवर गांव क्षेत्र ग्राम चकोलर निवासी अनोखेलाल अपनी पत्नी कलावती को साथ लेकर बाइक से मुजरिया क्षेत्र के ग्राम ज्वालापुर में अपनी रिश्तेदारी में शुक्रवार को जा रहे थे तभी उझानी मुजरिया हाईवे पर सामने से आ रही कार ने अनोखेलाल की बाइक को टक्कर मार दी जिससे दंपती गिरकर घायल हो गए।

पब्लिक नोटिस
मेरे मुवक्किल सेवा गृह ऋण लि. शाखा बरेली की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कहकशा नाज़ पुत्री मो. नासिर निवासी-69- 60-73 मोहल्ला छोटी बमनपुरी, निकट लाल मस्जिद थाना-जिला बरेली की रहने वाली है एक किता दुकान क्षेत्रफल 14.02 वर्ग मीटर शॉप नं. 4 व 5 स्थित कटरा मानराय, दुर्गा मार्केट तसहील व जिला बरेली में है जिसको बजरिये रजि. बैनाम दिनांक 03.05.2014 को विक्रेता नीलम रस्तोगी पत्नी अशोक कुमार रस्तोगी व राधा देवी पत्नी श्री राघवेन्द्र दयाल से वही नं. 1 जिल्द सं. 7646 पृष्ठ सं. 333 से 372 पर क्रमांक 6066 द्वारा क्रय की है का मूल बैनामा खोने के सम्बन्ध में दिनांक 05.10.2023 को खाने की सूचना थाना किला में दिनांक 27.3.2024 को दी जा चुकी है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 11 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या सेवा गृह ऋण लि. शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त कॉल में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह मानते हुये कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नहीं है। उक्त ऋण श्रीमती कहकशां नाज पुत्री मो. नासिर को प्रदान कर दिया जायेगा। एवं 2. बिल डीड दिनांक 12.8.1998 जो गंगा देवी पत्नी श्री प्रेम नारायन ने किरन वैश्य, श्रीमती नीलम रस्तोगी, राधा गुप्ता एवं पूनम गुप्ता के हक में सब रजिस्ट्रार कार्यालय वही नं. 3 जिल्द सं. 12 पृष्ठ सं. 195 से 202 पर क्रमांक 164 दिनांक 12.8.1998 को की गयी।
आकर्षण तिवारी, एडवोकेट
चैम्बर नं. 8, भूतल, बी.एल. मिश्रा अधिवक्ता भवन, सिविल कोर्ट, सिविल लाईन्स, कानपुर। मो. 9837065577

किशोरी का अपहरण, दुष्कर्म के बाद आधी रात को छोड़कर भागे

गुरुवार रात 8 बजे किशोरी को कार से ले गए थे तीन युवक

संवाददाता, उसावां (बदायूं)

अमृत विचार : शौच को घर के पास खेत पर गई किशोरी का कार से आए तीन लोगों ने अपहरण कर लिया। एक युवक ने कार में किशोरी से दुष्कर्म किया और चार घंटे बाद किशोरी को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने कार कब्जे में लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कस्बा के व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि गुरुवार रात 8 बजे उनकी 15 साल की बेटी खेत में शौच को गई थी। वार्ड चार के बृजेश पुत्र जदुनाथ, शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव हंसी नगला के विवेक और अवधेश फौजी पुत्र नेकसू कार से आए और उनकी बेटी को अगवा करके ले गए। बेटी चिल्लाई तो वह घर से निकले। उन्होंने पुलिस को सूचना देकर बेटी की तलाश शुरू की। चार घंटे के बाद आरोपी होली चौक पर पहुंचे। वहां आरोपी उनकी बेटी को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज किए। किशोरी ने बताया कि अवधेश फौजी ने उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने दुष्कर्म, और अपहरण सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना उसावां प्रभारी निरीक्षक मान बहादुर सिंह ने बताया कि कार थाने पर है। पीड़िता के 164 के बयान होंगे। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करेंगे।

थाना परिसर में खड़ी आरोपियों की कार। ● अमृत विचार

सफाईकर्मियों की रखवाली को बीबीएयू की किट तैयार

लखनऊ, अमृत विचार : सफाईकर्मियों और कूड़ा बीनने वालों की सेहत का ध्यान रखने के लिए बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने एक विशेष किट तैयार कर ली है। इसके सहारे कूड़ा-कचरा बीनने वालों की सेहत का ध्यान रखा जाएगा। आधुनिक किट पूरी तरह से बैक्टीरिया प्रूफ है। बीबीएयू के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह बताते हैं कि बनाई गई किट को पेटेंट के रूप में भारत सरकार ने स्वीकृति देते हुए प्रामाणित कर दिया है। विशेष किट विवि की गृह विज्ञान विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो. यूवी किरण एवं डॉ. संतोषी के सहयोग से तैयार की गई है। इसमें विवि के शोधार्थी भी शामिल हैं। विकसित किट के सहारे बिना छुए कोई भी वस्तु बीनने में सहायता मिलेगी। किट की निर्माता प्रो. यूवी किरण के अनुसार, आधुनिक किट कचरा बीनने वालों के स्वास्थ्य संबंधी खतरों को कम करने के लिए विकसित की गई है।

मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल से गिरकर मरीज की गई जान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● राजकीय मेडिकल कॉलेज में 18 मार्च को भर्ती किया गया था कासगंज का संजू

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल के वार्ड की खिड़की से गिरकर मानसिक रोगी की मौत हो गई। मरीज के खिड़की से कूदने की चर्चा होती रही। परिजनों ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया।

जिला कासगंज के थाना सोरों क्षेत्र के कस्बा मानपुर नगरिया निवासी संजू (35) पुत्र भीकम कई दिनों से मानसिक बीमार थे। कई जगह उनका इलाज कराया गया लेकिन सुधार नहीं हुआ। 16 मार्च को हैंडपंप से पानी भरने के दौरान फिसल गए थे जिससे सिर में चोट आई थी। 18 मार्च को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उन्हें चौथी मंजिल पर बने मानसिक रोग वार्ड में भर्ती किया गया था। साथ में परिजन भी रुके थे। गुरुवार रात लगभग 12 बजे उनकी पत्नी सतानो, बहन रज्जो और भतीजा राजकुमार वार्ड के बाहर परिसर में सो गए। रात लगभग डेढ़ बजे किसी के गिरने की तेज आवाज आई तो तीमारदार जाग गए। अफरा-तफरी मच गई। वार्ड में संजू नहीं दिखे तो परिजनों ने खिड़की से झांका। नीचे संजू का खून से लथपथ शव पड़ा था। उनमें चीख-पुकार मच गई। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सूचना पर कोतवाली सिविल लाइन पुलिस पहुंची और जांच-पड़ताल की। संजू के खिड़की से कूदने की चर्चा होती रही। हालांकि परिजन इस पर कुछ नहीं बोले। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि मौत के कारण की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

> मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग वार्ड में युवक भर्ती था। खिड़की से गिरने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस अपनी जांच करेगी।
> – डॉ. एनसी प्रजापति, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज

सार-संक्षेप

पूर्व ग्राम प्रधान से मांगी 10 लाख रुपये की रंगदारी

रामपुर, अमृत विचार : शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव चमरपुरा के पूर्व प्रधान जाकिर अली ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है कि इंद्रा गांव में उनकी खेती व आबादी की जमीन है। इसे उन्होंने पत्नी के नाम पर खरीदा था। इसका दाखिल खारिज भी हो चुका है। इस पर मार्केट बनवा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने नक्शा भी पास करा रखा है। लेकिन, कुछ लोग जमीन अपनी बताकर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। पूर्व प्रधान ने बताया कि उन्होंने तत्कालीन एसडीएम से दुकानों और मकान का नक्शा पास करा लिया था। इसके बाद निर्माण कार्य चल रहा है। नक्शे से पहले एसडीएम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया था। गांव के ही मुनव्वर शाह की कुछ जमीन उनके खेत से आगे है। इसे बेच दिया गया है। मगर अभी बैनामा नहीं कराया है। वह लोग उस जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं। आरोप है यह लोगों से जमीन के नाम पर पैसे ऐंठ लेता है। 23 मार्च 2024 को पीड़ित अपने घर के बाहर खड़ा था। तब मुनव्वर शाह सहित कुछ लोग तमंचे लेकर आ गए। आरोपियों ने कहा कि 10 लाख रुपये दो या जमीन छोड़कर चले जाओ। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

बैंक बीसी ने धोखाधड़ी कर निकाले 10 हजार, रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : धोखाधड़ी कर संयुक्त खाते से 10 हजार रुपए निकालना बैंक बीसी को भारी पड़ गया। पुलिस ने बैंक बीसी समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बैंकों से भीड़भाड़ कम करने व बैंकिग सुविधाओं को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बैंकों की ओर से बैंकिग कॉरेस्पोंडेंस की तैनाती की गई है। परंतु कुछ बीसी ग्रामीणों की कम जानकारी का फायदा उठाकर पैसे की धोखाधड़ी भी कर रहे हैं। कुछ इसी तरह का मामला शाहबाद के ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव मधुकर में सामने आया है। गांव निवासी चंद्रपाल के मुताबिक उसका व उसकी पत्नी का प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में संयुक्त खाता है। वह अपने खाते से धनराशि निकालने के लिए बैंक के बीसी बिजेंद्र और राजू के पास गया। 23 जून 2023 को उसने अपने खाते से 10 हजार रुपए निकाले। आरोप है इस दौरान उन्होंने उसी के अंगूठे से उसकी पत्नी के खाते से 10 हजार रुपए और निकाल लिए। इसके बाद 19 सितंबर 2023 को वह अपने खाते की जानकारी लेने बैंक गया। तब आरोपियों ने उसके साथ गाली–गलौज की और बैंक से बाहर निकाल दिया। इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में शुक्रवार को गवाह प्रवीण कटियार से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इस मामले में एक अप्रैल को सुनवाई होगी। अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्मप्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। शुक्रवार को गवाह प्रवीण कटियार से जिरह हुई। मगर जिरह पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में एक अप्रैल को सुनवाई होगी।

31.6 किलो गांजा समेत आरोपी को पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : खुजरिया पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से 31.6 किलो गांजा बरामद किया। इसकी कीमत 15 लाख रुपये बताई जा रही है। एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जबकि एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते खजुरिया थाना प्रभारी शुक्रवार को अहरो तिराहा के पास वाहनों चेकिंग कर रहे थे। तभी सफेद रंग की ब्रेजा कस्बा शीशगढ़ की ओर से आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो चालक ने स्पीड़ और बढ़ा दी। इस पर पुलिस ने कार को घेर लिया। यह देख एक व्यक्ति कार से उतरकर भाग गया जबकि दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। गाड़ी की तलाशी में पुलिस को दो प्लास्टिक के कट्टों में 31.6 किलोग्राम गांजा मिला। इसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम दीपक साहनी निवासी सेठी कालोनी डिबडिबा थाना बिलासपुर बताया है।

गन्ना छील रहे किसान पर बाघ ने किया हमला

रोशननगर, अमृत विचार : महेशपुर वन रेंज के गांव टीकापुर में गन्ना छील रहे श्रमिक पर बाघ ने हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाघ के हमले से ग्रामीणों में दहशत है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव परेली निवासी शिवसागर लाल पुत्र राजकुमार पड़ोस के गांव टीकापुर के किनारे खेत मे गन्ना छील रहे थे। तभी अचानक बाघ ने उस पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया, अन्य लोगों के शोर मचाने पर बाघ उसे छोड़कर चला गया। हमले की सूचना घरवालो ने वनरेंज को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर लोगों को बाघ से सतर्क रहने की हिदायत दी है। परिवार वाले घायल को बाइक से सीएचसी लाए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

युवती से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष का कठोर कारावास

चन्दौसी, अमृत विचार : मानसिक रूप से कमजोर युवती से दुष्कर्म करने के दोषी वृद्ध को अदालत ने दस वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला 2021 में थाना बनियाठेर का है। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रेप केसेस एण्ड पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।

पीड़िता के पिता ने सात जनवरी 2021 को थाना बनियाठेर पुलिस को तहरीर दी थी कि वह मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। उसकी 23 वर्षीय पुत्री मानसिक रुप से कमजोर है और बिना बताए घर से निकल जाती थी। मनीराम गुप्ता पुत्र मुन्ना लाल गुप्ता निवासी मोहल्ल साहूकारा कस्बा नरौली थाना बनियाठेर ने उसकी पुत्री को चंद रुपयों का लालच देकर घर में बुला लिया और दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद पांच रुपये देकर ये कह दिया कि घर मत बताना। उसने घर कुछ नहीं बताया। कुछ दिनों बात सरकारी अस्पताल में जांच कराने पर रिपोर्ट में पता चला कि उसकी पुत्री 20 सप्ताह की गर्भवती है। पुत्री ने आरोपी का नाम मनीराम बताया। पुलिस ने मनीराम गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

मुख्तार के बेटे को नहीं मिली राहत

विधि संवाददाता, प्रयागराज : माफिया मुख्तार अंसारी की बीते गुरुवार को हार्ट अटैक से आकस्मिक मृत्यु हो गई। उनके जनाजे में शामिल होने के लिए अंसारी परिवार ने जेल में बंद विधायक के बेटे अब्बास अंसारी की जमानत हेतु इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। अर्जी पर सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष होनी थी, लेकिन उक्त न्यायमूर्ति की कोर्ट न बैठने के कारण मुकदमे को न्यायमूर्ति समित गोपाल की पीठ के समक्ष ट्रांसफर कर दिया गया, लेकिन अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त पीठ के समक्ष भी सुनवाई नहीं हो सकी।

दो सालों में ही सतीश महाना ने रचा इतिहास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : नयी नियमावलियों, संसदीय परंपराओं, हाइटेक कार्यवाही जैसे तमाम अद्भुत प्रयोग करने वाले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे कर लिए हैं। विधान भवन को एक नया स्वरूप देने के साथ विधायी गतिविधियां भी बीते दो साल में न केवल इतिहास में दर्ज हुईं, बल्कि देश की अन्य विधानसभाओं के लिए उदाहरण भी बन चुकी हैं।

इस मौके पर शुक्रवार को विधानभवन के तिलक हॉल में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना और राजधानी के पत्रकार आमने-सामने रहे। अपने खुशमिजाज अंदाज के साथ महाना ने जो किया, उसे गिनाया तो जो आगे करेंगे, उसपर भी चर्चा की। पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए तो उनके सुझावों को भी गौर से सुना। सतीश महाना ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए अनुभव, उपलब्धियां, भावी योजनाएं और सुझाव साझा किए। इस दौरान उन्होंने बताया कि कुछ वर्षों से यह अनुभव किया जा रहा था कि विधायिका के संचालन में व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही हैं, व्यवधान हो रहे हैं। अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद पिछले दो सालों में यह प्रयास किया है कि विधायिका का संचालन सुचारू रूप से हो और उसकी गरिमा बनी रहे। इस दिशा में कदम उठाये गये हैं, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा है।

सतीश महाना ने बताया कि वह लगभग 33 वर्षों से लगातार इस सदन के सदस्य हैं। ऐसे में उन्हें पक्ष में, विपक्ष में, विभिन्न समितियों में, मंत्री के रूप में एवं वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का मौका मिला। इसी अनुभव का प्रयोग करते हुए वर्ष 1958 में बनी नियमावली के जो कतिपय नियम उपयोगी नहीं रह गए हैं अथवा कुछ विशिष्ट नियम जोड़े जाने चाहिए, उसे किया गया।

एक वोट कर्फ्यू लगा देता था, वही अब कांवड़ यात्रा निकलवाता है : योगी

संवाददाता, अमरोहा/बिजनौर

● 2014 से पहले देश में अराजकता का माहौल था

अमृत विचार : लोकतंत्र में एक-एक वोट की बड़ी अहमियत है। एक वोट जहां कर्फ्यू लगा देता था, वहीं एक वोट कांवड़ यात्रा भी निकलवाता है। 2014 से पहले देश में अराजकता का माहौल था, देश की सीमाएं असुरक्षित थीं। अब देश की तस्वीर बदल रही है। आतंकवाद का सफाया हुआ है, देश का इंफ्रास्ट्रक्चर बदल रहा है।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमरोहा के रजबपुर में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कहा कि 2014 से पहले सपा, बसपा और कांग्रेस अपने परिवार का विकास करते थे। देश में आतंकवाद फैला था। आम व्यक्ति सुरक्षित नहीं था, देश की सीमाएं असुरक्षित थीं। लेकिन 2014 के बाद आपके एक-एक वोट ने देश की तस्वीर बदली। केंद्र की भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हुआ है। वह पूरे देश को अपना परिवार मानकर कार्य कर रहे हैं। किसान, महिला, मजदूर सबका सम्मान बढ़ा है। जहां पहले अमरोहा से दिल्ली जाने के लिए चार घंटे लगते थे अब मात्र दो घंटे में दिल्ली पहुंचा जा सकता है। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के लिए लोगों से वोट की अपील की।

अमरोहा में मुख्यमंत्री का मंच पर माला पहनाकर स्वागत करते भाजपा नेता। साथ में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर आदि। ● अमृत विचार

उधर बिजनौर के जेवीएम बैंक्वेट हॉल में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां के प्रबुद्धजनों की भूमिका प्राचीन ऋषि-मुनियों जैसी है, जो अलग-अलग क्षेत्र में समाज का नेतृत्व करते हैं। प्रबुद्धजन समाज के ओपीनियन लीडर हैं, समाज का मार्गदर्शन और नेतृत्व करते हैं। यह वर्ग समाज को प्रेरित करता हैं। लोग प्रबुद्धजनों का अनुसरण करते हैं। इसीलिए हम आपका आशीर्वाद लेने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गलत दिशा में दिया गया वोट अराजकता लाएगा और सही दिशा में वोट देने पर विकास का मार्ग खुलेगा। इसलिए सभी प्रबुद्धजन जागृति लाने का काम करें।

उत्तराखंड

बाबा तरसेम सिंह की अंतिम विदाई पर आंखें नम

संवाददाता, नानकमत्ता/खटीमा

अमृत विचार: गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब डेरा कारसेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार को बाइक सवार शूटर्स ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिनका पार्थिव शरीर लोगों के दर्शन के लिए रखा गया था। शुक्रवार सुबह 10 बजे उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें भारी संख्या में संगत शामिल हुई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल तैनात रहा।

बता दें कि बाबा तरसेम सिंह का पार्थिव शरीर संगत के अंतिम दर्शन के लिऐ डेरा कार सेवा में रखा गया था। शुक्रवार सुबह 10 बजे गुरुद्वारा दूध वाले कुएं के प्रांगण में अरदास के साथ उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। दिल्ली डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा बचन सिंह ने बाबा तरसेम सिंह की चिता को मुखाग्नि दी।

डेरा कारसेवा में सेवादारों के साथ बैठक करते डीजीपी अभिनव कुमार।

इस मौके पर नानकपुरी टांडा के बाबा गुरजंट सिंह, दिल्ली के बाबा सुरेंद्र सिंह, करनाल के बाबा सुक्खा सिंह, फतेहगढ़ साहिब पंजाब के बाबा गुलजार सिंह, लुधियाना पंजाब के बाबा निर्मल सिंह, काशीपुर के बाबा लक्खा सिंह, कुरियालघाट के बाबा पाल सिंह, रीठा साहिब के बाबा श्याम सिंह, बाबा रेशम सिंह, विधायक यशपाल आर्य, भुवन कापड़ी, गोपाल सिंह राणा, शिव अरोड़ा, नारायण पाल, श्रीपाल राणा, डेरा कार सेवा के सेवादार दारा सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव व डायरेक्टर और प्रबंध कमेटी सुखवंत सिंह भुल्लर के अलावा स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारी मौजूद रहे।

हत्या के छह घंटे बाद डाली सरबजीत ने फेसबुक पोस्ट

रुद्रपुर, अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख तरसेम सिंह हत्याकांड में उस वक्त नया मोड़ आया जब तरनतारन पंजाब के रहने वाले सरबजीत सिंह ने अपनी फेसबुक आईडी पर हत्याकांड की जिम्मेदारी लेते हुए हत्या की वजह को बताया। फेसबुक पर मैसेज आने के बाद पुलिस ने फेसबुक आईडी की जांच शुरू कर दी है, हालांकि पुलिस का मानना है कि इस प्रकार के भ्रामक संदेश कुछ कट्टरपंथी लोग डाल रहे हैं। यदि मैसेज देने वाले की भूमिका जांच के दायरे में आती है, तो पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।

खराब मौसम का ऑरेंज अलर्ट

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड में तेज हवाएं, ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक मौसम खराब रह सकता है। राज्य में उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, देहरादून, नैनीताल, अल्मोड़ा आदि जिलों में बारिश होने के आसार हैं। साथ ही ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में हल्की बारिश हो सकती है।

राज्य में 50 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकतीं हैं। हल्द्वानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा।

देहरादून में तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून

● 384 नशीले कैप्सूल, 390 टेबलेट व 95 हजार रुपये बरामद

● शिक्षण संस्थानों में छात्रों को बेचने के लिए लाए थे

अमृत विचार : देहरादून पुलिस ने तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में नशीली दवा बरामद की हैं। उनके पास से 384 नशीले कैप्सूल 390 टेबलेट मिले हैं। पुलिस ने तस्करों की कार भी सीज कर दी है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना क्लेमेंटाउन पुलिस टीम आशारोड़ी बैरियर पर चेकिंग कर रही थी। तभी वहां आई स्विफ्ट डिजायर कार को चेकिंग के लिए रोका गया। कार में तीन लोग थे। तलाशी में कार से 384 एसपीएस-परविओन प्लस कैप्सूल और 390 एलप्राजोलम नशीली टेबलेट बरामद की गई। उनके पास से 95000/- रुपये भी मिले। इसके बाद तीनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। तीनों आरोपी देहरादून के निवासी हैं। इनमें टी स्टेट अर्काडिया ग्रांट बनियावाला के अकरम अली पुत्र अख्तर वाहिद (32) व शौकीन पुत्र मोहम्मद फकीर (32) और मरकाम ग्रांट तेलीवाला के आमिर खान पुत्र अब्दुल कयूम (28) शामिल हैं। तीनों के विरुद्ध थाना क्लेमेंटाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कराया गया। आरोपियों की कार को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त उक्त नशीले कैप्सूल/ टेबलेट्स छुटमलपुर (सहारनपुर) से लेकर आए थे। आरोपी नशीली दवा को देहरादून के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को बेचने की फिराक में थे। अभियुक्तों के पास जो नकदी बरामद हुई है वह भी उन्होंने नशीले कैप्सूल/ टेबलेट बेचकर प्राप्त की थी।

प्रेमिका के चक्कर में उजाड़ दिया बसा बसाया घर

अल्मोड़ा, अमृत विचार : कथित प्रेमिका के मोहपाश में आकर एक व्यक्ति ने पंद्रह साल से अपने बसे बसाए घर को उजाड़ दिया। प्रेमिका के चक्कर में पत्नी और बच्चों से जमकर मारपीट भी की और बाद में दिल्ली में स्थित घर भी बेच दिया। पति की इन हरकतों से तंग आकर उसकी पत्नी अब अल्मोड़ा लौट आई है और उसने पुलिस को आपबीती सुनाते हुए पति और उसकी कथित प्रेमिका के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करा दिया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जिले के पिल्खा सुंदरपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह अप्रैल 2008 में अशोक सिंह नाम के व्यक्ति के साथ हुआ था। अशोक दिल्ली में नौकरी करते थे, इसलिए विवाह के कुछ समय बाद वह भी अपने पति के साथ दिल्ली चली गई। इस दौरान उनके एक बेटे और एक बेटी का जन्म भी हुआ और सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन वर्ष 2017 के बाद से अशोक का व्यवहार परिवार के प्रति कुछ बदलने सा लगा। धीरे धीरे वह जरा सी बात पर झगड़ा और मारपीट करने लगे। महिला ने तहरीर में कहा कि जब उन्होंने अपने पति के बारे में जानकारी हासिल की तो पता चला कि दिल्ली में अल्मोड़ा के एक गांव की युवती रहती है। आरोप लगाया कि उसके साथ पति के संबंध हैं।

भीमताल में एक और झील के प्रमाण मिले

राकेश सनवाल, भीमताल

अमृत विचार : नगर में भीमेश्वर झील के अलावा एक और झील पाई जाती थी। नियोजित विकास की भेंट चढ़ी यह झील अब आबादी का भार झेल रही है। इसकी पुष्टि नगर के एक व्यक्ति के पास मिली फोटो के अलावा 1978 में प्रकाशित पुस्तक आइलैंड ऑफ इंडिया में किए गए जिक्र से होती है।

कुआंताल क्षेत्र के बायोटेक भवन के आसपास एक झील हुआ करती थी। जिसे पाट कर अब उसमें आबादी बस चुकी है। झीलों की तस्वीर जॉन स्टेट वर्तमान में जून स्टेट के स्वामी विलियम जॉन ने खींची थी। भीमताल और आसपास के क्षेत्र की मौसमी झील का वर्णन सन 1978 में प्रकाशित पुस्तक हाइलैंड ऑफ इंडिया में है। जिसमें लिखा है कि भीमताल में नल दमयंती ताल डोब और भीमेश्वर ताल के अलावा एक और झील पाई जाती थी। माना जा रहा है कि किताब में इस चौथी झील का जिक्र है। डोब झील जो कि पहले एक मौसमी झील थी आज नियोजित निर्माण के कारण अपना अस्तित्व खो चुकी है। कुआंताल झील अब पूर्ण रूप से समाप्त हो चुकी है। यह क्षेत्र कुछ वर्ष पूर्व तक एक झील था, लेकिन जैसे-जैसे पानी कम होता गया वैसे-वैसे यहां मैदान बनता गया और लोग बसते चले गए।

123 वर्ष पूर्व जून स्टेट के मालिक द्वारा खींचा गया कुंआताल झील का चित्र। ● अमृत विचार

● नियोजित विकास के कारण अपना अस्तित्व खो चुकी है झील अब झेल रही आबादी का भार

योग शिक्षिका से 1.97 लाख रुपये ठग लिए

हल्द्वानी, अमृत विचार : योग सीखाने वाली एक युवती के साथ ऑनलाइन ठगी हुई है। विदेश से उपहार भेजने का लालच देकर साइबर ठगों ने युवती से करीब 1.97 लाख रुपये ठग लिए। युवती ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मानपुर पश्चिम एकता विहार रामपुर रोड निवासी हंसा बिष्ट ने साइबर थाना रुद्रपुर को दी सूचना में कहा कि वह योगा क्लास चलाती है। मार्च माह की शुरुआत में उसके मोबाइल नंबर पर एक व्हाट्सएप आया। व्हाट्सएप भेजने वाले ने अपना नाम डॉ. लुका डेनिल बताया और उसकी योगा क्लास के संबंध में बातचीत की। योग सीखाने के बदले में डेनिल ने उसे अग्रिम धनराशि और विदेश से उपहार भेजने की बात कही।

ढिकाला में बाघ देखकर रोमांचित हुए तेंदुलकर

रामनगर, अमृत विचार : भारत रत्न व पूर्व क्रिकेटर सचिन रमेश तेंदुलकर कॉर्बेट पार्क के ढिकाला क्षेत्र में बाघ के दर्शन कर रोमांचित हो उठे। सफारी के दौरान सचिन को केवल एक ही बाघ के दर्शन हो पाए, जबकि दूसरी जिप्सी में सवार उनके साथियों ने दो बाघ देखे। भ्रमण के दौरान ढिकाला चौड़ में रामगंगा नदी के समीप हाथियों के झुंड, हिरन के झुंड और नाचते मोर को देखकर सचिन काफी उत्साहित नजर आए।

बता दें कि सचिन शुक्रवार को ताज रिसोर्ट से निकलकर कॉर्बेट नेशनल पार्क पहुंचे। जहां उनकी आगवानी कार्बेट के निदेशक डॉ. धीरज पांडे व उप निदेशक दिगन्त नायक ने की। सचिन कॉर्बेट के खिनानौली विश्राम गृह में रुके। प्रकृति के शांत वातावरण में सकून के दो पल बिताने से वह काफी प्रसन्न दिखाई दिए। कॉर्बेट पार्क की जैव विविधता के वह कायल तो हुए ही साथ उन्होंने वन्य जीव संरक्षण को लेकर कॉर्बेट प्रशासन के कार्यों की जमकर प्रशंसा भी की। इस बीच उन्होंने ढिकाला में कुछ वन कर्मियों से बात चीत की। साथ ही उन्हें अपना ऑटोग्राफ भी दिया। उन्होंने कॉर्बेट के बेहतर प्रबंधन के लिए निदेशक डॉ. धीरज पांडे व समस्त वन कर्मियों की प्रशंसा की। कहा कि खुले आसमान के नीचे अकूत वन संपदा के बीच स्वछंद विचरण करते वन्यजीवों के दृश्य वास्तव में दिल को छू देने वाले हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह संधि नकुर्य्यात्॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सुखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती है। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

अफस्पा हटाने की योजना

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा का चुनाव होगा। सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार ने सैनिकों की वापसी के लिए पहले ही एक रोडमैप तैयार कर लिया है और यह प्रक्रिया चुनाव के बाद शुरू की जाएगी। एक मीडिया ग्रुप से मंगलवार को उन्होंने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जाता था, लेकिन आज के समय में वो केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। साथ ही आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रही है। यानी अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री शाह द्वारा अफस्पा हटाने का संकेत दिए जाने का स्वागत किया जाना चाहिए। आज राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। जानकारों के मुताबिक सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है।

गौरतलब है कि अफस्पा को 1942 में तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने भारत छोड़ो आंदोलन पर अंकुश लगाने के लिए बनाया था, लेकिन देश की आजादी के बाद भी सरकार ने इसे बनाए रखा और साल 1958 में इसे एक अधिनियम के तौर पर अधिसूचित कर दिया गया। 11 सितंबर,1958 को बने इस कानून को पहली बार नागा पहाड़ियों में लागू किया गया था, जो तब असम का ही हिस्सा थीं। उग्रवाद के पांव पसारने के साथ इसे धीरे-धीरे पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में लागू कर दिया गया। इस विवादास्पद कानून के तहत सुरक्षा बल के जवानों को किसी को भी गोली मार देने का अधिकार है। सेना किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के हिरासत में लेकर उसे अनिश्चित काल तक कैद में रख सकती है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत घोषित किया जाता है। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों की ओर से अफस्पा को हटाने की मांग की जाती रही है। गृहमंत्री शाह ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्यों में 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा लिया गया है, हालांकि यह जम्मू-कश्मीर में लागू है। अब जब उच्चतम न्यायालय जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दे चुका है, अफस्पा हटाने का विचार जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच बेहद सकारात्मक प्रभाव डालेगा। नागरिक अधिकारों की बहाली से सरकारी तंत्र व नागरिकों के बीच भरोसा बढ़ेगा।

हैजा पर शोध में भारतीय वैज्ञानिकों का बड़ा काम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है।

हैजा अर्थात् विसूचिका की विभीषिका से भारत के लोग आदिकाल से जूझ रहे हैं। पहले यह व्यापक होता था। अब वैसा नहीं है। मीडिया के लिए रिसर्च करते समय अपने देश से संबद्ध डेटा और अपने देश में प्रकाशित होने वाली कुछ नामी वैज्ञानिक शोध संचार पत्रिकाओं जैसे कि इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में और इस बारे में शासकीय रिपोर्ट्स, जोकि सन् 1860 के बाद से ही उपलब्ध हैं, जानकारी और कमेंट्रीज उपलब्ध हैं।

कलकत्ता स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कॉलरा एंड एंटेरिक डिजीजेज इस पर समर्पित रूप से जीवाणु विज्ञान, बायो केमिस्ट्री, क्लिनिकल मेडिसिन, एपिडेमियोलॉजी, इम्मुनोलॉजी, पैरासाइटोलॉजी और पैथोफिजियोलॉजी शाखाओं में काम कर रहा है। संस्थान में सूक्ष्म जीवाणुओं की रचना और इनके व्यवहार को समझने के लिए संस्थान में इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप की सुविधा भी है। संस्थान ने कॉलरा जीवाणु की जैविकी और जीवन चक्र, संक्रमण के वाहक और स्रोत, वैक्सीन और ड्रग डेवलपमेंट, क्लिनिकल ट्रायल्स, जीवाणु की संततियों या विभेदों की लिस्टिंग और इनके जेनेटिक-मेकअप का ऐतिहासिक डेटा-बेस बनाने और महामारी जैसी स्थिति पैदा होने पर इसे नियंत्रित करने की व्यूह रचना करने में ही नहीं,बल्कि किस मौसम में कैसी वातावरणी परिस्थितियों में भारत में मनुष्यों में हैजा कहां फैल सकता है इसकी मैपिंग करने और चेतावनी सेवा देने में भी अग्रणी रहा है। जैसा कि बीएमसी 'इन्फेक्शस डिजीजेज' में सन् 2023 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित लेख 'सीजनेबिलिटी ऑफ कॉलरा इन कोलकाता एंड द इन्फ्लुएंस ऑफ़ क्लाइमेट' शोध-समीक्षा पत्र से जाहिर होता है।

इस पर्चे में कोलकाता में सन् 1999 से 2000 तक के 21 सालों में हैजा के प्रकोप से की जानकारी इकट्ठा की गई और इस प्रसंग में यह देखा गया कि महानगर क्षेत्र के लिए वर्ष के किस अरसे में मौसमी अवस्थाओं को प्रभावित करने वाले घटक यथा तापक्रम, वर्षा की मात्रा और इसका पैटर्न एवं कोलकाता के निकट बंगाल की खाड़ी में समुद्र की सतह का तापमान क्या रहा, कैसे इन घटकों में बदलाव होता रहा और हैजा के प्रकोप से इसका

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं।

क्या संबंध हो सकता है, या नहीं भी हो सकता। मालूम हुआ कि कोलकाता में हैजा का चक्र द्विवर्षीय है। शोध कर्मियों ने यह स्थापित किया कि गर्मी की ऋतु में महानगर की सैंकड़ों छोटी-बड़ी झीलों में और गड्ढों में हैजा के जीवाणु की संख्या और घनत्व बढ़ता है। इसी तर्ज़ पर एक अध्ययन उक्त पर्चे के शोधकर्मियों ने तीन और नए लोगों के साथ मिलकर किया जिससे कलकत्ता में सन् 1897 से लेकर सन 1947 तक के पचास वर्षों में हैजा के प्रकोप और मौसम से इसके संबंध की जांच की गई। इस पर्चे का प्रकाशन 'गट पैथोजेंस' जर्नल के सितंबर 2023 के अंक में हुआ,जो व्यक्ति कोलकाता महानगर के भूगोल से परिचित हैं वे जानते हैं कि शहर में भीतर के इलाकों में तालाबों की बड़ी संख्या है।

उदाहरण के लिए सन् 1999 से 2000 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में हैजा फैल जाने के बाद, खासतौर से कलकत्ता और उड़ीसा में,जहां इसका प्रकोप अधिक था,अनेक स्थानों से सैंपल लेकर खालिस जीवाणु को निकाल कर यह मालूम किया गया कि यहां विभेद-0139 ने इसे फैलाया। सन् 2001 के जनवरी महीने में अहमदाबाद में हैजा का प्रकोप तीव्र था,लेकिन यहां से लिए गए सैंपल की जांच से एक अजीब बात यह मालूम हुई थी कि इस बारे यह एक सहवर्ती (कांकोमीटेंट) जीवाणु 'एशिरीशिया कोली' जोकि हमारे उदर में एक मित्र माईक्रोब की तरह निवास करता है, के एक विभेद और विब्रियो-कॉलरी 0139 की मिलीभगत थी। बाद में इन जीवाणुओं की आनुवंशिकी का परीक्षण किया गया तभी विषाक्तता पैदा करने वाले जीन के एक टुकड़े को पढ़ा गया और इसकी भूमिका को जाना गया। इस अध्ययन को 'जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' (अमेरिका) के सितंबर 2001 के अंक में प्रकाशित किया गया था। इतना जान लेने के बाद शरीर में पैदा किए जाने वाले टॉक्सिन या विषाक्तता के लिए कौन सी एंटीबायोटिक असरदार होगी यह इस संस्थान ने बताया। कॉलरा के सभी विभेदों के प्रति कारगर हो सके ऐसी वैक्सीन का विकास एक चुनौती है,क्योंकि इसके लिए कौन सा तरीका अपनाना है, यह लंबे समय तक चलने वाले शोध और क्लिनिकल ट्रायल्स से ही मालूम होता है।

कॉलरा के पुराने और नए स्ट्रेन्स अर्थात् विभेदों और इनकी जैविकी पर अनेक तरीके से और नए इनवेस्टिगेटिव टूल्स अपनाकर भारतीय वैज्ञानिक समुदाय ने देश की प्रयोगशालाओं में सूझ-बूझ से मौलिक शोध में बड़ा काम किया है। कॉलरा पर भारतीय और विदेशी मूल के सांइसदानों के पर्चे बायो-मेडिकल रिसर्च जर्नल्स 'लांसेट', 'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल' और इन्फेक्शस डिजीजेज पर शोधपत्र एवं निबंध प्रकाशित करने वाली पत्रिकाओं जैसे कि 'जर्नल ऑफ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' के अलावा 'नेचर' जर्नल ने अनेक बार प्रकाशित किए हैं। भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा हैजा और आंत्रशोथ पर ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण काम हुआ है जिसका जिक्र इंडियन रिसर्च फंड एसोसिएशन एवं इसके आधुनिक रूपांतरित नाम भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के सन् 1948 से लेकर 1964 तक निदेशक रहे डॉ.सीजी पंडित (चिंतामणि गोबिंद पंडित) ने 'माय वर्ल्ड ऑफ़ प्रिवेंटिव मेडिसिन' नाम से प्रकाशित आत्मकथा में जगह-जगह पर किया है।

बायो-मेडिकल साइंस में शोधकार्य को व्यापक रूप से देखने की प्रवृत्ति अभी नॉन-सांइस कम्युनिकेटर्स' में विकसित नहीं हुई है इसमें बहुत मेहनत होती है और समय लगता है। भारतीय वैज्ञानिकों ने देश में संक्रामक रोगों के प्रकट होने, इनका बड़े स्तर पर असर दिखाने और महामारियों में बदल जाने के ऐतिहासिक अध्ययन प्रकाशित किए तभी हैजा पर राष्ट्रीय स्तर के पब्लिक हैल्थ उपायों और शोध संस्थानों के काम की वजह से यह आज नियंत्रण में नजर आता है। हमारे वैज्ञानिकों के काम के प्रति उपेक्षा से 'पब्लिक ट्रस्ट' भी कभी बन नहीं पाता और मीडिया द्वारा महत्व दिए बिना एक आम धारणा कि हमारे वैज्ञानिक विश्वस्तरीय काम नहीं करते हैं, कैसे टूटेगी? शोधकार्य जारी रखने के लिए 'इंस्टिट्यूशनल फ्रेमवर्क' के भीतर जो धनराशी और सुविधाएं इन्हें दी जाती हैं, उनका वे भरपूर इस्तेमाल करते हैं, इसका भरोसा कैसे होगा? देश में सैनिटेशन को बढ़ावा देकर हैजा, सालमोनेला और शिगेला की रोकथाम के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया था, लेकिन अपर्याप्त सहयोग के कारण इसके नतीजे वैसे नहीं निकल रहे जैसे अपेक्षित थे। संक्रामक रोगों के बने रहने की असली वजह दूषित वातावरण, पानी और दूषित खाद्य-पदार्थ हैं।

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है। कॉलरा जीवाणु के नए विभेद पहले वाले 01 -विभेद से अधिक खतरनाक हैं। इनका तोड़ ढूंढा जा रहा है। इसी सिलसिले में वैज्ञानिक डॉक्टर शंभूनाथ डे ने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शोध करके कॉलरा टॉक्सिन की खोज सन 1946 में की थी। टॉक्सिन को निरस्त या बे-असर करने के लिए आगे जो कुछ हुआ उसकी नींव इन्हीं के काम पर रखी गई है। बेंगलुरु की इंडियन अकादमी ऑफ़ साइंसेज ने अपने 'करंट साइंस' जर्नल का जुलाई, 1990 का एक अंक डॉक्टर शंभूनाथ दे और कॉलरा टॉक्सिन की खोज और संबंधित सामग्री के प्रकाशन के लिए समर्पित किया था।

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं। ऐसा इसलिए कि वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन दीर्घकाल तक हैजा फैलाने वाले विषाणु के सभी विभेदों के विरुद्ध इम्युनिटी प्रदान नहीं करती।

प्रसंगवश

गुड फ्राइडे: ईसा को याद करने और खुद को तराशने का दिन

ईसा कहते हैं, "बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो, भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है, जो मृत्यु है, वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे।

उन्होंने कहा कि अपने ही कंधों पर इस सलीब को खींचकर ले चलो। वह अपने कंधों पर नंगे पैर इस सलीब को खींचकर ले जाने लगे, नंगे पांव को नुकीले कंकर और कांटे चूमने लगे। उन्हें सलीब पर बांधा गया। हथेलियों को कीलों से सलीब पर रोका गया। फिर सलीब को खड़ा किया गया। वह शरीर जो सलीब से टांक दिया गया था, हवा में झूल उठा। उनके सिर पर कांटों का मुकुट पहनाया गया और यह सब करने वाले उन पर हंस रहे थे।

उनकी मृत्यु को हल्का किया जा सके,उसे त्याग की श्रेणी में रखा न जाए,इस योजना के तहत उनके दोनों तरफ दो चोरों को भी सूली पर लटकाया गया,ताकि यह केवल राजदंड लगे और तीनों अपराध की श्रेणी में आए मगर हुआ क्या।

सूली पर बीच में झूलता शरीर आखिरी बार बुदबुदाया। ईश्वर से प्रार्थना की,इन्हें माफ कर देना, यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं और आंखें बंद होने लगीं। उस सलीब पर से खून से रिसते होठों से जो प्रार्थना निकली, उसने पूरी राजशाही के ही नहीं,बल्कि पूरी सभ्यता के पांव उखाड़ दिए और दुनिया को संदेश दे दिया कि विचार के लिए मृत्युदंड नहीं,बल्कि पुरस्कार है। सत्य, न्याय और भाईचारे के मार्ग पर चलना,मृत्यु को अपना दोस्त मानकर चलना है, इन विचारों को जिंदा रखने के लिए मरना पड़ता है।

हफीज किदवई
लेखक

वह दिन तो गुड फ्राइडे या कहिए ग्रेट फ्राइडे था। अब बताइए दो चोरों के साथ उस शरीर को मिटा देने वालों ने कभी सोचा था कि उनके शहर से हजारों किलोमीटर दूर,जंगलों में,पहाड़ों में, रेगिस्तानों में, बर्फ में, भयंकर गर्मी में,भयंकर बारिश में भी उस ईसा को आज भी याद किया जाएगा और उनको कष्ट देने वालों का नाम लेवा भी नहीं होगा,जो भी उन्हें याद करेगा,बदबख्त कहकर याद करेगा और ईसा को,ईसा तो घर-घर पहुंच गए।

मैं अक्सर सोचता हूं कि यदि उस दिन ईसा के समर्थकों ने भयंकर विरोध करके ईसा को बचा लिया होता। रोते हुए वह मंजर चुपचाप न देखा होता,तो क्या होता। तब दुनिया कैसे मृत्यु के महान को पाती,तब कैसे विचारों के लिए त्याग के नए दरवाजे खुलते। ईसा मसीह ने बतला दिया कि यदि विचार शुद्ध, सत्य और न्यायसंगत हैं और मानवता के कल्याण के लिए है तो अपनी मृत्यु की चिंता मत करना,बल्कि उन विचारों को फैलाना, क्योंकि ईश्वर की यही मंशा है।

गुड फ्राइडे ईसा के त्याग को याद करने का दिन और खुद को तराशने का दिन है। तुम मृत्यु से मत डरो,तुम दंड से मत डरो,तुम मुंह फेरती भीड़ से मत डरो,तुम अपने समर्थकों की खामोशी से मत डरो, तुम अकेलेपन से मत डरो, तुम बदनामी से मत डरो, तुम डरो, खूब डरो की कहीं प्रेम मार्ग, कहीं न्याय मार्ग,कहीं अहिंसा मार्ग, कहीं मानवता,कहीं संवेदनशीलता के मार्ग से डिग न जाओ, इससे डरो।

ईसा कहते हैं, "बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे। भले ही वह बहुत कम लोग हों,मगर यह रास्ता तो अब नहीं छूटने का,गुड फ्राइडे का मंत्र तो अब जीवनपर्यंत रहना है...

चुनौती बनता मानसिक अवसाद

सीमा अग्रवाल
मेरठ

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव,हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी न होना और शारीरिक सेहत से नहीं होता,बल्कि स्वास्थ्य सामाजिक, मानसिक और शारीरिक तीनों से जुड़ा है। इन तीनों में जहां भी व्यक्ति कमजोर है वहां वो अस्वस्थ माना जाता है। उसे सेहतमंद नहीं कह सकते। अच्छी सेहत वाला व्यक्ति वो है,जो इन सभी मानकों पर खुश है और हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है,जो जीवन में सामान्य तनावों का सामना करने में सक्षम है। उत्पादक तरीके से काम करता है। अपने समुदाय में योगदान देने में तैयार है। दरअसल मानसिक स्वास्थ्य का संबंध इंसान के भावनात्मक पहलू से है,जो उसके सोचने, समझने, कार्य करने की शक्ति को प्रभावित करता है।

यूं तो मानसिक विकार कई तरह के होते हैं। मसलन डिमेंशिया,तनाव, चिंता, भूलना, अवसाद, डिस्लेसिया आदि,लेकिन इन सभी में अवसाद ऐसा मनोविकार है जिससे पूरी दुनिया त्रस्त है। हर आयु-वर्ग का व्यक्ति आज मानसिक अवसाद के दौर से गुजर रहा है। इस अवसाद के तमाम कारण सामने आ रहे हैं। डब्लूएचओ के अनुसार पिछले एक दशक में तनाव और अवसाद के मामले में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत की करीब 6.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत आबादी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी मेंटल हेल्थ के मुद्दे के प्रति न्यायपालिका को संवेदनशील होने पर जोर देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को वनसाइज फिट फॉर ऑल के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। अच्छी मेंटल हेल्थ हर व्यक्ति का मानवाधिकार है जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि मेंटल स्ट्रेस आनुवांशिक,सामाजिक,आर्थिक, पारिवारिक हर तरह की हो सकती है। इस अवस्था से किसी इंसान को बाहर निकालना आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है जिससे डॉक्टर और विशेषज्ञ भी परेशान हैं।

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव, हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है। एक प्रकार के मनोविकारों का शिकार हो जाता है। ये मनोविकार और नकारात्मकता उसके मन व सेहत दोनों को खराब करती जाती है।

मानसिक अवसाद का बड़ा कारण बेरोजगारी और गरीबी भी है। 2011 की जनगणना के अनुसार देखें तो आंकड़े बताते हैं कि मानसिक रोगों से ग्रस्त करीब 78.62 प्रतिशत लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। ये आंकड़े इशारा करते हैं कि युवाओं में तेजी से मानसिक अवसाद फैल रहा है। डब्लूएचओ ने 2013 में मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के बराबर महत्व देते हुए वर्ल्ड हेल्थ एसेंबली में एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कार्ययोजना को मंजूरी दी थी,जो 2013-2020 तक के लिए थी। इस कार्ययोजना में सभी देशों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कसम खाई थी। भारत ने भी इस कार्य योजना को अपने यहां लागू किया था,लेकिन आज भी भारत में मानसिक स्वास्थ्य के हालात भयावह हैं। डब्लूएचओ के अनुसार साल 2011 में भारत में मेंटल इलनेस से पीड़ित प्रत्येक एक लाख रोगियों के लिए 0.301 मनोचिकित्सक और 0.07 मनोवैज्ञानिक थे। यह हालत पिछले दस सालों में बहुत बेहतर नहीं हुई है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2017 में भारत की विशाल जनसंख्या के लिए मात्र पांच हजार मनोचिकित्सक और 2000 से भी कम मनोवैज्ञानिक थे।

पिछले दिनों डब्लूएचओ ने आगाह किया कि 2024 तक भारत की 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी मानसिक रोगों से पीड़ित होगी। आश्चर्यजनक बात यह है कि मानसिक रोगियों की इतनी बड़ी संख्या के बाद भी भारत में इसे एक रोग के रूप में पहचान नहीं मिल पाई है। यही इसके निदान में चुनौती है। मानसिक विकारों के प्रति भारत में जागरूकता की बहुत कमी है। जागरूकता के इसी अभाव और अज्ञानता के कारण लोगों द्वारा किसी भी प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य विकार से पीड़ित व्यक्ति को मंदबुद्धि मान लिया जाता है।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां भी एक बड़ी चुनौती है। भारत में यदि कोई व्यक्ति एक बार किसी मानसिक रोग से ग्रसित हो जाता है तो जीवनभर उसे समाज में बड़े मुश्किल माहौल, हालातों में जीना पड़ता है। उसका समाज की मुख्यधारा में जुड़ना बहुत कठिन हो जाता है। बहरहाल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर स्थिति में लाने के मार्ग में बहुत चुनौतियां हैं,पर एक सही जागरूकता अभियान से इस स्थिति को सुधारा जा सकता है।

सोशल फोरम

निडर बनाता है प्रेम

मेरा अपना अनुभव है कि जीवन में सबकुछ पहले से निश्चित होता है, वरना अगर मैं गांधी से पहले भगत सिंह को पढ़ी होती तो कम से कम मेरी जीवन यात्रा कुछ और होती। खेतों में पौधे रोपते हुए नन्हें भगत से जब उनके पिता ने पूछा 'क्या कर रहे हो भगत?'तो उन्होंने जवाब दिया कि 'बंदूकें बो रहा हूं पिताजी।'ये बात एक छोटे से अध्याय में बचपन में हम सभी ने पढ़ी थी। इससे ज्यादा कुछ उनके विचारों के बारे में मैंने न जाना न जरूरत समझी,जब तक कि एक उन पर लिखी वो एक किताब नहीं पढ़ी थी। पढ़ते हुए उनकी संवेदनशीलता से परिचय हुआ।

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

मुझे भगत सिंह से इतना प्रेम हो गया था कि मैं उनसे संबधित जो भी मिले सब पढ़ना चाहती थी और पढ़ा भी। 'सीने पर जो जख्म है,सब फूलों के गुच्छे हैं।/ हमें पागल ही रहने दो, हम पागल ही अच्छे हैं।' भगत सिंह की ये पक्तियां मुझे उन पर सटीक लगती थीं। किताब में कहीं नहीं लिखा था कि उनके और दुर्गा भाभी के बीच कोई संबंध था,पर मुझे उसे पढ़कर ये महसूस हुआ कि ये प्रेम तो बेहद सहज और आवश्यक था। वो लोग बेहद नजदीक थे,प्रेम जब दो विचारवान लोगों के बीच होता है तो ज्यादातर उनके मिशन एक ही होते हैं और इस बहाने वे एक दूसरे का साथ पा लेते हैं,करीब रहने के बहाने ढूंढ लेते हैं।

उनका हैट वाला लुक भी उन्हें दुर्गा भाभी ने दिया था। दरअसल सांडर्स को मारने के बाद भगत सिंह और राजगुरु दो दिन के लिए भूमिगत हो गए। दो दिनों बाद वे लोग छिपते-छिपाते लाहौर में दुर्गा भाभी के घर पहुंचे। वहां ही योजना बनी कि उन्हें कलकत्ते भेज दिया जाए, क्योंकि पुलिस हर चप्पे पर थी,इसलिए दुर्गा भाभी ने उनका लुक चेंज करवाया। सूट और हैट में किसी बड़े अधिकारी की तरह और अपने बेटे के साथ उनकी पत्नी बनकर साथ में गईं और राजगुरु नौकर बनकर सामान लेकर गए। उन्हें पढ़ते हुए मैं बेहद आश्चर्य में रहती थी कि इतनी कम उम्र में किसी के पास इतना ज्ञान कैसे हो सकता है? वास्तव में ज्ञान ही हमें प्रेम करना सिखाता है,प्रेम का अर्थ बताता है कि प्रेम सच में एक इंसान की कमजोरी है,अगर वो सच में इंसान है तो प्रेम अवश्य जानता होगा और प्रेम भी हमें निडर बनाता है।

-फेसबुक वॉल से

गोविंदगढ़ अखाड़ा और ब्रज संगीत की विदाई की बेला

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन।

मथुरा में चतुर्वेदियों में उनकी जाति संस्कृति में ब्रज रचा-बसा है। समूची जाति ब्रजभाषा में सोचती है, उसके संस्कारों और आदतों में डूबी रहती है। इस संस्कृति का सबसे शानदार पहलू है होली के बाद तकरीबन एक सप्ताह तक चलने वाला अखाड़ा संगीत। इस संगीत के आयोजन ढोल फूल के मेले तक आगामी दो-तीन दिन तक चलेंगे।

होली के बाद के पहले सप्ताह में जो भी परिवार बुलाता है ये लोग उसके दरवाजे पर जाकर गली में खड़े होकर गाते हैं। सुनने वाले गली और ऊपर की मंजिल से छतों-खिड़कियों में खड़े होकर इसका आनंद लेते हैं। इस संगीत में कोई स्टेज नहीं बनती। बिना स्टेज के कार्यक्रम होता। स्टेज या मंच को कब उन लोगों ने गली के जरिए अपदस्थ कर दिया यह ठीक से बताना मुश्किल है,लेकिन स्टेज का अंत सबसे बड़ा सामंती व्यवस्था विरोधी कदम था। पहले स्टेज और पर्दे दो बहुत बड़ी चीजें थीं,जो कलाओं की प्रस्तुति के समय नजर आती थी।

चौबों में मोहन बाग,गिरधर वाली,गोविंदगढ़, बुद्उआ,चौबच्चा,चूढ़ागढ़ ये अखाड़े थे। इनमें से अधिकांश खत्म हो गए हैं। अब सिर्फ गोविंदगढ़ अखाड़ा बचा है। होली के बाद तीन दिनों तक चौपाइयां चलती हैं। इसे स्ट्रीट संगीत कहना समीचीन होगा। अखाड़ा गायन संस्कृति (चौपाई) वस्तुतः ब्रज का स्ट्रीट संगीत है। होली के बाद इस संगीत की टोलियां चौबिया पाड़े में निकलती हैं और उनके यहां कार्यक्रम पेश करती हैं जिनके घर कोई शुभ कार्य हुआ है। मसलन जिनके शुभ कार्य हुआ है,वे लोग उनको निमंत्रित करते हैं और आमंत्रित व्यक्ति के घर पूरी टीम के साथ आते हैं,उसके दरवाजे के बाहर ब्रज के स्वरचित गीतों को गाते हैं।

इस गायन मंडली और गायनशैली की विशेषता है कि उसमें कार्यक्रम गली में ही खड़े-खड़े सुनना होता है। गाने वाले और सुनने वाले खड़े रहते हैं। आसपास के स्त्री-पुरुष-युवा सभी इसमें शिरकत करते हैं, सुनते हैं। आम तौर पर गायन का दर्शकगण अनुकरण करते हैं। इसमें मुख्य टीम में एक सूत्रधार रहता है,जो टीम का नेतृत्व करता है। प्रतिदिन दो से तीन कार्यक्रम यह टीम पेश करती है। इस टीम का सबसे शानदार पक्ष ब्रजभाषा और ब्रज के गीत का शास्त्रीय और अर्द्ध-शास्त्रीय रूप है। नगाड़ा, ढोलक और मंजीरा इन तीन वाद्ययंत्रों का कलात्मक-पेशेवर ढंग से उपयोग करते हैं। ये लोग हर साल कुछ नए गीत जरूर लिखते हैं। यह काम तकरीबन 150 से अधिक सालों से कर रहे हैं। इनके सभी गीत ब्रज के लोकगीत हैं। ये सभी मौलिक होते हैं। इनकी धुनें भी मौलिक होती हैं। इनकी रचनाएं सामूहिक सृजन हैं। कहने को कोई एक व्यक्ति लिखता है,लेकिन ये अपने गीतों को सामूहिक रचना के तौर पर,अखाड़े के नाम से पेश करते हैं। इनके गीतों पर फिल्मी संगीत और लय का कोई असर नजर नहीं आएगा। इस अर्थ में ये फिल्मी पैरोडी के प्रभाव से ब्रज के लोक संगीत और गीतों को बचाए हुए हैं। जबकि हकीकत यह है कि अधिकांश ब्रज का लोक संगीत फिल्मी असर में आकर विकृतिकरण और बेसुरेपन का शिकार हो चुका है। बड़ी संख्या में कान फोड़ु ब्रज संगीत और बेसुरे गायकों की टोलियां फल-फूल रही हैं।

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अखाड़ा संगीत पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष संगीत है। गीतों में कृष्ण, राधा आदि का जिक्र मिलेगा,लेकिन संगीत में,कला में धर्म का रुपांतरण उसे धर्म नहीं रहने देता। ब्रज संगीत-गीत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की बुनियादी विशेषता है,पूंजीवादी और धार्मिक तर्कों का कला में अस्वीकार। अखाड़ा संगीत का कोई संरक्षक नहीं है। इसका न तो कोई धर्म-संत-महंत संरक्षक है,न कोई सामंत संरक्षक है और न कोई अमीर संरक्षक है और न ही कोई राजनीतिक दल ही इनका संरक्षक है। इस संगीत के सर्जक और संरक्षक हैं अखाड़े के कला सर्जक गायक-संगीतकार आदि। अखाड़ा संगीत की गायन मंडली पैसे के लिए,राजनीतिक प्रचार के लिए, धार्मिक प्रचार के लिए संगीत पेश नहीं करती,बल्कि इसकी रुचि है ब्रज संगीत-गीत की मौलिक सृजन परंपरा को बनाए और बचाए रखना।

अखाड़ा संगीत के कलाकारों को आमतौर पर मीडिया में कोई खास कवरेज नहीं मिलती,इनके कार्यक्रमों में गली-मुहल्ले में रहने वाले सैंकड़ों सामान्यजन जिनमें अधिकतर चतुर्वेदी ही होते हैं। वे श्रोता के रूप में भाग लेते हैं। इन दिनों पर चौपाई परंपरा अपनी अंतिम सांसें ले रही है। अधिकतर अखाड़े खत्म हो गए हैं। अखाड़ों के खत्म होने पर चौबों को कोई तकलीफ भी नहीं है,क्योंकि अधिकतर

दांव-पेच और पाला बदलने का बदलापुर बना आजमगढ़

चीनी मिलों वाला पूर्वांचल का है इलाका इस बार

किसका होगा मुंह मीठा

मुलायम सिंह और अखिलेश यादव यहां से बन चुके हैं सांसद 2022 के उप चुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव ने सपा से छीन ली थी सीट

दिग्विजय सिंह, कानपुर

अमृत विचार। खाटी समाजवादियों का गढ़ रही आजमगढ़ संसदीय सीट पर 2022 में हुए उप चुनाव में जीत दर्ज करने वाले दिनेश लाल यादव निरहुआ पर भाजपा हाईकमान ने भरोसा जताते हुए फिर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। गांव-गांव घूम रहे निरहुआ पूरे जोश के साथ राम मंदिर की स्थापना और मोदी की गारंटी के गीत गा रहे हैं। इसके जवाब में उनसे एक बार फिर मुकाबला करने उतरे सपा नेता धर्मेंद्र यादव लोगों को हार का बदला लेने के लिए सौगंध दिला रहे हैं। उन्हें इस बार जीत का भरोसा है, तो उसकी वजह भी है। पिछले चुनाव में उनकी हार की प्रमुख वजह बने थे बसपा उम्मीदवार गुड्डू जमाली। लेकिन अब गुड्डू जमाली सपा में शामिल हो चुके हैं। इस सीट पर 18 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। इसमें मुस्लिम और यादव वोटर सर्वाधिक हैं। इन दोनों का आंकड़ा 40 फीसदी से ज्यादा गिना जाता है।

आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के इस्तीफा देने के बाद हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को दो लाख 66 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। लगभग इतने ही वोट उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में भी मिले थे, जब वह मुलायम सिंह यादव के खिलाफ चुनाव लड़े थे। उस बार भी गुड्डू जमाली तीसरे नंबर पर रहे थे। दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी रमाकांत यादव थे, जो अब सपा से विधायक बन चुके हैं। अबकी बार गुड्ड्डू जमाली भी सपा के साथ हैं। सपा ने उन्हें एमएलसी बना दिया है। इस कारण समीकरण बदलने की बात कही जा रही है। लेकिन भाजपा ने मोदी के 400 पार संकल्प के चलते इस सीट पर खास फोकस कर रखा है।

पिछले तीन लोकसभा चुनावों में राजनीतिक दलों को मिले मत (प्रतिशत में)



18 लाख से ज्यादा मतदाता इस बार चुनेंगे अपना सांसद

40% से ज्यादा मुस्लिम व यादव मतदाता होने से इस सीट पर एमवाई फैक्टर मजबूत

1984 के बाद नहीं जीती कांग्रेस

- 1952 से 1971 तक कांग्रेस का यह मजबूत गढ़ हुआ करता था, लेकिन 1977 में आपात काल के विरोध में उपजी लहर के कारण यहां से जनता पार्टी के रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि जब 1978 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने पुन: परचम लहराया लेकिन यह जीत 1980 के चुनाव में बरकरार नहीं रह पाई तब जनता पार्टी सेक्युलर के चंद्रजीत यादव ने यह सीट छीन ली। हालांकि 1984 में कांग्रेस यहां फिर जीती लेकिन इसके बाद से कांग्रेस के उम्मीदवार जीत के लिए तरस रहे हैं।

विधानसभा चुनाव में खूब दौड़ी साइकिल

- यहां की सगड़ी विधानसभा सीट पर हृदय नारायण पटेल तो मुबाकरपुर सीट पर अखिलेश यादव, गोपालपुर से नफीस अहमद और आजमगढ़ सदर से दुर्गा प्रसाद यादव विधायक हैं। इसी तरह मेहनगर सुरक्षित सीट से पूजा सरोज सपा की विधायक हैं। संसदीय क्षेत्र की सभी पांच सीटों पर सपा के ही विधायक हैं।

2009 में पहली बार जीती थी भाजपा

- कई चुनावों तक यह सीट बसपा और सपा के खाते में जाती रही। 1989 के चुनाव में यहां से बसपा के रामकृष्ण यादव जीते थे लेकिन 1991 यह सीट जनता दल के खाते में चली गई थी। जब 1996 में चुनाव हुआ तो सपा के बाहुबली रमाकांत यादव संसद पहुंचे। हालांकि 1998 में बसपा के अकबर अहमद डंपी को यहां जीत मिली पर 1999 और 2004 के चुनाव में यहां से रमाकांत यादव पुन: जीते। हालांकि उनकी सदस्यता खत्म होने के बाद यहां 2008 में उप चुनाव हुआ और बसपा के अकबर अहमद डंपी फिर जीते। 2009 में रमाकांत भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और पहली बार भाजपा यहां जीत दर्ज करने में कामयाब हुई थी। हालांकि 2014 में जब चुनाव हुआ तो रमाकांत यादव सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से चुनाव हार गए थे।

जमाली के जरिए मुस्लिमों को साधने की कोशिश

- रियल स्टेट के बड़े कारोबारी गुड्डू जमाली मुबारकपुर सीट से दोबार विधायक रह चुके हैं। गुड्डू के जरिए सपा ने मुस्लिम मतदाताओं को साधने की कोशिश की है। पार्टी यह मानती है कि 2022 के चुनाव में यदि गुड्डू बसपा से मैदान में न आते तो उप चुनाव में धर्मेंद्र को हार का सामना न करना पड़ता।

अकबर अहमद डंपी को बसपा बना सकती प्रत्याशी

- चर्चा है कि बसपा आजमगढ़ सीट से अपने पूर्व सांसद अकबर अहमद डंपी को प्रत्याशी बना सकती है। डंपी पहली बार 1996 में तिवारी कांग्रेस के टिकट पर आजमगढ़ लोकसभा से चुनाव लड़े थे और हार गए थे। इसके बाद वह बसपा में चले गए। 1998 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा। इस चुनाव में डंपी 5365 वोटों से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

संसदीय क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा

- इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इन सभी पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। बसपा छोड़कर सपा में आए शाह आलम उर्फ गुड्डु जमाली की न सिर्फ मुस्लिम मतदाताओं पर मजबूत पकड़ है बल्कि बसपा के परंपरागत मतदाताओं में भी अच्छी खासी पैठ है। 2022 के उप चुनाव में गुड्डू जमाली ने 2,66, 210 वोट पाकर न सिर्फ सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव की जीत में अहम भूमिका अदा की बल्कि बड़े पैमाने पर वे मुस्लिम मतदाताओं को सपा से तोड़ने में कामयाब हो गए थे।
- मुस्लिम मतदाताओं के बड़े वर्ग के बसपा के पाले में जाने से ही निरहुआ जीत गए थे जबकि इससे पहले 2019 में जब लोकसभा का चुनाव हुआ था तो उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। तब अखिलेश यादव को 6, 21, 578 वोट मिले थे और निरहुआ 3, 61, 704 वोट पर ही सिमट गए थे। 2022 की हार को 2024 में जीत में बदलने के लिए अखिलेश यादव ने गुड्डू जमाली को साइकिल की सवारी देकर एमएलसी बनाया है। अभी बसपा ने इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी यहां किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

भाजपा के वोट बैंक और आधी आबादी पर नजर

मुरादाबाद की सियासत

- रुचि वीरा को उतार सपा का मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग के साथ सवर्ण मतों के ध्रुवीकरण पर जोर
- भाजपा की रणनीति मुस्लिम मतों के बिखराव और हिंदू मतों का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में कराने की

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद लोकसभा सीट पर चुनावी बिसात में शह और मात के लिए हर जोर आजमाइश में राजनीतिक दलों के दिग्गज व प्रत्याशी जुट गए हैं। एक दूसरे के वोटों में सेंधमारी के साथ ही अपने परंपरागत मतों पर मुस्तैद निगाहें हैं। सपा ने इस बार मुस्लिम चेहरे की बजाय आखिरी क्षणों में रुचि वीरा को उतारकर हिंदू मतों का भाजपा की ओर ध्रुवीकरण रोकने और आधी आबादी को रिझाने की पुरजोर कोशिश की है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट में मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। लेकिन, भाजपा के हिंदू वोटरों के एकजुट होने से कई बार खेल का रुख पलट जाता है और जीत का पलड़ा कहीं भी झुक जाता है। भाजपा से लगातार चौथी बार मैदान में उतरे पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कमल खिलाने में जुटे हैं तो सपा ने पहले अपने वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया लेकिन, नामांकन के आखिरी दिन ऐन वक्त पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को पार्टी का सिंबल देकर चुनावी दंगल में उतार दिया। इसके पीछे पार्टी के परंपरागत वोटरों को साधने के साथ ही भाजपा के हिंदू वोटरों में सेंधमारी कर चुनाव को अपने पक्ष में करने की सोच है। वहीं मान्यता प्राप्त दलों में एकमात्र महिला प्रत्याशी होने का लाभ भी सपा लेने में जुटी है। वह आधी आबादी के हक की बात कर उनको रिझाने में जोर लगा रही हैं। ऐसे में रुचि वीरा के आने के बाद दलीय समीकरणों में घालमेल हो गया है। अब सभी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। सपा की प्रत्याशी ने नामांकन के बाद ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जाने के अलावा मंदिरों में भी मत्था टेकना शुरू कर दिया है। जिससे भाजपा खेमे भी हलचल है। हालांकि भाजपा भी सपा के वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का टिकट काटे जाने के बाद उनकी दुखती रग पर हाथ रखकर उनकी नाराजगी का लाभ लेने में पीछे नहीं है। भाजपा मुस्लिम मतों के बिखराव पर जोर दे रही है। सपा के अंदरूनी कलह का लाभ अपने पक्ष में कर कमल खिलाने में भाजपाई रणनीतिकार जुटे हैं। महानगर के अलावा आसपास की विधानसभाओं में भी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क में तेजी ला दी है।

मुस्लिम मतों को जोड़ने में लगी बसपा

- बसपा के प्रत्याशी इरफान सैफी व उनके दल के दिग्गजों की चुनाव लड़ने की रणनीति आक्रामक है। एक तरफ वह पार्टी के परंपरागत वोटरों को सहेज रहे हैं तो दूसरी ओर मुस्लिम मतों खासकर सपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में यह तान छेड़ रहे हैं कि सपा मुस्लिम विरोधी है। ऐसे में बसपा हाथी की चाल को गति देकर चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराकर जीत का गणित फिट करने में जुट गई है।

क्या कहते हैं राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष

सपा के प्रत्याशी बदलने का कोई फर्क भाजपा के अभियान पर नहीं है। हम केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं। जाति, धर्म नहीं केवल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा जा रहा है। 400 से अधिक सीटें जीत कर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है।

–आकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष

बहुजन समाज के कैडर वोटरों के अलावा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर बसपा चल रही है। नौ लाख मुस्लिम व 3 .50 लाख दलित मतदाता बसपा के लिए मतदान करेंगे। सपा के प्रत्याशी चयन में अंतर्कलह का लाभ भी बसपा को मिलेगा। इस बार मुरादाबाद सीट से बसपा की जीत होगी।

–सुनील आजाद, बसपा जिलाध्यक्ष

जिले में समाजवादी पार्टी की जड़ें मजबूत हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चेहरे व पार्टी की नीतियों पर चुनाव लड़ रहे हैं। जनता का आशीर्वाद पहले भी सपा को था, आगे भी रहेगा। सपा प्रत्याशी की जीत होगी। भाजपा के कुशासन से जनता ऊब चुकी है।

–डीपी यादव, सपा जिलाध्यक्ष

बिहार में राजद 26, कांग्रेस नौ सीटों पर लड़ेगी चुनाव

- तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल सकी पूर्णिया सीट

चुनाव डेस्क, बरेली

अमृत विचार। महागठबंधन के बीच बिहार में सीटों का बंटवारा हो गया है। कांग्रेस जहां नौ सीटों पर लड़ेगी तो राष्ट्रीय जनता दल के खाते में यहां 26 सीटें आईं हैं। पूर्णिया सीट पर कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन यह सीट तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल पायी। यहां से राजद का उम्मीदवार मैदान में होगा। सीटों के बंटवारे पर बात करें तो 40 लोकसभा सीटों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) 26, कांग्रेस नौ, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) तीन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन करने के एक दिन बाद महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे का एलान किया। संवाददाता सम्मेलन में राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और भाकपा माले, भाकपा और माकपा के के राज्यस्तरीय नेताओं ने संबोधित किया। बिहार विधानसभा में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव को इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन वह अनुपस्थित रहे। झा ने बताया कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है। राजग को चुनाव में हराएंगे। राजद ने उन सभी चार सीटों गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जहां पहले चरण में मतदान होना है। इससे उसके सहयोगी दलों ने नाराजगी जताते हुए इसे एकतरफा कदम बताया था।

पूर्णिया से बीमा भारती को राजद ने उतारा

भाकपा और माकपा भी क्रमश: बेगूसराय और खगड़िया से पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के फॉर्मूले के अनुसार, राजद ने पूर्णिया सीट भी कांग्रेस से ले ली है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने महागठबंधन द्वारा औपचारिक घोषणा किए बिना ही जदयू से पाला बदलकर आई बीमा भारती को पूर्णिया से पार्टी का टिकट दिया था। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते पूर्णिया से तीन बार सांसद रह चुके पप्पू यादव को पार्टी में शामिल किया था। यादव को इस सीट से टिकट मिलने की उम्मीद थी। उनका दावा था कि इस आशय का आश्वासन उन्हें राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने दिया था। पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। कांग्रेस को किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, भागलपुर, सासाराम, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण व महाराजगंज सीट मिली है।

राजस्थान में खरगे व गांधी परिवार के साथ गहलोत, पायलट स्टार प्रचारक

जयपुर, (भाषा)। कांग्रेस ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। पार्टी के 40 नेताओं के नाम वाली इस सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी नाम है। इसके अलावा सूची में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सचिन पायलट व कन्हैया कुमार का भी नाम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध सूची के अनुसार कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी तथा वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश, हेमाराम चौधरी, रघु शर्मा और हरीश चौधरी शामिल हैं। सूची में सूकई विधायकों के भी नाम हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र छह अप्रैल को यहां जयपुर में आयोजित एक जनसभा में जारी करेगी।

अशोक गहलोत।

सोनिया गांधी।

मल्लिकार्जुन खरगे।

बनाया माहौल उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले की गढ़वाल सीट से उम्मीदवार के पक्ष में रोड शो किया और जनता से आशीर्वाद मांगा। अमृत विचार

अनदेखी जिनको टिकट मिला उन्हें जनता ने नहीं चुना सांसद

महिला सांसद के लिए तरस रहीं सूबे की 34 सीटें

चुनाव डेस्क

कानपुर। लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सीटें रखने वाले उत्तर प्रदेश के लिए कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है, महिलाओं का लोकसभा में प्रतिनिधित्व भी बढ़ रहा है। भाजपा ने हाल ही में नारी वंदन बिल पास करके इस आधी आबादी की आवाज बुलंद करने के काम को आगे बढ़ाया है। लेकिन प्रदेश में 34 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर आज तक कभी कोई महिला प्रत्याशी सांसद नहीं चुनी गई है।

ऐसा नहीं है कि इन लोकसभा सीटों पर राजनीतिक दलों ने महिलाओं को टिकट नहीं दिया। लेकिन जो भी महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ीं उन्हें हार का ही सामना करना पड़ा।

महिलाओं के प्रतिनिधित्व से वंचित सीटों में मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, एटा, बागपत, गोरखपुर, बलिया, अकबरपुर, बस्ती, भदोही, देवरिया, फैजाबाद, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाजीपुर, घोसी, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, कौशांबी, कुशीनगर, मछली शहर, मुजफ्फरनगर, नगीना, रॉबर्ट्सगंज, सलेमपुर, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, वाराणसी, डुमरियागंज लोकसभा सीटें शामिल हैं।

कानपुर-बुंदेलखंड में दो महिला प्रत्याशी

- कानपुर-बुंदेलखंड को वीरांगनाओं की धरती कहा जाता है। वीरांगना लक्ष्मीबाई, अजीजन बाई, मैनावती, आजाद हिंद फौज की सेनानी लक्ष्मी सहगल जैसे तमाम नाम इस इलाके में आज भी शौर्य के प्रतिमान हैं। लेकिन महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को आगे बढ़ाने में राजनीतिक दलों ने कभी बड़ी दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां तक कि नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने के बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव में अभी तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने में सभी दल पुराने ढर्रे पर ही नजर आ रहे हैं।
- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 लोकसभा सीटें आती हैं। भाजपा सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। लेकिन महिला प्रतिनिधित्व की बात करें तो फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति को ही टिकट मिला है। गठबंधन में सपा ने जो टिकट दिए हैं, उनमें उन्नाव से अन्नू टंडन का ही नाम सामने आया है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का राजनैतिक इतिहास देखें तो भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा जैसे सभी प्रमुख दल महिलाओं को लोकसभा प्रत्याशी बनाने में हिचकते ही रहे हैं। यही वजह है कि वर्ष 1952 से अब तक इस क्षेत्र से नौ महिलाएं सावित्री निगम, सुशीला रोहतगी, शीला दीक्षित, अन्नू टंडन (सभी कांग्रेस), सुखदा मिश्रा, साध्वी निरंजन ज्योति, कमल रानी वरुण (सभी भाजपा), सुभाषिनी अली (माकपा), डिंपल यादव (सपा) ही संसद में पहुंच सकी हैं।

आंध्र में तेलुगुदेशम के सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

अमरावती, (भाषा)। तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा की। सूची में वाईएसआरसीपी के एक सांसद का भी नाम है, जो हाल में पार्टी में शामिल हुए हैं। तेदेपा ने अंगुल से एम श्रीनिवासुलु रेड्डी को मैदान में उतारा है, जिन्होंने हाल में सत्तारूढ़ दल युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) छोड़ दी थी। रेड्डी 2019 में वाईएसआरसीपी के टिकट पर अंगुल लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे। विपक्षी दल तेदेपा ने विजयनगरम से के अप्पलानायडू, अनंतपुर से ए लक्ष्मीनारायण और कडप्पा से सी भूपेश रेड्डी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। चार नामों की घोषणा के साथ, तेदेपा ने 17 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल तेदेपा राज्य में 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। तेदेपा विधानसभा की 144 सीट पर चुनाव लड़ेगी। राज्य में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ 13 मई को होंगे। गठबंधन के तहत, अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी जनसेना दो सीट और 21 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा लोकसभा की छह सीट पर चुनाव लड़ेगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की कुल 25 सीट और विधानसभा की 175 सीट हैं।

एक नजर

यूपी पुलिस ने 68 कुख्यात अपराधियों को दिलाई सजा

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी पुलिस के स्तर पर 2020 से 68 कुख्यात अपराधियों को चिन्हित कर उनके मुकदमें में पैरवी लगातार की जा रही है। पुलिस ने विचाराधीन मुकदमों में विशेष पैरवी कराकर 54 अभियोगों में 25 चिन्हित अपराधियों व 44 सह अपराधियों (गैंग सदस्यों) को दोष सिद्ध कराया है। जिसमें दो को मृत्युदंड की सजा तथा अन्य अपराधियों को आजीवन कारावास और सश्रम कारावास जैसे दंड दिया है। जिन अपराधियों को सजा मिल चुकी है उनमें मुख्तार अंसारी (मृत) के अलावा विजय मिश्रा, अतीक अहमद (मृत), योगेश भदौड़ा, मुनीर, सलीम, रुस्तम, सोहराब, अजीत सिंह उर्फ हप्पू, आकाश जाट, सिंहराज भाटी, सुंदर भाटी, मुलायम यादव, ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह, अमित कसाना, एजाज, अनिल दुजाना, याकूब, कुरैसी, बच्चू यादव, धर्मेंद्र कीर्तल, रणदीप भाटी, संजय सिंह, अनुपम दुबे, विक्रांत उर्फ विक्की और ऊधम सिंह जैसे अपराधी शामिल हैं।

मुख्तार ने जिनकी हत्याएं कराई, उनके परिजन खुश

▶ अलका राय ने बेटे के साथ किया बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन, कहा- हम बहुत खुश हैं, बाबा की कृपा है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्तार अब नहीं है, उसकी मौत का एक-एक पल कितना दर्दनाक रहा होगा, कल्पना करना परिवार और समर्थकों को पीड़ा से भर देता है। लेकिन, मुख्तार की वजह से जिन महिलाओं के सुहाग उजड़े, बच्चों से बाप का साया छिना, उनके लिए मुख्तार की मौत की खबर सुकून देने वाली रही।

19 साल पहले ताबड़तोड़ गोलियों से छलनी किए गए भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय और बेटे पीयूष राय ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। इस मामले में भी मुख्तार बरी हो चुका था। अलका राय ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। बाबा की कृपा है। महाराज योगी जी का आशीर्वाद मिला है। ये भगवान का न्याय है। विपक्ष कुछ भी कह सकता है, कोई फर्क नहीं पड़ता। पंजाब की जेल में रहकर वह अपराध करता था, लेकिन यूपी आकर न्याय मिला है। वह अत्याचारी था, उसका अंत हो गया। वहीं, पीयूष ने कहा कि आज का दिन उनके लिए खुशी का दिन है और ये दिवाली से कम नहीं है। मैं गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा, उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर, मैं बस इतनी सी बात कहूंगा, 'कर्म के दायरे से उतरोगे, तो उसकी सजा तुम्हें तड़पने तक नहीं छोड़ेगी।

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते स्व कृष्णानंद की पत्नी और पुत्र। अमृत विचार

मुख्तार की मौत की खबर मिलने के बाद बेटे विकास ने पिता मन्ना सिंह की फोटो पर पहली बार माला चढ़ाया, वहीं पत्नी के छलके आंसू।

▸▸ विकास ने पिता मन्ना की फोटो पर पहली बार चढ़ाया फूल- माला

ऐसा ही माहौल मऊ में ठेकेदार मन्ना सिंह उर्फ अजय प्रकाश सिंह और उनकी हत्या के गवाह राम सिंह मौर्य और गनर की 2009 में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना में भी बरी हुए मुख्तार की मौत को लेकर है। मन्ना सिंह के बेटे विकास सिंह ने पिता की फोटो पर पहली बार माला और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिवार वाले खुशी के आंसू रोए।

प्रतिक्रिया

मुख्तार की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं, उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। उनके परिवार का दु:खी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे। – **मायावती** (बसपा प्रमुख)

किसी बंधक या क़ैदी की इस तरह मृत्यु हो जाना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वो पूरी तरह ग़ैर क़ानूनी हैं। – **अखिलेश यादव** (सपा प्रमुख)

मुख्तार को जहर देने का आरोप पूरी तरह से निराधार है। कोई इसकी जांच कराना चाहे तो करा ले। उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की और उन्हें पूरी चिकित्सा सहायता दी गई लेकिन वह बच नहीं सके। – **राजनाथ सिंह** (रक्षा मंत्री)

इलाज के नाम पर प्रशासन ने ड्रामा ही किया है। दो दिन पहले भी इलाज के नाम पर खानापूरी कर पिता को जेल की तन्हाई में डाल दिया गया था। जहर देने का आरोप हमारी ओर से नहीं बल्कि पिता की ओर से ही लगाया गया था, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। मुझे प्रशासन पर नहीं, न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। –**उमर अंसारी (पुत्र स्व. मुख्तार अंसारी)**

मेडिकल जांच हो चुकी है, न्यायिक जांच होगी। आज कल 25-35 साल के लोगों को हार्ट अटैक आ जाता है। जो भी हुआ है वो सच सामने आ जाएगा। सपा, कांग्रेस और बसपा बताए उन्हें कौन संरक्षण देता था, ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। –**अनुराग ठाकुर (केंद्रीय मंत्री)**

लोग जो संदिग्ध हालात में मौत की बात कहते हैं, वो जांच का विषय है। जांच में सत्यता के आधार पर बयान करना चाहिए। आज के दिन विज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। फॉरेंसिक रिपोर्ट पर ही विश्वास किया जा सकता है। किसी की मौत पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। –**संजय निषाद (कैबिनेट मंत्री)**

मुख़्तार की जिन परिस्थितियों में मृत्यु हुई वह अत्यधिक चिंताजनक है। उन्होंने न्यायालय में अर्जी देकर पहले ही जहर देकर अपनी हत्या की आशंका व्यक्त की थी। मौजूदा व्यवस्था में तो न जेल में कोई सुरक्षित, न पुलिस कस्टडी में और न अपने घर में। प्रशासनिक आतंक का माहौल पैदा करके लोगों को मुंह बंद रखने को विवश किया जा रहा है। –**रामगोपाल यादव (सपा नेता)**

सभी को मुख्तार की मौत से जुड़ी अफवाह से बचना चाहिए। मेरे डीजीपी रहते हुए भी मुख्तार को लेकर ऐसी मनगढ़ंत कहानियां बनाई जाती थीं। वो पहले भी बीमार रहता आया है। राज्य में इस समय शांति का माहौल है उसे किसी को भंग करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। –**ओपी सिंह** (पूर्व डीजीपी)

मुख्तार की मौत के बाद शुरू हुई वोट बैंक की राजनीति

सपा, बसपा व कांग्रेस मुसलमानों को साधने में जुटी, हिंदू वोट सहेज रही भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद वोट बैंक मजबूत करने के लिए सियासत भी तेज हो गई है। सबसे पहले सवालों की बौछार सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुरू की, देखते ही देखते बसपा प्रमुख मायावती, कांग्रेस समेत तमाम दलों और नेताओं की ओर सरकार पर आरोप और जांच की मांग शुरू हो गई। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष ने जैसे ही मुसलमान वोट साधने की कवायद तेज की, भाजपा ने मुख्तार की जरायम की दुनिया गिनाने के साथ मारे गए लोगों की संवेदनाओं के जरिए हिंदू वोट बैंक सहेजना शुरू कर दिया है।

माफिया मुख्तार अंसारी उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में सजा काट रहा था। गुरुवार देर शाम हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुश्तैनी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी शुरू हो गई है। जुमा की नमाज की वजह से प्रदेश में हाई अलर्ट रहा। मुख्तार अंसारी की मौत ऐसे समय में हुई है जब लोकसभा चुनाव की तपिश तेज है। मुख्तार की मौत के सहारे विपक्षी दलों की कोशिश मुस्लिम वोटों के विश्वास को जीतना है, क्योंकि मुख्तार मुस्लिम समुदाय से आते हैं। पूर्वांचल के कई जिलों में मुस्लिम वोटर बड़ी संख्या में हैं।

अखिलेश यादव से लेकर मायावती तक मुस्लिम वोटों को सियासी संदेश देने के लिए ही मुख्तार की मौत पर सवाल खड़े कर सरकार को घेर रहे हैं। इसके बहाने यह बताने की कोशिश हो रही है कि मुख्तार अंसारी की मौत स्वाभाविक नहीं है बल्कि एक साजिश के तहत उसे मारा गया। ऐसा मुस्लिम समुदाय के लोग मान भी रहे हैं, जिसे समझते हुए विपक्षी दल सरकार को घेर रहे हैं।

सरकार ने न्यायिक और मजिस्ट्रेटी दोनों जांच को हरी झंडी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर तमाम मंत्री और नेता मुख्तार की मौत को स्वाभाविक बताते हुए विपक्ष के आरोपों को राजनीतिक करार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी से लेकर बड़े नेता विपक्ष के गढ़े जा रहे नैरेटिव को तोड़ने के बजाय खामोशी अख्तियार किए हैं। चुप रहते हुए बहुसंख्यकों को राजनीतिक मैसेज दिया जा रहा है। मगर सोशल मीडिया में खूब सियासी दांव-पेच चल रहे हैं।

19 साल जेल में रहते हुए मुख्तार ने लड़े तीन चुनाव

मुख्तार को सियासत विरासत में मिली है। उनके दादा डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान 1926-27 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष थे। महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर उस्मान मुख्तार उन के नाना थे। मुख्तार के पिता सुब्हानउल्लाह अंसारी कम्युनिस्ट नेता थे। इतना ही नहीं पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी मुख्तार के रिश्ते में चाचा लगते हैं। मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी ने पिता की तरह कम्युनिस्ट पार्टी से सियासी पारी शुरू की थी, लेकिन मुख्तार ने बसपा के हाथी पर सवारी कर सियासत में कदम रखा। पहली बार 1996 में बसपा के टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। 2002, 2007, 2012 और फिर 2017 में भी मऊ से जीत हासिल की। 19 साल से अलग-अलग जेल में रहते हुए आखिरी तीन चुनाव जीते। बाद में मऊ की विरासत बेटे को सौंप दी। पूर्वांचल की राजनीति में मुख्तार अंसारी का उतना ही असर है जितना कि बिहार की राजनीति में शहाबुद्दीन का हुआ करता था। 2005 में बिहार की सत्ता के बदलते ही शहाबुद्दीन के बुरे दिन शुरू हो गए थे, वैसे ही उप्र. में 2017 में सत्ता बदलते ही मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने लगा था।

जहां दफन हैं कई पीढ़ियां, वहीं सुपुर्द-ए-खाक होगा मुख्तार

गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार अंसारी के परिवार में अब तक जितने भी पूर्वजों का इंतकाल हुआ है, सभी को दफनाया गया है। मुख्तार को भी इसी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। विधायक मन्नू अंसारी ने शुक्रवार को कब्रिस्तान पहुंच कर साफ-सफाई कराई। वे फोन पर उस जगह के लिए सांसद अफजाल अंसारी से दिशा निर्देश ले रहे हैं, जहां मुख्तार के शव को दफनाया जाएगा।

ऊपर वाला जरूर बदला लेगा : सिबगतुल्लाह अंसारी

मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिबगतुल्लाह ने कहा कि रात में मुख्तार की हालत खराब होने की सूचना हम लोगों को मिली थी। वह अपने पतन का एहसास करते रहे। सबको बताते रहे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया, क्योंकि यह सब एक साजिश के तहत हो रहा था। मुख्तार के शरीर को आप देखेंगें, कोई नहीं कहेगा कोई बीमार इंसान पड़ा है। लगेगा कोई सो रहा है। उन्होंने कहा, हमारे सामने कोई खड़ा न हो पाए, उसे पहले मिटा दो.. ये राजनीति हो रही है आजकल। अब कोई जेल में भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऊपर वाला बदला जरूर लेगा।

▸▸ माफिया को 'मुजाहिद' बताते थे समर्थक, देश-विदेश के मौलानाओं से था रिश्ता

वरिष्ठ अधिकारी रहे सतर्क, एडीजी लेते रहे अपडेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शुक्रवार को पूरे यूपी में अलर्ट रहा। प्रयागराज, कानपुर, गोरखपुर और लखनऊ में पैरामिलेट्री फोर्स ने फ्लैगमार्च किया। मऊ, गाजीपुर और बांदा में धारा 144 लागू कर दी गई। प्रदेश के लगभग सभी बड़ी मस्जिदों के आसपास फोर्स तैनात कर दी गई।

लखनऊ के चौक इलाके में आरएएफ की तैनाती रही। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सुबह ही पुलिस तैनात कर दी गई थी।

"पूरे प्रदेश में पुलिस के अधिकारी कानून व्यवस्था को लेकर सक्रिय थे। देर शाम तक किसी भी तरह की अनहोनी की कोई सूचना नहीं थी। जुमे की नमाज भी सकुशल संपन्न हुई।

– अमिताभ यश, एडीजी कानून-व्यवस्था

प्रयागराज में पुलिस ने जुमे की नमाज से पहले धर्मगुरुओं से बातचीत कर शांति पूर्वक नमाज पढ़ाकर वापस घर भेजने का अनुरोध किया। यहां पूरे जोन जोन और कमिश्नरेट में अलर्ट जारी किया गया था। एडीजी भानु भास्कर ने पुलिस कर्मियों को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए और लगातार पल-पल की अपडेट लेते रहे। आगरा में जुमे की नमाज से पहले जामा मस्जिद के पास पुलिस ने फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार पुलिस की मुस्तैदी बनी रही। कानपुर के बिरहाना रोड पर सुबह से ही पुलिस ने पैदल मार्च करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने गंदे पड़े सीसीटीवी को भी साफ कराया।

▸▸ कई जिलों में तैनात रही आरएएफ, मस्जिदों के आसपास पूरे दिन निगहबानी

अलीगढ़ में आईजी रेंज शलभ माथुर स्वयं एसएसपी के साथ शहर का भ्रमण करते रहे। वाराणसी में पुलिस ने डीआईजी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। राजधानी लखनऊ में कमिश्नरेट पुलिस पूरे दिन सक्रिय रही जबकि मऊ, गाजीपुर और बांदा में जिलाधिकारी और एसएसपी लगातार कानून व्यवस्था को लेकर मोर्चा संभाले रहे।

रमजान में माफिया अतीक और मुख्तार का अंत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रमजान के पाक महीने में दो बड़े माफियाओं का अंत हुआ। इसे कुदरत का न्याय कहें या कुछ और। पर, सच यही है कि दोनों का अंत रमजान माह में हुआ। 2023 के 22वें रोजा को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। इस साल 17वें रोजा को मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। दोनों माफियाओं की मौत में कई समानताएं भी हैं। दोनों की मौत जेल में बंद रहने के दौरान हुई। उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या 15 अप्रैल 2023 की तीन हमलावरों ने प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी। उस वक्त दोनों भाई पुलिस रिमांड में थे। उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराने के लिए अस्पताल लाया गया था। मुख्तार अंसारी भी पिछले ढाई साल से बांदा जेल में बंद था। दो दिन पहले तबियत खराब होने पर उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। इलाज के बाद उसे बांदा जेल भेज दिया गया। गुरुवार को रमजान का 17वां रोजा था। इसी दिन दोपहर जेल में मुख्तार की तबियत बिगड़ी, जेल अस्पताल में उसका इलाज शुरू हुआ। देर शाम को हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहां देर रात उसकी मौत हो गई।

▸▸ 2023 में 22वें रोजा को अतीक और अशरफ की हुई थी हत्या

मुन्ना बजरंगी की तरह मुझे मारने का हो रहा षड़यंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के दूसरे दिन शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पत्र चर्चा का विषय बन गया। मुख्तार अंसारी ने 21 मार्च को यह पत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) को लिखा गया था। पत्र में मुख्तार ने जम्मू एंड कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा समर्थित एमएलसी बृजेश सिंह, भाजपा विधायक सुशील सिंह, एसटीएफ मुखिया अमिताभ यश और प्रमुख सचिव गृह पर जेल में मरवाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

मुख्तार अंसारी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को लिखे पत्र में कहा कि शासन ने प्रेम प्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना बजरंगी को जेल में ही गोली से मरवाया था। यही नहीं भाजपा सरकार ने कई लोगों को जेल में मरवा दिया। मुन्ना बजरंगी की तर्ज पर मुझे भी जेल में ही मारने की साजिश चल रही है। पत्र में मुख्तार ने लिखा था कि उक्त सभी लोग साजिशकर्ता हैं। सरकार के निर्देश पर मुझे मारने की साजिश चल रही है। अतः मेरी प्राणरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं।

वायरल पत्र को विपक्ष के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर कर मुख्तार की मौत के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग उठाई है। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं ने सरकार से सवाल पूछे और व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया।

▸▸ उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा विधायक, पुलिस अधिकारियों पर लगाए आरोप

▸▸ सपा, बसपा और कांग्रेस ने व्यवस्था पर सवाल उठा सरकार को कठघरे में खड़ा किया

राजनीति बसपा-भाजपा गठबंधन में पहली बार विधायक बने मुख्तार पर चढ़ा था सत्ता का नशा

मुख्तार को डॉन बनाने में सभी दलों की सरकारों का रहा हाथ

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी को माफिया डॉन बनाने में सभी दलों की सरकारों का हाथ रहा है। अब योगी आदित्यनाथ ने दबंग और माफियाओं के प्रति सत्ता का रुख पूरी तरह बदल दिया , वरना एक दौर वह भी था, जब भाजपा के समर्थन से बनी मायावती सरकार में पहली बार बसपा विधायक बने मुख्तार अंसारी पर सत्ता का नशा का चढ़ा था। तब विहिप नेता नंद किशोर रुगंटा का अपहरण करके उनके शव को टुकड़ों में काटकर उसने ऐसा गायब किया था कि आज तक पता नहीं चला। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय को गोली से उड़ा दिया। ऐसे तमाम जरायम का हिसाब लेने वाली ऐसी सरकारें नहीं थीं। पुलिस तो उसके आगे-पीछे घूमा करती थी।

बनती-बिगड़ती सरकारों में मुख्तार की तूती कभी कम नहीं हुई। योगी आदित्यनाथ जैसे मुख्यमंत्री न होते तो, आज भी मुख्तार पर लगाम कसना बहुत कठिन होता। हालांकि शुरुआत में मुख्तार के आपराधिक कृत्यों से परिवार हमेशा खफा रहा। इसीलिए उसके राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत बड़े भाई अफजाल अंसारी की लताड़ से शुरू हुई थी। लेकिन गाजीपुर से लेकर मऊ, वाराणसी, जौनपुर और सोनभद्र, लखनऊ, गोरखपुर या यूं कहें कि पूरा प्रदेश और बाद में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मप्र, बिहार आदि राज्यों तक उसका काली कमाई पर राज चलने लगा था। विरोध करने वालों को उसके शूटर कहीं भी निपटाने में देर नहीं करते थे।

कोयला कारोबार पर वर्चस्व को लेकर विहिप नेता रूंगटा की हत्या और ब्रजेश सिंह से कोयला-शराब, टैक्सी स्टैंड, मछली आदि कारोबार को लेकर दुश्मनी से वह खुद को मुसलमानों के बीच मुजाहिद की छवि पेश करने लगा। मुख्तार की एक जिद शुरू से अंत तक रही कि जो कोई भी उसके कमाई में रोड़ा बनेगा, चाहे वह कितना ही खास हो, मौत जरूर मिलेगी। कृष्णानंद राय के बाद ठेकेदार मन्ना, उनके मुनीब राम सिंह मौर्य रहे हों, या उसके पहले कि अनगिनत हत्याओं के पीछे एक जैसी कहानी है। इनमें कुछ तो ऐसे थे जिनके यहां मुख्तार पारिवारिक जुड़ा था।

भाई ने सुधारने के लिए मऊ से चुनाव लड़वाया : मुख्तार को सुधारने के लिए ही उसके बड़े अफजाल नें बसपा सुप्रीमो मायावती से बात करके मऊ से विधायक नसीम खान का टिकट कटवाकर उसे चुनाव लड़वाया। सांसद अफजाल अंसारी अक्सर मुख्तार के सामने इस बात को दोहराते थे कि जबसे वह जवान हुआ, आए दिन मारपीट की शिकायतों से परिवार परेशान रहता था। मेरे फाटक की इज्जत दादा मुख्तार अंसारी और नाना ब्रिगेडियर उस्मान से होती थी। पुलिस की हिम्मत नहीं होती थी कि सैल्यूट मारने के अलावा कभी किसी को पकड़ने यहां आए। वे कई बार खुद के जेल में बंद होने के पीछे मुख्तार को वजह मानते थे और समझाते भी थे। जबकि मुख्तार अंसारी को खुद के जेल में रहने से ज्यादा कष्ट तब महसूस करता था, जब अफजाल सलाखों के पीछे बंद होते थे।

▸▸ योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री न बनते तो माफिया डॉन पर लगाम कसना होता बहुत कठिन

राजनीतिक आकाओं ने हमेशा दिया संरक्षण

मुख्तार को राजनीतिक दलों के सरंक्षण पर बात होगी तो, भाजपा समेत सभी दलों का नाम आएगा। उसे सत्ता दल का नशा भाजपा-बसपा गठबंधन सरकार में ही पहली बार मिला था। वह 1996 में पहली बार विधायक बना था बसपा-कांग्रेस गठबंधन से। बाद में उसने भाजपा सरकार को निर्दल विधायक रहते भी समर्थन का पत्र दिया था। एक दौर ऐसा आया कि बड़े भाई अफजाल सपा की राजनीति में और मुख्तार बसपा की राजनीति में दोनों का सत्ता सुख भोग रहे थे। एक दौर वह भी था जब पांच बार के विधायक रहे मुख्तार ने कौमी एकता दल बनाकर सपा-बसपा दोनों को पूरे पूर्वांचल में एक भी सीट न जीतने देने के लिए ललकारा था। लेकिन सत्ता संभालने वाले तमाम बड़े नेताओं का मुख्तार को संरक्षण था, वह उनके साथ उठता-बैठता और जरूरत पर मदद करता था।

मुख्तार के काफिले से उड़ गया डर नाम का पंछी

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

अमृत विचार : पूर्वांचल में खौफ का दूसरा नाम था मुख्तार अंसारी, लेकिन वह अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहता था। गिरफ्तारी के बाद पेशी या दूसरी जेल ले जाते समय पुलिस की सुरक्षा के साथ मुख्तार के साथियों की गाड़ियां भी दौड़ती थीं। पंजाब की रोपड़ जेल में बंद रहने के दौरान मुख्तार ने अपने लिए एम्बुलेंस खरीद ली थी। बाराबंकी परिवहन कार्यालय में पंजीकृत निजी एम्बुलेंस मुख़्तार को लाती ले जाती थी। मुख्तार ने अपनी सुरक्षा के हर संभव उपाय कर रखे थे।

कोयला व्यवसायी नन्द किशोर रूंगटा का अपहरण कर रंगदारी वसूलने के बावजूद हत्या कर दी गई थी। इसके बाद अपराध की दुनिया का मुख्तार बड़ा नाम बनकर उभरे। मुख्तार ऐसे पहले माफिया विधायक थे जिनकी जेल में समानांतर सरकार चलती थी। जेल में दरबार सजाने वाले मुख़्तार से मिलने क्षेत्र के 50 से ज्यादा लोग रोज आते थे। मुख्तार सबकी समस्याएं सुनकर किसी के लिए चिट्ठी लिखते थे तो किसी के लिए अधिकारी से फोन करते थे।

▸▸ कोयला व्यवसायी की हत्या कर मुख्तार ने अपराध की दुनिया में कमाया था नाम

जेल में उसके लिए घर जैसी सुविधाएं की जाती थी। लखनऊ की जिला जेल में तो उसके लिए बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया था। टीवी के लिए जेल के बाहर से केबिल कनेक्शन कोरेंटाइन बैरक तक लगाया गया था। एक डीआईजी मुख्तार के साथ जेल में काजू और कोल्डड्रिंक की दावत करते थे। इस मुद्दे पर जेल अधीक्षक और डीआईजी के बीच कहासुनी भी हुई थी। जेल अधीक्षक ने डीआईजी की शासन से लिखित शिकायत की थी। शायद यह पहला और आखिरी मौका रहा हो कि जेल अधीक्षक ने जेल में डीआईजी की इंट्री बंद करा दी थी। मुख्तार को खाने का बड़ा शौक था इसलिए रोजाना शहर के कई होटलों से खाना आता था। करीब 50 लोगों के लिए रोजाना खाना और पानी की बोतलें जेल पहुंचाई जाती थीं। जेल के सभी अधिकारी जानते थे कि विधायक जी का खाना आया है।

मुख्तार बहुत धीरे बोलता था, हर किसी से मुस्कुराकर बात करता था। भईया संबोधन उसकी जबान पर रहता था। कोई भी मदद मांगता तो वह हाजिर रहता। जेल अधीक्षक आरके तिवारी की राजभवन के पास हुई हत्या के बाद मुख़्तार ने न किसी पर वारदात में शामिल होने की आशंका जताई और न जांच अधिकारियों की कोई मदद की। इस घटना ने साफ़ कर दिया था कि भले ही मुख्तार कितना ही मददगार रहा हो लेकिन विश्वसनीय नहीं था। आरके तिवारी जैसे जांबाज जेल अधिकारी की हत्या के बाद लखनऊ जेल के कैदियों ने थालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया था। मुख्तार ने इस मामले के खुलासे में कोई दिलचस्पी नहीं ली जबकि वह तिवारी को भईया ही कहा करते थे।

लखनऊ जेल में छापे में मिली मुख्तार अंसारी की डायरी पुलिस अधीक्षक ट्रांसगोमती अपने साथ ले गए थे। इस डायरी में दर्ज नम्बरों पर फोन मिलाकर पुलिस ने तमाम लोगों से पूछताछ की थी। कई लोगों को बगैर लिखापढ़ी के कई दिन तक हिरासत में रखा गया था। जानकारी होने पर मुख्तार ने एसपी को फोन कर कहा था कि नई डायरी में आपका और आपके परिवार का नाम भी लिख लिया है।

नीति आयोग करेगा भूजल और आपूर्ति की मानीटरिंग

लखनऊ, अमृत विचार : नीति आयोग प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इसमें नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति को भी शामिल कर पोर्टल से विवरण लिया गया है। जो अनुश्रवण कर त्रैमासिक रैंकिंग निर्धारित करेगा।

नीति आयोग एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) के तहत महत्वाकांक्षी जिलों के आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इसमें अन्य विभागों की योजनाओं के साथ नमामि गंगे के तहत भूगर्भ जल स्तर व ग्रामीण जलापूर्ति के हर घर जल कनेक्शन शामिल हैं। केंद्र के पोर्टल, डैशबोर्ड व बेवसाइट से ऑनलाइन विवरण प्राप्त करेगा और प्रगति का अनुश्रवण कर त्रैमासिक रैंकिंग निर्धारित करेगा। इससे प्रगति का पता चलने के साथ बेहतरी आएगी। शासन ने संबंधित विभाग के अधिकारी को जल्द से जल्द प्राथमिकता से कार्य कराने के निर्देश दिए। इससे आगे किसी तरह की समस्या नहीं आएगी और अनुश्रवण से सुधार आएगा।

एडेड और राजकीय कॉलेजों के शिक्षकों का होगा समायोजन

नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में दूर हो जायेगी शिक्षकों की कमी

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी के राजकीय और एडेड इंटर कॉलेजों में शिक्षकों और विद्यार्थियों का अनुपात नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में सुधर जायेगा। इसके लिए सभी कॉलेजों का ब्योरा माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से जुटाया जा रहा है। कई विद्यालयों का ब्योरा मिल भी गया बाकी जो छूटे हैं उनके संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है। लोकसभा चुनाव के बाद शिक्षकों का समायोजन शुरू हो जायेगा।

प्रदेश भर में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से 2,363 राजकीय और 4,512 एडेड कॉलेजों का संचालन हो रहा है। इसमें काफी संख्या में ऐसे कॉलेज हैं जहां शिक्षकों और बच्चों का अनुपात सही नहीं है। ऐसे में विभाग प्रयास है कि कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों और बच्चों का अनुपात सुधारा जाये। अधिकारी बताते हैं कि समायोजन की स्थिति भी शिक्षकों की लापरवाही से आई है शिक्षक कॉलेजों में छात्र संख्या बढ़ाने पर जोर ही नहीं देते हैं। काफी संख्या में ऐसे एडेड कॉलेज हैं जहां बच्चों की संख्या नाम मात्र है।

● विभाग ने माना शिक्षकों की लापरवाही से एडेड कॉलेजों में घट गई छात्र संख्या

अलंकार योजना के मानक में फेल हैं कॉलेज : राज्य सरकार ने एडेड कॉलेजों की दशा को सुधारने के लिए अलंकार योजना शुरूआत की है। इस योजना में कॉलेजों की ओर से भाग लेने की जो छात्र संख्या का निर्धारित है उसमें ये पूरी तरह से फेल हैं। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कॉलेजों का विकास के लिए 75 प्रतिशत बजट सरकार देगी जबकि 25 प्रतिशत बजट विद्यालय प्रबंधन खुद अपनी ओर से लगायेंगे लेकिन इसमें छात्र संख्या का मानक आड़े आ रहा है।

नहीं चलेगा जुगाड़ और न मिलेगा विकल्प

एडेड और राजकीय कॉलेजों में शिक्षकों के समायोजन को लेकर जो शासनादेश है उसके क्रम में शिक्षकों को मनचाहा स्कूल मिलना आसान नहीं होगा। राजधानी में काफी संख्या में ऐसे एडेड कॉलेज हैं जहां पर बच्चों की संख्या 100 से 300 के बीच भी नहीं है। इसमें दिगंबर जैन और लखनऊ इंटर कॉलेज इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद ठगी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

नोएडा, एजेंसी : फेसबुक और इंस्टाग्राम समेत सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर युवकों से दोस्ती करने के बाद उनसे वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सेक्टर-58 पुलिस ने शुक्रवार को एक युवती समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 हजार 500 रुपये की नकदी और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों ने अब तक 30 लोगों के साथ इस प्रकार की ठगी करने की बात स्वीकार की है। अपर पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम मनीष मिश्र ने बताया कि बुलंदशहर के सलेमपुर निवासी अभिषेक शर्मा गिरोह का सरगना है और गाजियाबाद के खोड़ा का फिरोज, दिल्ली के कल्याणपुरी का शशिपाल तथा न्यू अशोकनगर की शिवानी गिरोह की सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर-58 पुलिस ने गुरुवार शाम गिरोह की महिला सदस्य सहित ठगों को गिरफ्तार कर लिया।

मुख्तार की मौत के बाद आजम की जेल का अफसरों ने किया निरीक्षण

संवाददाता,सीतापुर

अमृत विचार: बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जिला कारागार में बंद आजम खां की बैरक सहित जेल का जिला जज सहित डीएम-एसपी ने औचक निरीक्षण किया। जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने आजम खां की बैरक सहित अन्य बंदियों की बैरिक की सघन जमा तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान जेल में कोई आपत्तिजनक वस्तु न मिलने पर जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जिला कारगार में शुक्रवार की शाम अचानक जिला जज मनोज कुमार तृतीय सहित सहित जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा पुलिस बल के साथ अचानक जिला कारागार पहुंचे। जेल में दाखिल होने के बाद अफसरों ने जेल में बंद सपा नेता आजम खां सहित अन्य बंदियों की तलाशी ली। पुरुष बैरिकों के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने महिला बंदियों से वार्ता कर जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की। जिला जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरो को कोई भी संदिग्ध वस्तु न मिलने पर वापस रवाना हो गये।

निरीक्षण के बाद जेल से बाहर आते जिला जज मनोज कुमार, डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा आदि।

जेल सूत्रों की माने तो बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की हालत बिगड़ने पर मौत के बाद जिला जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां का अफसरों ने हाल जाना है। इस दौरान आजम को मिलने वाले जेल मैनुअल का भी अफसरों ने बारीकी से निरीक्षण कर आजम के स्वास्थ्य की भी जानकारी असफरों ने ली है। हालांकि जेल के निकलने के बाद निरीक्षण करने पहुंचे अफसर गाड़ियों में बैठकर रवाना हो गये।

उप्र. धर्मांतरण अधिनियम वैवाहिक प्रकृति वाले रिश्तों के लिए आवश्यक

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतर धार्मिक जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश धर्मांतरण अधिनियम न केवल विवाह के उद्देश्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह विवाह की प्रकृति के सभी रिश्तों में भी आवश्यक है, इसलिए विवाह या लिव-इन रिलेशनशिप की प्रकृति में संबंध पर धर्मांतरण अधिनियम लागू होगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने अंतर धार्मिक जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। उन्होंने अपने आदेश में आगे कहा कि जोड़े ने उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत किसी भी धर्मांतरण के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन नहीं किया। मालूम हो कि वर्ष 2021 में उपरोक्त अधिनियम ने अंतर धार्मिक जोड़ों के लिए इसके प्रावधानों के अनुसार धर्म परिवर्तन करना अनिवार्य कर दिया है। वर्तमान मामले में याचियों ने धर्म परिवर्तन के लिए आवेदन नहीं किया।

महंत का टुकड़ों में कटा शव बोरे में मिला

संवाददाता,सीतापुर

अमृत विचार : मिश्रिख़ कोतवाली इलाके में 4 दिनों से लापता एक बुजुर्ग महंत का शव टुकड़ों में बोरे के अंदर बंद झाड़ियों किनारे मिला। बोरे में अंदर टुकड़ों में मिले शव की पहचान परिजनो ने लापता महंत मनिरामदास के रूप में की। पुलिस ने शिनाख्त कार्यवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल पर पहुंची एफएसल टीम ने भी साक्ष्य जुटाये। महंत के पास मौजूद फ़ोन भी घटनास्थल से बरामद नहीं हुआ है। परिजन गुमशुदगी के बाद मिले शव को लेकर पुलिस की सक्रियता पर भी सवालियां निशान खड़े कर रहे है।

हरदोई जनपद के थाना बेनीगंज के ग्राम गिरधरपुर निवासी महंत मनिरामदास नैमिषारण्य से शुरू हुई 84 कोषीय परिक्रमा में परिक्रमा में शामिल हुए थे। मृतक के भतीजे टाई पुत्र आत्माराम ने बताया कि उसके चाचा से अंतिम बार 24 मार्च को फ़ोन पर बात के दौरान पंचकोशीय परिक्रमा कर घर वापस आने की बात कही थी। बावजूद इसके 26 मार्च तक घर न पहुंचने पर भतीजे ने महंत के फोन पर सम्पर्क किया तो महंत का फ़ोन बंद आने पर काफी खोजबीन के बाद उसने मिश्रिख़ कोतवाली में महंत की गुमशुदगी की सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले से इतिश्री कर ली। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम सिधौली-मिश्रिख़ रोड किनारे 200 मीटर दूर झाड़ियों में एक बोरे के अंदर कुछ पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस हरकत में आई तो मौके पर पहुंचकर बोरे को खोला तो बोरे के अंदर हाथ और पैर सहित शरीर के अन्य अंग को काटकर बाबा को सड़क किनारे फेंका गया था। सूचना पर पहुंचे पुलिस के उच्चाधिकारी और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित कर छानबीन शुरू कर दी। स्थानीय लोगो के मुताबिक शव 3-4 दिन पुराना बताया जा रहा है। मौके पर खून के दाग न मिलने से घटना कई अन्य पहलुओं की ओर इशारा कर रही है।

● हरदोई से परिक्रमा मेले में आये थे महंत मनिरामदास

क्या बोले जिम्मेदार

सीओ मिश्रिख़ राजेश कुमार यादव ने बताया कि बाबा का टुकड़ो के शव को काटकर बोरे में भरकर सड़क किनारे फेंका गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हरदोई में जमीन का विवाद और बाबा द्वारा तंत्र मंत्र की बात भी सामने आ रही है। पुलिस ने कई पहलुओं पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व महानिदेशक सीआईएसएफ मंजरी जरुहर सम्मानित

मंजरी जरूहर को सम्मानित करते डीजीपी।

लखनऊ, अमृत विचार : पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सीआईएसएफ की विशेष महानिदेशक रही मंजरी जरुहर (सेवानिवृत्त) का स्वागत करते हुए सम्मानित किया। महानिदेशक ने कहा कि महिलाओं के लिए प्रकाश स्तंभ मंजरी जरुहर का स्वागत करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में अनुकरणीय नेतृत्व प्रदर्शित किया है। जरुहर जी सरलता और नेतृत्व की एक उल्लेखनीय यात्रा का प्रमाण हैं।

परिवार को आश्रयहीनता से बचाने का एक ठोस उपाय है भरण-पोषण कानून

विधि संवाददाता,प्रयागराज

● भरण पोषण के मामले में हाईकोर्ट ने की महत्वपूर्ण टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण पोषण से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि एक सक्षम युवा से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी पत्नी और बच्चे का उचित रूप से भरण पोषण करें। उसके द्वारा दिया गया यह तर्क स्वीकार्य नहीं हो सकता है कि वह इतना कमाने की स्थिति में नहीं है कि पारिवारिक मानक के अनुसार अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आश्रित पत्नियों और बच्चों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भरण पोषण कानून सामाजिक न्याय के एक उपाय के रूप में अधिनियमित किया गया है, जिससे उन्हें गरीबी और आश्रयहीनता से बचाया जा सके।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) ने पुनरीक्षणकर्ता राणा प्रताप सिंह की याचिका खारिज करते हुए की। पुनरीक्षणकर्ता ने प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, गोरखपुर द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पत्नी को 15 हजार रुपए और बच्चों को पांच-पांच हजार रुपए प्रतिमाह देने का आदेश दिया था। पुनरीक्षणकर्ता ने तर्क दिया कि उसकी मासिक आय लगभग 65000 है। कोर्ट ने कहा कि आयकर के रूप में केवल अनिवार्य वैधानिक कटौती को सकल वेतन से कम किया जा सकता है।

सार-संक्षेप

पदोन्नति को एकत्र होंगे पीएसी, सशस्त्र पुलिस कर्मी

लखनऊ, अमृत विचार : सिविल पुलिस के सापेक्ष सशस्त्र पुलिस और पीएसी में प्रोन्नति की विषमताओं के निराकरण को लेकर आज शनिवार को बर्लिंगटन चौराहा स्थित ओसीआर भवन में सुबह 11 बजे बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में सशस्त्र पुलिस और पीएसी से जुड़े कार्मिक शामिल होंगे। कार्मिकों की ओर से प्रेसनोट जारी कर बताया गया कि मुख्यमंत्री के बार-बार आदेश के बावजूद उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में ही सिविल पुलिस के सापेक्ष पीएसी और सशस्त्र पुलिस में चल रही पदोन्नति की भारी विषमताएं बनी हुई हैं।

अस्थाई राम मंदिर रहे स्थल पर बनेगी श्रीराम यज्ञशाला

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि परिसर के विकास का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत परिसर के मुख्य द्वार के पास बने अस्थाई राम मंदिर पर अब श्रीराम यज्ञशाला का निर्माण कराया जाएगा। जिसका काम जून तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में सप्त मंडप और यज्ञशाला का निर्माण किया जाना है। इसको लेकर तैयारियां जा रही है। रामनवमी का आयोजन होने के बाद यह कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। अस्थाई स्ट्रक्चर को जल्द ही समाप्त कर वहां पर निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● ब्रजेश पाठक ने सपा, बसपा व कांग्रेस छोड़कर आए की नेताओं को दिलाई सदस्यता

अमृत विचार : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पाठक ने कहा कि पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने हैं। 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सभी को सहभागी बनना है।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलपाल कौर (लखीमपुर), पंजाबी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी (लखीमपुर), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुनीतपाल मोंटी अहलूवालिया (लखीमपुर), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हरपाल सिंह राना (लखीमपुर), जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह, कांग्रेस के प्रदेश सचिव व डुमरियागंज विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय (सिद्धार्थनगर), वरिष्ठ सर्जन डॉ. कौशल वर्मा (लखीमपुर), पूर्व चेयरमेन कल्पना बाजपेयी (लखीमपुर) आदि ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा पूरे देश में जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है। केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और मोदी जी के नेतृत्व में राजग गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा उपस्थित रहीं।

श्रद्धालुओं के लिए भक्ति पथ पर बिछे चटाई

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार : श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर शुक्रवार को हनुमानगढ़ी परिसर में प्रबंधन से जुड़े संतों और पुलिस अधिकारीयों की पंचायत हुई। इसमें श्रद्धालुओं की राह में आ रही दिक्कतों पर चर्चा हुई। मंदिर प्रबंधन की ओर से बदले हालात में किये जा रहे अतिरिक्त इंतजाम की जानकारी दी गई। संयुक्त रूप से तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी हुआ और भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। संतों ने एक सप्ताह में श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई। ऐसा न होने पर बड़ी पंचायत के आयोजन की चेतावनी दी गई है।

पंचायत में मौजूद संतों का कहना था कि रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में श्रद्धालुओं का आगमन कई गुना बढ़ा है। श्रद्धालु पहले हुनमानगढ़ी में दर्शन करते हैं और फिर रामलला का दर्शन करने के लिए जाते हैं। गर्मी और तपिश बढ़ गई है। मंदिर प्रबंधन की और से परिसर में श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं किया गया।

डॉ. महेश दास व संजय दास ने कहा कि भक्तों को सुरक्षित और सुचारु दर्शन की व्यवस्था प्रशासन की जिम्मेदारी है। गर्मी और तपिश के बावजूद श्रृंगारहाट से लेकर हनुमानगढ़ी तक न तो धूप से बचाव का कोई उपाय किया गया है और न ही पेयजल की कोई व्यवस्था है। मंदिर प्रबंधन की ओर से मार्ग पर शेड लगवाने, सड़क पर चटाई बिछवाने, जगह-जगह जल प्याऊ की व्यवस्था और चिकित्सक युक्त एंबुलेंस की व्यवस्था की मांग की गई है। एक सप्ताह में सुविधाओं की उपलब्धता न होने पर बड़ी पंचायत का एलान किया गया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि समस्याएं नगर निगम के संज्ञान में है। कार्ययोजना पर कार्रवाई चल रही है, जल्द ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करवा दी जाएंगीं।

हनुमानगढ़ी में आयोजित पंचायत में मौजूद संत और पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

वर्ग पहेली-24

बाएं से दाएं

2.1. कला पूर्ण शारीरिक मुद्रा 2. स्त्रियों के हाव-भाव या कोमल चेष्टाएं 3. कुटिलता, वक्रता।

4.1. पद्म, कमल 2. स्वर्ण, सोना 3. कनक, धतूरा 4. तांबा 5. सारस पक्षी 6. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण

5.1. दुश्मन या शत्रु होने की अवस्था या भाव, वैमनस्य 2. किसी बात पर होने वाली कहासुनी, अनबन 3. शरीर आदि को अस्वस्थ करने वाली शारीरिक प्रक्रिया, रोग।

6. सुपाड़ी, पुंगीफल।

8.1. बुड्ढा, बूढ़ा, वृद्ध 2. दुर्बल।

9.1. सच्चे होने की अवस्था या भाव, सत्यता 2. किसी बात को सही बतलाना या ठहराना 3. उक्त के पक्ष में स्वीकृति देना, समर्थन 4. प्रमाणित, पुष्टि 5. गवाही।

ऊपर से नीचे

1.1. ज़मीन की दूरी नापने का एक मान जो 220 गज़ के बराबर होता है 2. मील का आठवां भाग, 1/8 मील अथवा 201.168 मीटर।

3.1. मिलकियत 2. मालिक या स्वामी होने का भाव 3. धन-दौलत, जायदाद।

5. वह जो नल लगाता

7. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. फ़कत)।



वर्ग पहेली -23 का हल

	1 ठा	2 कु	री		3 जु	आँ
		सु		4 ओ		
5 अ		गां		ढ		6 ग
7 मि	ज़ा	ज	दा	र		नो
ता		लि		8 दा	दु	र
				नी		मा
9 अ	प	ना	ना			

सुडोकू-103

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	3			5		2		
4				9			1	
	2				6	8		7
		4			2			1
	8					9	7	
6			9			3		
7		1	8				3	
	4			7				9
		5		4			2	

सुडोकू -102 का हल

1	4	9	2	5	8	7	6	3
6	2	8	7	3	1	9	5	4
5	7	3	6	4	9	2	8	1
7	3	6	1	9	4	5	2	8
8	9	4	5	2	3	1	7	6
2	5	1	8	7	6	3	4	9
4	6	5	3	1	2	8	9	7
9	1	7	4	8	5	6	3	2
3	8	2	9	6	7	4	1	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-पंचमी 21.13 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 22.03 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज दोपहर बाद स्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होगी। मन में डर का भाव रहेगा। लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलने से प्रसन्नता होगी। अपने विचारों को लोगों से साझा न करें।

वृष — आज भविष्य की योजना बना सकते हैं। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। आपके अधिकार और प्रसिद्धि बढ़ेगी। साझेदारी वाले व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। आप किसी गंभीर मामले को लेकर साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

मिथुन — आज चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शुभ रहने वाला है। अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेंगे। किसी पर भी अपने विचारों को लेकर ज्यादा दबाव न बनाएं। आपकी भूमिका समन्वय करने वाले व्यक्ति के रूप में होगी।

कर्क — आज मन में विरक्ति का भाव रहेगा। ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें। पुराना रोग उभरने की संभावना है। व्यवसाय में कुछ नुकसान की आशंका है। घर के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रखें।

सिंह — आज मन में विरक्ति का भाव उत्पन्न होगा। माताजी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यों में बदलाव करने के प्रयास उचित नहीं है। अपरिचित जनों पर ज्यादा भरोसा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। किसी के साथ वाद-विवाद न करें।

कन्या — आज आप दूसरों का हित करने का प्रयास करेंगे जिसके कारण आपकी प्रशंसा होगी। व्यवसाय में नए साझेदार बन सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती हैं। आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना बन रही है। परिवार में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है।

तुला — आज विवादों का निपटारा करने का प्रयास करें। आलस्य को अपनी जीवनशैली से दूर रखें। लोग आपके अधिकारों पर प्रश्न चिन्ह लगा सकते हैं। धन के उधार लेन-देन नुकसानदेह सिद्ध हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे।

वृश्चिक — आज नई तकनीक का प्रयोग सीखना उचित होगा। परोपकार के कार्यों में आप भाग लेंगे। विवेक पूर्ण लेने से आपको करियर में उत्तम लाभ मिल सकता है। व्यापार वृद्धि के अच्छे योग बन रहे हैं। अपनी सोच को सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

धनु — आज आपको शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। काम की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। किसी नजदीकी व्यक्ति को लेकर मन दुखी हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा कर सकते हैं।

मकर — आज नए बिजनेस अनुबंध आपको प्राप्त होने की संभावना है। लोग गंभीर विषयों पर आपसे परामर्श ले सकते हैं। मन में बेचैनी का भाव रहेगा, लेकिन आपके सभी काम बनते हुए नजर आएंगे। प्रेम संबंधों को लेकर काफी संवेदनशील हो सकते हैं।

कुंभ — आज परिवार में आपकी प्रशंसा होगी। नई तकनीक का प्रयोग सीखने का प्रयास करेंगे। आप मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। भावनाओं के बहकर निर्णय न लें। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीन — आज व्यापार के लिए आपको उधार धन लेना पड़ सकता है। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। मन में बेचैनी का भाव हो सकता है। खर्चों के मामलों में आपको सावधान हो जाना चाहिए। सेहत से जुड़े हुए मामलों में धन खर्च करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- एक और एक ग्यारह — सुबह : 11.17
- धड़कन — रात : 07.00

&pictures
- सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.51
- बुलंदी — शाम : 05.01

SONY PIX
- ब्राइटबर्न — सुबह : 11.42
- वेनम — रात : 07.30

ZEE CINEMA
- बच्चन पांडे — सुबह : 08.40
- सिंबा — रात : 08.20

colors CINEPLEX
- हिडिंभा — सुबह : 10.51
- रथथम — शाम : 04.18

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.20 बजे

जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक -बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई, सांता डरते-डरते बोला- हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पति और पत्नी जब दुकान से निकले तो एक फकीर ने कहा-ऐ हुस्न की मल्लिका, अंधे को पांच रूपए दे दे। पति ने पत्नी की तरफ देखा और कहा- दे दे, बिचारा वाकई अंधा है।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	73651	22326
बढ़त	655	203
प्रतिशत में	0.90	0.92

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 30 मार्च 2024

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 1910, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1860, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1495, सचिन 1610, सूरज 1520, अवसर 1650, राग गोल्ड 1695, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1880 । **किराना :** (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । **चावल :** (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000 । चीनी - डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3980 (नयी), बहेड़ी 4000 (नयी) ।

40,000 फ्रेशर्स को नौकरी दे सकती है टीसीएस, छात्रों से प्रार्थना पत्र मांगा

2024 में पासआउट छात्रों को मौका मिलेगा, 11 लाख तक सालाना पैकेज का ऑफर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की टेक कंपनी टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज फ्रेशर्स को नौकरी देगी। कंपनी ने 2024 के बीटेक, बीई, एमसीए, एमएससी और एमएस के छात्रों से एप्लिकेशन मांगी हैं। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फ्रेशर्स के लिए कितनी सीटें उपलब्ध हैं। पिछले साल, यह बताया गया था कि 40,000 तक वैकेंसीज उपलब्ध थीं।

टीसीएस ये हायरिंग तीन कैटेगरी- नींजा, डिजिटल और प्राइम में करेगी। निंजा कैटेगरी को 3.36 लाख, डिजिटल को 7 लाख

और प्राइम को 9 लाख से 11 लाख सालाना पैकेज मिलेगा। इन कैटेगरी में जॉब के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 अप्रैल है और टेस्ट 26 अप्रैल को होगा। टीसीएस के मैनेजमेंट ने जनवरी में कहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 से लिए फ्रेशर्स की रिक्रूटमेंट प्रोसेस शुरू हो चुकी है। कंपनी अभी कॉलेजों में विजिट कर रही है। कंपनी ने आर्ट, कॉमर्स और साइंस ग्रैजुएट्स के लिए भी हायरिंग शुरू की है। इन्हें बिजनेस प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट के तौर पर हायर किया जा रहा है। टीसीएस वेबसाइट के करियर पेज के अनुसार, सभी आवेदकों को 14 अप्रैल से पहले रजिस्टर होना होगा।

टीसीएस में कर्मचारियों की संख्या तीसरी तिमाही के अंत में 10,669 घटकर 603,305 रह गई थी। टीसीएस 12 अप्रैल को वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की रिपोर्ट जारी करेगी। इसमें एट्रीशन की जानकारी भी शामिल होगी। टीसीएस के चीफ एचआर मिलिंद लक्कड़ ने दिसंबर में कहा था, हमने अगले साल के लिए अपनी कैंपस हायरिंग प्रोसेस शुरू कर दी है और नए लोगों के बीच टीसीएस जुड़ने के लिए जबरदस्त उत्साह देखा है। तब उन्होंने हायरिंग की संख्या नहीं बताई थी। उन्होंने कहा था संख्या बड़ी होगी। भारत की दिग्गज आईटी फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इस साल 40,000 नई हायरिंग करेगी। कंपनी यह हायरिंग कैंपस प्लेसमेंट के जरिए करेगी। टीसीएस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एन. गणपति सुब्रमण्यम ने इस बात की जानकारी दी है।

एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स को मिली नाम बदलने की अनुमति

नयी दिल्ली। एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स (एलटीएफएच) का नाम कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करती है। एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुदीप्त रॉय ने कहा कि चार दिसंबर, 2023 से विलय के बाद कंपनी की नई ब्रांडिंग पहल सरलीकृत 'एकल ऋण इकाई' के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

आर्थिक सशक्तिकरण को वित्तीय समावेशन जरूरी

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों से कहा कि वे डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर छोटे व्यवसाय को मजबूत बनाने और बदलाव का अगुवा बनने में मदद करें। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (एफएलओ) के 40वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को प्राप्त करने के लिए वित्तीय समावेशन और डिजिटल होना महत्वपूर्ण है।

ठाकुर ने कहा, "महिलाओं को आर्थिक वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा बनना चाहिए। महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी चिंताओं को दूर करना और उनकी आवाज को उठाना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता

है।" उन्होंने कहा कि 1.2 लाख स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली स्टार्टअप कंपनी को यूनिकॉर्न कहा जाता है। उन्होंने कहा, "अगले तीन साल में जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा तो महिलाओं का योगदान कहीं अधिक होगा।" उन्होंने कहा कि छोटे व्यवसायों के डिजिटल होने पर वे बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल सकेंगे।

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	67500
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	66500
सिल्वर (पक्की)	745 (अनुमानित)

फोर्स मोटर्स ट्रैक्टर बाजार से निकलेगी

नयी दिल्ली। फोर्स मोटर्स लिमिटेड चालू वित्त वर्ष के अंत में अपना ट्रैक्टर और इससे संबंधित कारोबार बंद कर देगी। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में कृषि ट्रैक्टर और इससे संबंधित कारोबार को चालू वित्त वर्ष के अंत के साथ बंद करने का फैसला किया है। कंपनी के कृषि ट्रैक्टर कारोबार की कुल आय वित्त वर्ष 2022-23 में 182.53 करोड़ रुपये थी, जो कुल आय का 3.66 प्रतिशत थी।

फोनपे के यूजर अब यूएई में कर सकेंगे यूपीआई

नयी दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा करने वाले फोनपे ऐप के यूजर अब यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मशरेक के नियोपे टर्मिनल पर यूपीआई से पेमेंट कर सकते हैं। ये कई रिटेल स्टोर, डाइनिंग आउटलेट के साथ-साथ पर्यटक और घूमने-फिरने की मशहूर जगहों पर उपलब्ध हैं। आसान और तुरंत पेमेंट करने के लिए, यूजर को सिर्फ़ क्यूआर कोड स्कैन करना होगा।

ये लेनदेन, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) के ज़रिए पूरे किए जाते हैं। सभी लेनदेनों की प्रक्रिया भारतीय रुपये में की जाती है। ऐसा पारदर्शिता और भारतीय पर्यटकों को सहूलियत देने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वे प्रवासी भारतीय भी फोनपे ऐप डाउनलोड कर सकते हैं जिनके पास यूएई के मोबाइल नंबर हैं और पेमेंट की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए, वे अपने मौजूदा एनआरई और एनआरओ खाते लिंक कर सकते हैं। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के लिए यूएई में लेनदेन को ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है।

जयश्री दास फिक्की महिला संगठन की अध्यक्ष बनीं

नयी दिल्ली। जयश्री दास वर्मा ने उद्योग मंडल फिक्की महिला संगठन के 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। एफएलओ दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे पुराना महिला केंद्रित कारोबारी संगठन है। वर्मा को इजराइल ने पूर्वोत्तर भारत के लिए अपना मानद वाणिज्यदूत नियुक्त किया है। वह मानव संसाधान फर्म काप्रो मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं फिक्की एफएलओ का 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।

यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को 15 अप्रैल से बंद करने के निर्देश

नयी दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से 15 अप्रैल से यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक आदेश में यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके के जरिये इन सेवाओं को फिर से चालू किया जा सकता है।

मोबाइल फोन के जरिये होने वाली धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मोबाइल ग्राहक अपने फोन स्क्रीन पर कोई भी सक्रिय कोड डायल करके यूएसएसडी सेवा का उपयोग करते हैं। इस सेवा का इस्तेमाल अक्सर आईएमईआई नंबर और मोबाइल फोन शेष राशि समेत अन्य जानकारी पता लगाने के लिए किया जाता है।

विभाग ने 28 मार्च के एक आदेश में कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि एसएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा) आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सुविधा का दुरुपयोग कुछ अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

आदेश के मुताबिक, ''इस संबंध में, सक्षम प्राधिकारी ने यह फैसला किया है कि सभी मौजूदा यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को 15 अप्रैल, 2024 से अगली सूचना तक बंद कर दिया जाए।'' आदेश में कहा गया है कि सभी मौजूदा ग्राहक जिन्होंने यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवा सक्रिय की है, उन्हें वैकल्पिक तरीकों से फिर से कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को सक्रिय करने के लिए कहा जा सकता है।

राष्ट्रीय

एक नजर

भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर जोर दिया

नयी दिल्ली। भारत ने जी-20 के रोजगार कार्य समूह की बैठक में ग्लोबल स्किल मैपिंग- वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल देते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम गतिशीलता के लिए एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में रोजगार कार्य समूह की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल दिया है। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता दावरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित वैश्विक कौशल सामंजस्य की प्राप्ति की दिशा में पहला कदम आईएलओ और ओईसीडी ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण की व्यवहार्यता अध्ययन के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) का मसौदा तैयार करने के साथ उठाया गया है।

बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने के आसार

जींद। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के भी कांग्रेस में शामिल होने के आसार हैं। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यहां पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से इनकार कर दिया।

शिवराज पाटिल की पुत्रवधू शनिवार को भाजपा में शामिल होंगी

मुंबई। लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के कद्दावर नेता शिवराज पाटिल की पुत्रवधू अर्चना पाटिल चाकूरकर शनिवार को भाजपा में शामिल होंगी। डॉ. अर्चना पाटिल चाकूरकर ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। अर्चना ने कहा कि उन्होंने सोमवार को शिवराज पाटिल के करीबी सहयोगी और राज्य के पूर्व मंत्री बसवराज मुरुमकर के साथ भाजपा में शामिल होने की योजना बनाई थी, लेकिन अपनी बेटी की शादी के कारण योजना स्थगित कर दी।

ईडी केजरीवाल के फोन से आप की चुनाव रणनीति की जानकारियां लेना चाहती है

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया

नयी दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का फोन हासिल कर 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति जानना चाहता है। वहीं, भाजपा ने आतिशी के आरोपों पर पलटवार करते हुए पूछा कि केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बार-

बार फोन क्यों बदलते हैं।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था तथा वह एक अप्रैल तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में हैं। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी की केजरीवाल के मोबाइल फोन की जांच करने की जिद यह साबित करती है कि एजेंसी भाजपा के ''राजनीतिक हथियार'' के रूप में काम कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनायी व लागू की गयी थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा ''दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है।'' उन्होंने दावा किया कि आबकारी नीति 2021-22 में लागू की गयी और मुख्यमंत्री का मौजूदा फोन महज कुछ महीने पुराना है। आतिशी के अनुसार, ईडी ने कहा है कि उस वक्त का केजरीवाल का फोन उपलब्ध नहीं है और अब वह उनके नए फोन का पासवर्ड चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, 'वे इसलिए फोन चाहते हैं क्योंकि वे इसमें 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति, प्रचार अभियान की योजनाओं, 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के साथ बातचीत की जानकारियां और मीडिया तथा सोशल मीडिया रणनीति से जुड़ी सूचना ढूंढ लेंगे।''

हुबली में होली के मौके पर रंगों में सरोबार होकर नृत्य करतीं युवतियां। ● एजेंसी

चुनावी घोषणा के बाद सी-विजिल एप पर मिलीं 79 हजार शिकायतें

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79 हजार से अधिक शिकायतें मिलीं है। आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है। आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति नष्ट को लेकर थी।

जब कानून अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं : उपराष्ट्रपति

नयी दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि जो लोग सोचते थे कि वे व्यवस्था से परे हैं, उन्हें अब जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून जब अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं।

धनखड़ ने आश्चर्य जताया कि कानून का उल्लंघन करने वाला कोई व्यक्ति कैसे 'पीड़ित कार्ड' खेलता है। उनकी टिप्पणी कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) की प्रस्तावित रैली की पृष्ठभूमि में आई है। रैली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के कई नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को तबाह करने के लिए आयकर विभाग, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

अभद्र भाषा पर सिद्धरमैया के बेटे के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत

बेंगलुरु, एजेंसी

भाजपा ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बेटे यतींद्र सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करने के लिए ''अपमानजनक शब्दों'' का इस्तेमाल करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। भाजपा की राज्य इकाई ने निर्वाचन आयोग को लिखे एक पत्र में पूर्व विधायक के खिलाफ आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। यतींद्र सिद्धरमैया ने पूरी तरह से निंदनीय बयान दिया है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निजी हमला है।''

केजरीवाल की पत्नी ने समर्थन के लिए व्हाट्सएप अभियान आशीर्वाद किया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शुक्रवार को केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की जो दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की हिरासत में हैं।

सुनीता ने डिजिटल प्रेस वार्ता में कहा कि उनके पति ने देश में सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों को चुनौती दी है। उन्होंने लोगों से आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का

आग्रह किया। उन्होंने दो व्हाट्सएप नंबर जारी करते हुए कहा कि लोग आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के लिए संदेश भेज सकते हैं और वह अपने पति तक उन्हें पहुंचा देंगी। सुनीता ने कहा, कल, अरविंद ने अदालत में अपना पक्ष रखा और देश ने सुना। सुनीता ने कहा, यदि कोई किसी तरह का संदेश भेजना चाहता है तो वे भेज सकते हैं। आपने अरविंद को अपना भाई, बेटा कहा है। क्या आप समर्थन नहीं देंगे? मुझे विश्वास है कि हम मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे।

सुनीता ने कहा, सभी को अपने भाई, अपने बेटे अरविंद के लिए कुछ लिखना चाहिए और दिए गए व्हाट्सएप नंबरों का प्रचार भी करना चाहिए। दिए गए नंबरों पर संदेश भेजने पर सुनीता केजरीवाल की ओर से जवाब आता है, केजरीवाल के लिए आपका संदेश मिला। इसके लिए हृदय से आभार। मैं आपके संदेश उन तक पहुंचाऊंगी और आपको सूचित करूंगी।

कांग्रेस ने नौवीं सूची जारी की

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पांच उम्मीदवारों की नौवीं सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सीपी जोशी का है, जिन्हें भीलवाड़ा से प्रत्याशी बनाया गया है। सूची में राजस्थान के दो लोकसभा क्षेत्र में उम्मीदवार बदले गए हैं। भीलवाड़ा में दामोदर गुर्जर के स्थान पर सीपी जोशी और राजसमंद में सुदर्शन रावत की जगह दामोदर गुर्जर को टिकट दिया गया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, कर्नाटक के बेल्लारी से ई. तुकाराम, चामराजनगर से सुनील बोस और चिकबल्लापुर से रक्षा रमैया को टिकट दिया गया है।

भारत-यूक्रेन पारंपरिक मित्र, लेकिन और भी बहुत कुछ किया जा सकता है

नयी दिल्ली, एजेंसी

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने भारत और यूक्रेन को 'दो बड़े मित्र राष्ट्र' करार दिया और कहा कि उनकी अपने भारतीय समकक्ष के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर ''निष्पक्ष तथा समग्र'' बातचीत हुई। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच सहयोग को रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष से पहले के स्तर पर बहाल करने पर सहमत हुए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कुलेबा से शुक्रवार को यहां हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। यूक्रेन के

विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा की भारत यात्रा दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच हो रही है। कुलेबा भारत की दो दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे थे। बैठक में अपने संबोधन में कुलेबा ने कहा कि भारत और यूक्रेन ''पारंपरिक मित्र रहे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि हम न केवल हमारे राष्ट्रों के हित में बल्कि वैश्विक विकास और सुरक्षा परिदृश्य में भी और बहुत कुछ कर सकते हैं और हमें करना चाहिए।'' उन्होंने कहा,'' हम यूक्रेन में रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण करने से पहले जो हमारे बीच मौजूद था उसे दोबारा शुरू करने के लिए उत्सुक हैं...। हम सहयोग के नए क्षेत्रों और परियोजनाओं पर चर्चा के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि मेरा मानना है कि इस संबंध का एक रणनीतिक परिप्रेक्ष्य भी है।''

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
चेन्नई सुपरकिंग्स	02	02	00	00	04	+1.979
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
राजस्थान रॉयल्स	02	02	00	00	04	+0.800
सनराइजर्स हैदराबाद	02	01	01	00	02	+0.675
पंजाब किंग्स	02	01	01	00	02	+0.025
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	03	01	02	00	02	-0.711
गुजरात टाइटंस	02	01	01	00	02	-1.425
दिल्ली कैपिटल्स	02	00	02	00	00	-0.528
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925
लखनऊ सुपर जायंट्स	01	00	01	00	00	-1.000

पहली जीत की तलाश में उतरेगी लखनऊ सुपर जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ में आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबले आज से
- पंजाब किंग्स से इकाना स्टेडियम पर मुकाबला आज

अमृत विचार: आईपीएल के इस सत्र में एक मैच खेल चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम शनिवार को पहली जीत की तलाश में उतरेगी। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम पर आज उसकी भिड़ंत पंजाब किंग्स से होगी। पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से एलएसजी को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इकाना स्टेडियम में मेजबान टीम ने तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया। दिया। आईपीएल के पहले मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ जीत और दूसरे मुकाबले में बंगलूरू से मिली हार के बार पंजाब किंग्स एक बार फिर जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेंगे। रॉजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलएसजी के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। क्रुणाल पंड्या को छोड़कर सभी गेंदबाज फ्लाप साबित हुए।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार रवि बिश्नोई कुछ कमाल नहीं कर सके। ओवरसीज प्लेयर नवीन उल हक कोई खास छाप नहीं छोड़ सके। कप्तान केएल राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा जिससे टीम प्रबंधन को खासी राहत मिली। चोट से उबरने के बाद 58 रन की शानदार पारी खेली और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। बल्लेबाजों में क्विंटन डिकॉक, आयुष बडोनी, देवदत्त पडिक्कल को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मेहमान टीम पंजाब किंग्स को पावरप्ले में तेजी से रन बनाए होंगे। इसके लिए पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो को अपनी खाई हुई फार्म पानी होगी। साथ कप्तान धवन को भी अपना स्ट्राइक रेट सुधार पाए तो परिणाम शानदार होगा। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। हरफनमौला खिलाड़ी सैम करन ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिनवेगेंदबाजी में कुछ खास नहीं कर सके। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टी-20 विश्वकप के लिए टीम में जगह बनाने को जुटे है, लेकिन उन्हें विकेट के पीछे और बल्ले से दमदार प्रदर्शन करना होगा तभी चयनकर्ताओं की नजर इन पर पड़ेगी। गेंदबाजी में कागिसो रबाडा को अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से सहयोग की उम्मीद है। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे, जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

आमने-सामने

- लखनऊ सुपरजायंट्स की 56 रन से जीत- 28 अप्रैल 2023
- पंजाब किंग्स दो विकेट से जीता- 15 अप्रैल 2023
- लखनऊ सुपरजायंट्स 20 रन से जीता- 29 अप्रैल 2022

लखनऊ सुपरजायंट्स : केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन, टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, शिवम मावी, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा।

पंजाब किंग्स : शिखर धवन (कप्तान), विश्वजीत सिंह, अर्शदीप सिंह, राहुल चाहर, आशुतोष शर्मा, ऋषि धवन, नेथन एलिस, सैम करन, वी कावेरप्पा, जितेश, शर्मा, अथर्व तायडे, तनय त्यागराजन, प्रभसिमरन सिंह, प्रिंस चौधरी, जॉनी, बेयरस्टो, सुबोध भाटी, सिकंदर रजा, कगीसो रबाडा, राइलो रूसो, मोहसिन खान, लिविंगस्टन, क्रिस वोक्स, शशांक सिंह, हरप्रीत बराड, हरप्रीत सिंह, हर्षल पटेल। **मुकाबला 7 :30 बजे से शुरू होगा।**

खेल डायरी

बोपन्ना-इबडेन मियामी ओपन के फाइनल में

मियामी। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा। जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को मात दी।

आयरलैंड में तीन टी-20 मैच खेलेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा।

अमेरिका ने कोरी एंडरसन को टीम में किया शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका ने कनाडा के साथ होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को टीम में शामिल किया है। अमेरिका क्रिकेट के अनुसार सभी मुकाबले सात से 13 अप्रैल तक ह्यूस्टन, टेक्सास में खेले जायेंगे। मोनांक पटेल श्रृंखला में अमेरिका के कप्तान होंगे तथा एरोन जोन्स को उप-कप्तान बनाया गया है। अमेरिका और वेस्टइंडीज के सह-मेजबानी में जून में आयोजित होने टी-20 विश्वकप के मद्देनजर यह श्रृंखला अमेरिकी टीम के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा अमेरिका मई में बंगलादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगा।

मोंटे कार्लो और म्यूनिख में नहीं खेलेंगे एंडी मरे

लंदन। एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पायेंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जायेगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बायें टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पायेंगे। मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना मुड़ा बैठे थे और यह मुकाबला 5-7, 7-5, 7-6 (5) से हार गये थे।

फ्रांस ने पेरिस ओलंपिक के लिए विदेशी सैन्य मदद मांगी

पेरिस। फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है।

पंकज आडवाणी और डेविड कोजियर अंतिम 16 में

मुंबई। भारत के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और इंग्लैंड के डेविड कोजियर ने लगातार तीसरी जीत के साथ शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेंगलुरू के आडवाणी ने मुंबई के रेयान राजमी को ग्रुप ए मुकाबले में 603-418 से हराया। आडवाणी ने 235 के ब्रेक के साथ शुरुआत की और फिर 90 के ब्रेक के साथ जीत दर्ज की। राजमी ने 93 और 124 के ब्रेक बनाए। राजमी भी दो जीत के साथ अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहे। कई विश्व खिताब जीतने वाले इंग्लैंड के कोजियर ने 203, 124, 160, 152, 162, 93 और 70 के ब्रेक के साथ ग्रुप सी मैच में महाराष्ट्र के महेश जगदाले को एकरफा मुकाबले में 1168-418 से हराया।



वेंकटेश अय्यर

कोहली का अर्धशतक बेकार आरसीबी की 7 विकेट से हार

केकेआर के वेंकटेश अय्यर ने 50 और सुनील नारायण ने ताबड़तोड़ 47 रन बनाए

बेंगलुरू, एजेंसी

वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक और सुनील नारायण की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

आरसीबी के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने वेंकटेश (50 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) और नारायण (47 रन, 22 गेंद, पांच छक्के, दो चौके) की तूफानी पारियों से 19 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नारायण और फिल सॉल्ट (30 रन, 20 गेंद, दो छक्के, दो चौके) ने पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 86 रन जोड़कर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई जबकि वेंकटेश ने कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 39 रन, 24 गेंद, दो चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर जीत की राह आसान की। केकेआर इस तरह मौजूदा सत्र में मेजबान टीम को हराने वाली पहली टीम बना। आरसीबी ने इससे पहले कोहली की 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे केकेआर को नारायण और सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सॉल्ट ने सिराज के पहले ओवर में दो छक्कों और एक चौके से शुरुआत की जबकि नारायण ने तीसरे ओवर में अल्जारी जोसेफ पर दो छक्के मारे। नारायण ने छठे ओवर में यश दयाल को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में दो छक्कों और एक चौके से 21 रन जुटाए। केकेआर ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 85 रन बनाए जो मौजूदा सत्र में शुरुआती छह ओवर में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है।

बेंगलोर 182/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली नाबाद	83	59	4/4
फाफ डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित	08	06	0/1
कैमरन ग्रीन बो रसेल	33	21	4/2
ग्लेन मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण	28	19	3/1
रजत पाटीदार का रिंकू बो रसेल	03	04	0/0
अनुज रावत का सॉल्ट बो हर्षित	03	03	0/0
दिनेश कार्तिक रन आउट	20	08	0/3

गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0

कोलकाता 186/3 — 16.5 ओवर, अतिरिक्त : 15

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट का ग्रीन बो विशाख	30	10	2/2
सुनील नारायण बो डागर	47	22	2/5
वेंकटेश अय्यर का कोहली बो दयाल	50	30	3/4
श्रेयस अय्यर नाबाद	39	24	2/2
रिंकू सिंह नाबाद	05	05	0/0

गेंदबाजी : सिराज 3-0-46-0, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-34-0, डागर 2.5-0-23-1, विशाख 4-0-23-1

सिंधू हारीं, सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स के सेमीफाइनल में

मैड्रिड, एजेंसी

भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। पिछले साल इस टूर्नामेंट की उप विजेता रहीं सिंधू ने पहले गेम में कई गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बावजूद उन्हें थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26 21-17 22-20 से हरा दिया।

एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपत्ति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु

कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 14-21 21-11 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की तीसरी वरीय महिला युगल जोड़ी को हालांकि क्वार्टर फाइनल में ली चिया सिन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ 13-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा के खिलाफ आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले दो साल में कुछ रोमांचक मुकाबले खेले गए हैं। सिंधू की शुरुआती धीमी रही और वह जल्द ही 3-7 से पिछड़ गईं। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 14-10 किया लेकिन सुपानिदा ने एक बार फिर लय हासिल की और सिंधू के नेट पर शॉट मारने पर दो गेम प्वाइंट हासिल किए। सिंधू ने लगातार दो स्मैश के साथ बराबरी हासिल की। सिंधू ने इसके बाद गेम प्वाइंट हासिल किया लेकिन नेट पर गलती करके गेम जीतने का मौका गंवा दिया। इसके बाद स्कोर 23-23 और फिर 24-24 हुआ।

अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान आईपीएल से बाहर

बेंगलुरु। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। केकेआर ने मुजीब के हमवतन 16 वर्षीय खिलाड़ी अल्लाह गजनफर को टीम में शमिल किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स ने प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को अपनी टीम में किया शामिल है। अफगानिस्तान के गजनफर ने इसी महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण किया था। हालांकि वह दोनों मैचों में विकेट नहीं मिला।

चिराग-सात्विक ने तोड़ा साइना नेहवाल का रिकॉर्ड

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 10 सप्ताह तक दुनिया की नंबर वन पुरुष युगल जोड़ी रहने के साथ ही एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इससे पहले कोई भी अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष पर इतने अधिक समय तक कायम नहीं रहा है। चिराग-सात्विकसाईराज ने बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर नौ सप्ताह तक बने रहने के साइना नेहवाल के रिकार्ड को तोड़ दिया है।

एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग-सात्विक चाइना मास्टर्स, मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद इस साल 23

जनवरी को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर जगह बनाई।

मार्च में फ्रेंच ओपन जीतकर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शीर्ष पर अपनी जगह और मजबूत कर ली। फिलहाल लीडरबोर्ड पर चिराग और सात्विक के 1,02,303 अंक हैं। वे दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे से 5,000 से अधिक अंक से आगे हैं।

बॉलीवुड हलचल

'बिग बॉस 17' फेम फिरोजा खान यानी खानजादी ने किया चौंकाने वाला खुलासा

मुंबई, एजेंसी। पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 17 काफी चर्चा में रहा है। इस शो के सभी कंटेस्टेंट शो के खत्म होने के बाद भी चर्चा में बने हुए हैं। बिग बॉस हाउस में फिरोजा खान यानी खानजादी ने लोगों काफी पसंद किया था। अभिषेक कुमार के साथ उनकी केमेस्ट्री काफी पसंद की गई। हालांकि खानजादी फिनाले तक पहुंचने से चूक गईं थीं। खानजादी जल्द ही अनुराग डोभाल के साथ एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। वहीं हाल ही में फिरोजा ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। रैपर ने बताया है कि उनका किडनैप हो गया था। खानजादी ने अपनी किडनैपिंग को लेकर और क्या कुछ कहा आइए आपको बताते हैं। खानजादी ने हाल ही में बॉलीवुड बबल को अपना एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी कुछ बताया है। खानज़ादी ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि कैसे वह मुंबई शहर में आने और इंडस्ट्री में एंट्री करने के लिए अड़ी हुई थी। जब उनसे पूछा गया कि शहर ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया और क्या यह वैसा ही था जैसा उसने सोचा था। इसका जवाब देते हुए खानजादी ने कहा कि "मुझे बोला गया था कि बहुत लोग मिलेंगे। भड़काने की कोशिश करेंगे। तो वैसा ही हुआ। मेरा किडनैप हो गया था।"

कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को बताया लकी चार्म

मुंबई, एजेंसी। हाल में ही कपिल शर्मा ने सुनील ग्रोवर की तारीफ में कहा है कि पूरा शो एक तरफ और इनकी (सुनील) फैन फॉलोइंग एक तरफ। इस दौरान कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को खुद का लकी चार्म बताया है। बता दें, कपिल जल्दी ही द ग्रेट इंडियन कपिल शो से वापसी करने वाले हैं। यह शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस शो की यह खासियत है कि सुनील ग्रोवर 7 साल बाद इसमें वापसी कर रहे हैं। उनके और कपिल के बीच सभी मनमुटाव दूर हो गए हैं। कपिल ने शो के प्रमोशनल इवेंट में कहा, 'वह (अर्चना सिंह) हमारी लकी चार्म हैं। हमने 2013 में शो शुरू किया था। उससे पहले मैंने अर्चना जी के साथ कॉमेडी सर्कस में काम किया था। उनकी खासियत यह है कि वो हर तरह से कॉमेडी को समझती हैं। यह उनकी एक कला है। जब वो हमारे सामने बैठती हैं, तो हमें बहुत मजा आता है। इस शो को 11 साल हो गए हैं। मैं इस शो को इतना प्यार देने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करता हूं। इस बार हम और जोश के साथ आ रहे हैं।' इस शो में सुनील ग्रोवर 7 साल बाद वापसी कर रहे हैं। 2017 में कपिल और उनके बीच बहुत कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद से ही दोनों ने साथ काम करना बंद कर दिया था।

सलमान खान के कहने पर कैटरीना कैफ ने साइन की फिल्म न्यूयॉर्क

मुंबई, एजेंसी। कबीर खान की फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना कैफ ने काम किया था। हालांकि शुरुआत में वो इस फिल्म में काम नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने फिल्म का ऑफर रिजेक्ट भी कर दिया था। लेकिन सलमान खान के कहने पर उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी थी। इस बात का खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर कबीर खान ने हालिया इंटरव्यू में किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उस वक्त सलमान और कैटरीना रिश्ते में थे। एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू कबीर खान ने कहा- पहली फिल्म काबुल एक्सप्रेस की शूटिंग के दौरान मेरी मुलाकात सलमान खान से हुई थी। इसी मुलाकात के बदौलत मेरी दूसरी फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना की कास्टिंग हुई। दरअसल, इस फिल्म के लिए कैटरीना पहली पसंद थीं। यह यशराज प्रोडक्शन के साथ उनकी पहली फिल्म होने वाली थी। लेकिन पहली मीटिंग में ही वो कहानी सुनकर निराश हो गई थीं। शायद वो किसी लव स्टोरी वाली फिल्म में काम करना चाहती थीं। उस वक्त वो सलमान खान को डेट कर रही थीं। जब सलमान ने कैटरीना से इस मीटिंग के बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी अच्छी है लेकिन शायद उनके हिसाब की नहीं है। फिर सलमान ने डायरेक्टर का नाम पूछा। जब उन्हें पता चला कि डायरेक्टर मैं हूं तो उन्होंने कहा- आंख बंद करके पिक्चर साइन कर लो। मैं उस लड़के से मिला हूं। उसका काम अच्छा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

...उम्मीद है कि भारत में सभी के अधिकार सुरक्षित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका-जर्मनी के बाद अब यूएन की टिप्पणी

भारत समेत कई अन्य देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं, जिसको देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के एक प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम हो।

महासचिव स्टीफन दुजारिक के प्रवक्ता ने ये टिप्पणी गुरुवार को उस समय की जब वह भारत में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उनसे आगामी आम चुनावों से पहले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी और विपक्षी कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के मद्देनजर भारत में राजनीतिक अशांति पर सवाल किया गया था। डुजारिक ने कहा, 'हमें बहुत उम्मीद है कि भारत में, जैसा कि चुनाव वाले किसी भी देश में होता है, राजनीतिक और नागरिक अधिकारों सहित सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी और हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम होगा।' संयुक्त राष्ट्र की यह प्रतिक्रिया केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जब्त करने पर इसी तरह के सवाल पर अमेरिका द्वारा भी प्रतिक्रिया देने के एक दिन बाद आई है। दरअसल, बुधवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी के विरोध में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब किया गया था। इसके कुछ घंटों बाद, वाशिंगटन ने फिर दोहराया कि यह निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है।

अमेरिकी राजनयिक को दिल्ली में तलब किए जाने पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं। लेकिन निश्चित रूप से हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने अभी यहां से कहा है, कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

जापानः हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत 114 अस्पताल में भर्ती

टोक्यो। जापान में हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत हो गई, जबकि 114 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोबायासी फार्मास्युटिकल ने पिछले हफ्ते अपने प्रोडक्ट को बाजार से वापस लेने की घोषणा की थी।

आरोप है कि कंपनी मामले में देरी की है। इस हेल्थ सप्लीमेंट को खाकर कुछ लोगों में किडनी संबंधी समस्याएं पैदा हो गई हैं। हालांकि, इसके पीछे के कारण का अबतक पता नहीं चल पाया है। कोबायाशी फार्मास्युटिकल वर्षों से बेनिकोजी उत्पाद बेच रही है। पिछले तीन वर्षों में दस लाख पैकेज बेचे गए हैं, लेकिन 2023 में उत्पादित प्रोडक्ट के साथ यह समस्या सामने आई है। जापान स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि और मौतें हो सकतीं हैं।

गिफ्ट किए शेयर की वैल्यू देने वाले की आय में जुड़ेगी

बदलते समय के साथ लोगों का निवेश का तरीका बदला है। लोग अब ज्यादा रिटर्न पाने के लिए शेयर बाजार का रुख कर रहे हैं। बढ़ी जागरुकता का ही असर है कि लोग अब गिफ्ट में अपने प्रिय जनों को शेयर भी देने लग गए हैं। संभव है कि आपने भी अपने पार्टनर या परिवार के किसी सदस्य को गिफ्ट में शेयर दिया हो, या फिर ऐसा करने की तैयारी कर रहे हों। तो आइए जानते हैं कि गिफ्ट में शेयर देने के मामले में टैक्स के नियम किस तरह से लागू होते हैं...

म्यूचुअल फंड गिफ्ट

म्यूचुअल फंड्स गिफ्ट में देना मुश्किल है। पर आप म्यूचुअल फंड्स की यूनिट खरीदने के लिए पैसा नाबालिग के खाते में ट्रांसफर कर सकते हैं। बता दें, इस तरह जब बच्चे 18 साल के हो जाते हैं तो प्रत्येक बच्चे को निधि का अपना हिस्सा प्राप्त होता है। इसकी खास बात है कि आप किसी भी समय अपने निवेश के विकल्प को बदल सकते हैं।

50 हजार तक के गिफ्ट पर टैक्स नहीं

शेयर गिफ्ट में मिलने पर अपने ब्रोकर के पास फॉर्म भरकर परिवार के सदस्य या दोस्त समेत किसी को भी शेयर गिफ्ट कर सकते हैं। यदि गिफ्ट जीवनसाथी, बहू या नाबालिग को दिया जाता है, तो उन शेयरों से हुई आय गिफ्ट करने वाले की इनकम में जुड़ेगी। यदि गिफ्ट किसी रिश्तेदार से मिला है, तो इस पर कोई टैक्स नहीं लगता है। लेकिन यदि शेयर या ईटीएफ किसी गैर- रिश्तेदार से गिफ्ट में मिले है और एक वित्त वर्ष में इसकी मार्केट वैल्यू 50 हजार रुपये से ज्यादा है, तो गिफ्ट का पूरा मूल्य टैक्सेबल होगा।

- एफडी गिफ्ट में मिलने पर एफडी किसी को भी गिफ्ट में दी जा सकती है। लेकिन नाबालिग सीधे तौर पर इसके मालिक नहीं हो सकते। नाबालिग के अभिभावक उसके वयस्क होने तक एफडी मैनेज करते हैं। इस मामले में रिश्तेदारों में गिफ्ट देने वाले व्यक्ति के जीवनसाथी, भाई-बहन, जीवनसाथी के भाई- बहन, माता-पिता के भाई-बहन शामिल हैं। यदि आप अपने एफडी अकाउंट से रिश्तेदार के नाम पर पैसा ट्रांसफर करते हैं, तो इस पर देने वाले और पाने वाले पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। लेकिन एफडी से प्राप्त व्याज गिफ्ट देने वाले की टैक्सेबल इनकम में टैक्स लगेगा।

इस तरह से होगा कैलकुलेशन

टैक्स होल्डिंग समय के हिसाब से लगता है। अगर लिस्टेड शेयर को खरीद तारीख से 12 महीने से कम रखकर बेचा गया है तो मुनाफे पर 15 फीसदी की दर से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स (एसटीसीजी) देना पड़ेगा। 12 महीने के बाद बेचने पर मुनाफे को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाएगा। एक लाख रुपये से ज्यादा के मुनाफा पर 10 फीसदी टैक्स लगेगा। दोनों मामलों में सेस और सरचार्ज भी देना होगा। अनलिस्टेड शेयर के मामले में 24 महीने से कम में बेचने पर मुनाफे को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन, जबकि 24 महीने रखकर बेचने पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाता है।

एक नजर

न्यूजक्लिक मामलाः दिल्ली पुलिस आज दाखिल करेगी आरोपपत्र

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस न्यूजक्लिक के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में आज अरोपपत्र दाखिल कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया है कि,न्यूजक्लिक पर चीन समर्थक प्रचार सामग्री को प्रसारित करने का आरोप है। बता दें, दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पिछले साल इस मामले में आईपीसी के तहत कई मामले दर्ज किए थे। पुलिस ने तीन अक्टूबर, 2023 को न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। पुलिस के एक सूत्र ने बताया, आरोपपत्र तैयार हो गया है और शनिवार को दाखिल किया जा सकता है। दिल्ली पुलिस ने दिसंबर में तीन माह को और समय मांगा था।

आत्मघाती हमले की जांच के लिए चीनी टीम पहुंची पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी में हाल ही में हुए आत्मघाती हमले की जाचं के लिए चीनी टीम शुक्रवार को पाकिस्तान पहुंच गई है। पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को विस्फोट से पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। शुक्रवार को गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने चीनी दूतावास में जांचकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें अब तक की जांच के बारे में जानकारी दी। चीन के जांचकर्ताओं की यह यात्रा पाकिस्तान के अधिकारियों द्वारा हमले की अपनी जांच के प्रारंभिक निष्कर्षों को चीनी दूतावास के साथ साझा करने के दो दिन बाद हो रही है।

बीएसएफ ने अमृतसर से पाकिस्तानी ड्रोन और हेरोइन बरामद की

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले में एक पाकिस्तनी ड्रोन और एक किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को सतर्क बीएसएफ के सैनिकों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। खोज के दौरान, उन्होंने अमृतसर जिले के डौके गांव के पास एक खेत से एक छोटे क्वाडकॉप्टर ड्रोन (डीजेआई माविक 3) को बरामद कर लिया। कार्रवाई के दौरान वहीं एक अन्य घटना में एक पैकेट (कुल वजन - 1.140 किलोग्राम) हेरोइन बरामद की है।

रूस का यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र पर 99 ड्रोन व मिसाइलों से हमला

कीव। रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र पर बड़े पैमाने पर किए गए हमले में 99 ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल किया। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कहा कि देशभर में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है, 10 अलग-अलग क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। 60 शहीद ड्रोन और विभिन्न प्रकार के 39 मिसाइल से देशभर में हमले किये गए, जिनमें से 58 ड्रोन और 26 मिसाइल को मार गिराया गया। यूक्रेन के सरकारी ग्रिड संचालक ने कहा ऊर्जा संयत्रों सहित बुनियादी ढांचे को जानबूझ कर निशाना बनाया गया।

अप्रशिक्षित हाथों में एआई नहीं आना चाहिए, इसके दुरुपयोग का खतरा

पीएम मोदी और बिल गेट्स की बातचीत का वीडियो रिलीज, कई मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर स्वास्थ्य, क्लाइमेट और रीसाइक्लिंग समेत कई मुद्दों पर बेहद खास चर्चा की। पीएम मोदी और बिल गेट्स की इस चर्चा का एक वीडियो शुक्रवार को रिलीज किया गया है। इस वीडियो में पीएम मोदी ने भारत में टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और रीसाइक्लिंग को लेकर दिल खोलकर बात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स को अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगाह किया कि अकुशल, अप्रशिक्षित हाथों में एआई जैसी शक्तिशाली तकनीक नहीं आनी चाहिए। इसके एआई का गलत इस्तेमाल हो सकता है। पीएम मोदी ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत ने अपने नागरिकों के लाभ के लिए टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। जीवन में सुधार के लिए डिजिटल की शक्ति को अपनाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश चौथी औद्योगिक क्रांति में उल्लेखनीय प्रगति करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत पवन और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भारत परमाणु ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। बिल गेट्स के साथ बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने जो जैकेट पहनी है, वह रिसाइकिल सामग्री से बनी है। इसकी खासियत यह है कि इसमें कपड़े के छोटे-छोटे टुकड़ों और रिसाइकिल प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास पर चर्चा करते माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

बिल गेट्स ने की विकसित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रशंसा

बिल गेट्स ने भारत में विकसित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और इसके व्यापक इस्तेमाल की प्रशंसा भी है। नमो एप पर एक सेल्फी के सहारे प्रधानमंत्री के साथ खींचे गए सभी फोटो को देखकर गेट्स आश्चर्यचकित भी थे। एआई के बेहतर इस्तेमाल का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के दौरान इसका इस्तेमाल कर विदेशी मेहमानों और स्थानीय ड्राइवरों के बीच सुचारू संवाद सुनिश्चित किया गया था। इसी तरह से उन्होंने काशी तमिल संगम में एआई के सहारे अपने भाषण को रियल टाइम में तमिल में अनुवाद के बारे में बताया।

भारत की परमाणु घड़ी तय करेगी कंप्यूटर स्मार्टफोन पर समय

बेंगलुरु। भारत अपने समय में कोई बदलाव किए बिना घरेलू कंप्यूटरों और स्मार्टफोन को देसी रूबिडियम परमाणु घड़ी के साथ जोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह घड़ी हमारे कंप्यूटर और स्मार्टफोन पर समय निर्धारित करेगी। इसके साथ ही, भारत ऐसा करने वाले चार अन्य देशों के विशिष्ठ क्लब में शामिल हो जाएगा।

वर्तमान में इंटरनेट पर भारतीय सिस्टम अमेरिका स्थित नेटवर्क टाइम प्रोटोकॉल से जुड़े होते हैं। यही पूरे कंप्यूटर नेटवर्क पर समय को निर्धारित करता है। इस परमाणु घड़ी को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विकसित किया है। इसका पहली बार इस्तेमाल भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (आईआरएनएसएस) या नाविक में किया गया था। कारगिल युद्ध के दौरान अमेरिका ने जब भारत में जीपीएस पहुंच देने से इनकार किया था, उसके बाद रूबिडियम परमाणु घड़ी को बनाया गया था। 2013 से 2023 के बीच लॉन्च नौ नाविक उपग्रह में आयातित परमाणु घड़ी का इस्तेमाल किया गया था। स्वदेश निर्मित घड़ी का इस्तेमाल पहली बार मई, 2023 में 10वें और नवीनतम संस्करण में किया गया था।

भारतीय नौसेना ने ईरानी पोत को समुद्री लुटेरों से छुड़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- 12 घंटे तक चले ऑपरेशन में 23 पाकिस्तानियों को सुरक्षित बचाया

अरब सागर में ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज अल-कंबार पर संदिग्ध समुद्री लुटेरों के हमले को भारतीय नौसेना ने विफल कर दिया है। शुक्रवार को नौ हथियारबंद लुटेरों ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया है।

सूचना के बाद भारतीय नौसेना ने अरब सागर में युद्धपोत तैनात किया। 12 घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमेधा ने शुक्रवार को बंधक बनाए गए ईरानी पोत से 23 पाकिस्तानी नागरिकों को समुद्री लुटेरों से छुड़ाया लिया। नौसेन ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि शुक्रवार शाम को उनकी टीम को हिंद महासागर में अदन की खाड़ी के पास जहाज के हाईजैक होने की सूचना मिली थी। जहाज में सोमालिया के 9 समुद्री लुटेरे मौजूद थे। सूचना के बाद नेवी की टीम ने 12 घंटे तक ऑपरेशन चलाया और लुटेरों को सरेंडर करने के लिए मजबूर किया। फिलहाल भारतीय नौसेना जहाज की जांच कर रही है। इसके बाद इसे सुरक्षित जगह ले जाया जाएगा। बता दें, बीते महीनों में भारतीय नौसेना ने लाल सागर में कई जहाजों को सफलतापूर्वक बचाया है।

इजराइल ने सीरिया-लेबनान में किए हमले, 44 की मौत

यरुशलम। गाजा युद्ध के साढ़े पांच महीनों के युद्ध के दौरान शुक्रवार को इजराइल ने सीरिया और लेबनान में सबसे बड़े हवाई हमले किए। सीरिया की राजधानी दमिश्क और अलेप्पो प्रांत में किए हवाई हमलों में 44 लोग मारे गए हैं, जिनमें 36 सैन्यकर्मी हैं। जबकि लेबनान के बाजौरिया इलाके में लेबनानी हिजबुल्लाह का वरिष्ठ कमांडर मारा गया। रूस ने सीरिया पर इजराइली हमलों की निंदा की है और इसे सीरिया की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। कहा कि इस तरह के हमलों का खतरनाक दुष्परिणाम हो सकता है। इजराइली सेना ने कहा है कि हिजबुल्लाह की राकेट और मिसाइल यूनिट का उप प्रमुख अली आबेद अख्सान हवाई हमले में मारा गया है।

हिमस्खलन की चेतावनी...

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने घाटी के चार जिलों के ऊपरी हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान हिमस्खलन होने की चेतावनी जारी की है। कश्मीर के कुपवाड़ा, बंदीपोरा, गांदरबल और बारामूला की 2400 मीटर से ऊंची चोटियों पर हिमस्खलन होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को हिमस्खलन-संभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गई है। घाटी में कुछ ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। इसे देखते हुए की चेतावनी जारी की है। ● एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका में श्रद्धालुओं से भरी बस खाई में गिरी, 45 की मौत

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका में गुरुवार को ईस्टर उत्सव के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस एक पहाड़ी दर्रे पर बने पुल से नीचे गिर गई और उसमें आग लग गई जिससे कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई। उत्तरी लिम्पोपो प्रांत के प्राधिकारियों ने बताया कि हादसे में केवल आठ साल का एक बच्चा जीवित बचा है जिसका उपचार किया जा रहा है। उसे गंभीर चोट आई है। लिम्पोपो प्रांतीय सरकार ने बताया कि तलाश अभियान जारी है लेकिन कई शव इतने बुरी तरह जल गए हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल हो गया है और वे अभी बस में ही फंसे हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि उनका मानना है कि बस पड़ोसी देश बोत्सवाना से मोरिया शहर जा रही थी जो मशहूर ईस्टर तीर्थस्थल है।

लोगों की आकांक्षाएं दल से नहीं देश के बढ़ते कद से जुड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजनाथ बोले- आज लोगों को एहसास हो रहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बढ़ा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटों का लक्ष्य हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों की आकांक्षाएं अब किसी पार्टी या व्यक्ति से नहीं बल्कि देश के बढ़ते कद से जुड़ी हैं।

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री बोले, आगामी चुनावों में राजग बिहार में जीतेगा और महाराष्ट्र में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। आम चुनावों में 400 सीटें जीत वाले अंकगणित पर उन्होंने कहा- आज लोगों को एहसास हो रहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बढ़ा है। आज जब भारत वैश्विक मंचों पर बोलता है तो लोग सुनते हैं। यह बदलाव आया है और मैं इसका श्रेय हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूंगा। उन्होंने कहा सरकार की नीतियां अब जमीन पर दिखने लगी है। राजनाथ बोले इस बार के आम चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन दक्षिणी राज्यों में 2019 बेहतर आशावादी प्रदर्शन करेगा।

जम्मू में गहरी खाई में गिरी एसयूवी कार, 10 की मौत

बनिहाल/जम्मू। जम्मू संभाग के जिले रामबन में शुक्रवार को एक एसयूवी फिसलकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन श्रीनगर से जम्मू की ओर आ रहा था। देर रात करीब सवा एक बजे जिले के बैटरी चश्मा इलाके में एसयूवी 300 फुट गहरी खाई में गिर गई।

अधिकारियों ने बताया कि दस लोगों की मौत हो गई है। पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान मौके पर हैं। भारी बारिश के बीच 10 यात्रियों के शव देखे गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में कार चालक जम्मू के अंब घरोटा के बलवान सिंह (47), बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपीन मुखिया भैरगंग और संदीप (47) उत्तर प्रदेश के महाराजगंज शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

विज्ञान एरीज के डॉ. सुवेन्दु रक्षित समेत दुनिया कई वैज्ञानिकों की बड़ी सामूहिक खोज

सूपर मैसिव ब्लैकहोल की हिचकियों का खुलासा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : पृथ्वी से लगभग 80 करोड़ प्रकाश-वर्ष दूर खगोलविदों ने सूपर मैसिव ब्लैकहोल के हिचकी लेते रहस्य का पर्दाफाश किया है। यह खोज ब्लैकहोलों में अब तक अनदेखे व्यवहार पर प्रकाश डालती है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोलविद डा सुवेन्दु रक्षित का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डॉ. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि आकाशगंगा के केंद्र में महाविशाल ब्लैकहोल में हिचकियों के समान व्यवहार देखा गया था। यह हिचकियां हर 8.5 दिनों के अन्तराल में गैस उत्सर्जन के आवधिक विस्फोट के रूप में प्रकट होती देखी गई। 2020 से यह आकाशगंगा बेहद शांत थी। बाद में अप्रत्याशित बदलाव ने इस रहस्य से पर्दा हटाने के लिए विज्ञानियों को मजबूर किया। यह खोज पारंपरिक समझ को चुनौती देती है। खोज के मुख्य विज्ञानी कावली इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस रिसर्च के डॉ. धीरज पाशम के अनुसार ब्लैक होल के बारे में हमारी जानकारी आज भी पूरी नही है। यह घटना एक तारे के महाविशाल ब्लैक होल के करीब आने से हुई।

जिसमें प्रचंड गुरुत्वाकर्षण ने तारे के टुकड़े कर दिए। यह ज्वारीय व्यवधान घटना होती है। जिसमें ब्लैक होल की डिस्क को उज्ज्वल कर दिया। इस घटना में चार महीनों तक महाविशाल ब्लैक होल तारे के मलबे को खाता रहा। यह खोज ऑटोमेटेड सर्वे फॉर सुपरनोवा (असास-एसएन) रोबोटिक दूरबीनों के नेटवर्क के अलावा नासा के न्यूट्रॉन स्टार इंटीरियर कंपोज़िशन एक्सप्लोरर (नाइसर) दूरबीन की मदद से हुई।

हिचकियां लेते सूपर मैसिव ब्लैकहोल की तस्वीर।

कई तारे मौजूद हैं इसके चारों ओर

डॉ. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि इस खोज से पता चलता है कि इसकी डिस्क में ब्लैक होल समेत तारे भी शामिल हैं। एक छोटा ब्लैक होल केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैक होल की परिक्रमा कर रहा है, जो समय-समय पर सूपरमैसिव ब्लैक होल की गैस की डिस्क को बाधित करता है। जिस कारण एक गैस का गुबार उत्पन्न होता है।

29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, 52 दिन चलेगी

- बीआरओ ने दी जानकारी, पहली बार गुफा तक मोटर रोड़, 5जी नेटवर्क जैसी सुविधा मिलेगी

श्रीनगर, एजेंसी

पवित्र अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है, जो 52 दिन (19 अगस्त) चलेगी। पिछली बार 1 जुलाई से 60 दिन तक चली थी। इस बार बर्फबारी देर से हुई और अब तक जारी है। गुफा क्षेत्र में 10 फीट से ज्यादा बर्फ है। यात्रा के दोनों मार्ग पहलगाम और बालटाल से गुफा तक 2 से 10 फीट बर्फ में दबे हैं।

इसलिए इसके जून तक पिघलने के आसार कम हैं। ऐसे में सैनिक मार्ग को हर मौसम के हिसाब से तैयार कर रहे हैं। पहली बार दोनों मार्ग पूरी तरह 5जी फाइबर नेटवर्क से लैस होंगे। बर्फ पिघलते ही 10 मोबाइल टावर लगेंगे। 24 घंटे बिजली के लिए ज्यादातर खंभे लग चुके हैं। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने रिपोर्ट जारी कर बताया है कि, बालटाल से गुफा तक का 14 किमी मार्ग 7 से 12 फीट तक चौड़ा हो गया है। ये मोटरेबल रोड है। हालांकि अभी सिर्फ बीआरओ सेना की गाड़ियों को ही अनुमति है। इमरजेंसी में इसी का इस्तेमाल होगा। पिछली बार दोनों मार्गों पर करीब 60 हजार जवान तैनात थे। बीआरओ के अनुसार, इस बार लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में तैनात होने वाली अर्द्धसैनिक बलों की सभी 635 कंपनियों को वोटिंग के बाद यात्रा में तैनात किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप की ज्यादा से ज्यादा व्यवस्था की योजना बना रहे हैं। पहले पहलगाम से गुफा तक 46 किमी लंबा मार्ग 3 से 4 फीट तो बालटाल वाला रूट 2 फीट ही चौड़ा था। अब इसे 14 फीट तक चौड़ा किया गया है। बर्फ हटाने के बाद रूट दुरुस्त किया जाएगा। पिछले बार 4.50 लाख श्रद्धालु आए थे। इस बार आंकड़ा 6 लाख तक जा सकता है। यात्रा कम दिनों की है और भीड़ ज्यादा रहेगी, इसलिए इंतजाम भी ज्यादा किए जा रहे हैं। यात्रा के रजिस्ट्रेशन मई से शुरू होंगे। पूरे 52 दिन यात्रा का लाइव टेलीकास्ट होगा, इसलिए फाइबर लाइन डाल रहे हैं, ताकि कनेक्टिविटी न बिगड़े।

विदेशी राजदूत के आदेश पर काम करते थे पूर्व राष्ट्रपतिः मुइज्जू

माले। मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को अपने ही देश में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सैन्य ड्रोन की खरीद मामले में मुइज्जू को विपक्षी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति सोलिह ने उन्हें सलाह दी थी कि उन्हें अपनी जिद छोड़कर भारत जैसे पड़ोसियों से संबंधों को बेहतर बनाना चाहिए।

पलटवार करते हुए मुइज्जू ने कहा है कि उनके पूर्ववर्ती राष्ट्राध्यक्ष 'एक विदेशी राजदूत' के आदेश पर काम करते थे। मुइज्जू ने इब्राहिम सोलिह पर आरोप लगाने के बाद किसी देश का नाम नहीं लिया। उन्होंने यह टिप्पणी पब्लिक सर्विस मीडिया (पीएसएम) के साथ इंटरव्यू के दौरान की है। बता दें कि संसदीय चुनावों से पहले मुख्य विपक्षी-मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने अगल-अलग मुद्दों पर मुइज्जू पर हमले तेज कर दिए हैं।